वो 9 चीजें, जो मॉक ड्रिल में शामिल हैं...

दैनिक भास्कर

सुविचार
युद्ध की तैयारी शांति की ढाल है। इसका उपयोग विवेक से करना ही सच्ची जीत है।

एयर रेड सायरन
पूरे देश में एक साथ एयर रेड अलर्ट सिस्टम की जांच होगी।

एग्जिट प्लान
जिलों में निकासी मार्गों की रिहर्सल और बंकरों की साफ-सफाई।

ब्लैकआउट
अचानक बिजली कटौती, प्रकाश नियंत्रण का अभ्यास होगा।

फायर रेस्क्यू
फायर फाइटिंग और बचाव इकाइयों की तैनाती व परीक्षण होगा।

सिविल ट्रेनिंग
आम लोगों, खासकर छात्रों को सिविल डिफेंस में ट्रेंड करेंगे।

मेडिकल किट
प्राथमिक चिकित्सा, टॉर्च, मोमबत्तियां, नकद आदि तैयार रखें।

हॉटलाइन टेस्ट
हॉट लाइंस और रेडियो कनेक्शन से एयर फोर्स को जोड़े रखने की ड्रिल।

शैडो कंट्रोल रूम
बैकअप या सहायक नियंत्रण केंद्र की क्षमता भी जांची जाएगी।

सेंसेटिव प्लांट
पावर प्लांट, मेट्रो, टावर्स और सैन्य अड्डों को कवर किया जाएगा।

dainikbhaskar.com | नई दिल्ली, बुधवार 7 मई, 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष-दशमी, 2082 | कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹ 6.00 | वर्ष 18, अंक 291 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सबसे बड़ी मॉक ड्रिल; आज सायरन बजेंगे, अचानक लाइटें बंद होंगी, पर घबराएं नहीं... वॉलंटियर्स दिखाएंगे कि ऐसी स्थिति में क्या करें?

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

अगर आज आपके शहर में अचानक सायरन गूंजे, बिजली गुल हो जाए या कोई आपात संकेत मिले तो घबराएं नहीं। यह किसी युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि देश में 54 साल बाद पहली बार सबसे बड़ी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का हिस्सा है। इसके तहत सिविल डिफेंस के वॉलंटियर्स भीड़भाड़ वाले इलाकों में डेमो देंगे कि ऐसी स्थिति में आम लोगों को क्या करना चाहिए? इसमें लोगों को खुद शामिल नहीं होना है, यह सिर्फ इसलिए है, ताकि लोग वॉलंटियर्स से सीख सकें कि ऐसी स्थिति से कैसे निपटें?

गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह अभ्यास देश के 33 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों के 259 जिलों में बुधवार को अलग-अलग समय पर होगा। इनमें कई सीमावर्ती इलाके भी हैं। यह अभूतपूर्व अभ्यास 1971 युद्ध के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसका उद्देश्य है- भारत-पाक तनाव और पहलगाम आतंकी हमले के बाद नागरिकों और प्रशासन को संभावित युद्ध जैसे हालात से निपटने के लिए तैयार करना। मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई। **उधर,** भारतीय वायुसेना बुधवार से पाकिस्तान सीमा के पास दो दिवसीय बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू करेगी। अभ्यास के लिए संबंधित एयरस्पेस में सामान्य उड़ानों पर असर पड़ेगा।

भास्कर एक्सप्लेनर

केंद्र की एडवाइजरी... सायरन की आवाज सुनकर शांत रहें, सोशल मीडिया की खबरों पर भरोसा न करें, बच्चों को ड्रिल के बारे में बताएं

क्या है मॉक ड्रिल? इसे अभी कराने के पीछे क्या मकसद है?

सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एक नियोजित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों जैसे हमले, हड़ताल, युद्ध या प्राकृतिक आपदाओं के लिए तैयार करना होता है। इसका उद्देश्य यह समझना होता है कि अलग-अलग विभागों में तालमेल कितना अच्छा है और आम जनता इन हालातों से कैसे निपटती है।

आम लोग क्या करें? केंद्र की एडवाइजरी में क्या निर्देश हैं?

- आम लोग स्थानीय प्रशासन, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, पुलिस का सहयोग करें।
- बच्चों को ड्रिल, सायरन और ब्लैकआउट की प्रक्रिया के बारे में पहले से बताएं।
- बुजुर्गों व विशेष जरूरत वाले लोगों की सहायता करें। सुरक्षित जगह ले जाएं।
- सोशल मीडिया या अन्य स्रोतों की अपुष्ट खबरों पर बिल्कुल भरोसा न करें।
- सायरन की आवाज सुनकर शांत रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।
- 'क्रैश ब्लैकआउट' में सभी लाइटें बंद कर दें। खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को काले कपड़े या अन्य सामग्री से ढकें, ताकि कोई रोशनी बाहर न जाए। वाहनों की लाइट भी बंद करें। ये एक्सरसाइज हवाई हमले से बचने की ट्रेनिंग के तहत है।

प्रक्रिया क्या है? योजना कैसे बनती है, कितने लोग कराएंगे?

जिला मजिस्ट्रेट व स्थानीय प्रशासन मॉक ड्रिल की योजना बनाते हैं। इसमें पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य सेवाएं, सिविल डिफेंस स्वयंसेवक और छात्र शामिल होते हैं। भारतीय वायु सेना नोडल एजेंसी की भूमिका में होगी। एनसीसी, एनएसएस, होम गार्ड और नेहरू युवा केंद्र के करीब 40,000 कार्यकर्ता इन जिलों में तैनात होंगे।

किस समय होगी? क्या हर राज्य अपने हिसाब से तय करेगा?

गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में मॉक ड्रिल का समय स्पष्ट नहीं है। मंत्रालय ने इसे राज्यों और जिलों के विवेक पर छोड़ा है। यानी सटीक समय अलग-अलग राज्यों या जिलों में अलग हो सकता है, और राज्यों के सिविल डिफेंस निदेशालय तय करेंगे।

क्या स्कूल बंद होंगे? दफ्तरों को लेकर क्या कोई निर्देश हैं?

7 मई को देशभर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल होगी। मगर इस दौरान स्कूल या सरकारी दफ्तर बंद रखने का कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। जो स्कूल इस प्रक्रिया में शामिल होंगे, वहां छात्रों को सिविल डिफेंस ट्रेनिंग दी जाएगी।

कहां-कहां कराएंगे? जिलों की कितनी श्रेणियों में बांटा, इनमें सबसे संवेदनशील कौन-से हैं?

देश के 259 सिविल डिफेंस जिलों में मॉक ड्रिल होगी। इन्हें 3 श्रेणियों में बांटा गया है। पहली में सबसे संवेदनशील 13 जिले हैं। दूसरी में 201 कम संवेदनशील जिले हैं। तीसरी में सबसे कम संवेदनशील 45 जिले हैं। इनमें मप्र के 5 (भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी) और राजस्थान के 17 (जयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, अलवर, उदयपुर आदि) जिले हैं।

QR कोड स्कैन कर सरकार द्वारा जारी वीडियो के जरिए समझिए कि देशभर में मॉक ड्रिल के पीछे क्या संदेश है?

पीएम मोदी की दो टूक

'बड़े फैसले लेने से पहले हम ये नहीं सोचते दुनिया क्या सोचेगी'

नई दिल्ली | पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा, 'पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। भारत के हक में रुकेगा। और भारत के ही काम आएगा। अब भारत का पानी देश के हित में ही बहेगा, बाहर नहीं जाएगा।' उन्होंने दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान ये बातें कहीं। यह बयान ऐसे समय आया है जब सरकार ने सिंधु जल संधि को रोकने का फैसला लिया है। पीएम ने कहा, अब देश में बड़े फैसले लेने से पहले यह नहीं सोचा जाता कि दुनिया क्या कहेगी या वोट मिलेंगे या नहीं। अब फैसले सिर्फ देशहित को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं। पिछले 10 सालों में सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जो पहले राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण अटके हुए थे। देश 'नेशन फर्स्ट' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है।

उधर, भारत ने चिनाब में पानी छोड़ा, पाक में 15 बहे

इस्लामाबाद | भारत ने 24 घंटे तक चिनाब नदी में पानी का बहाव रोकने के बाद अचानक बड़ी मात्रा में पानी छोड़ दिया। इससे पाक के हेड मराला पर जलस्तर तेजी से बढ़ गया। कुछ घंटे पहले तक यह नदी लगभग सूख चुकी थी और लोग इसे पैदल पार कर रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पानी की तेज लहर में कम से कम 15 लोग बह गए। इस वजह से पाकिस्तान में बाढ़ का भी खतरा बढ़ गया है।

नि:संतानता
एवं टेस्ट ट्यूब बेबी ईलाज

INDIRA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE

मातृत्व एक सुखद अहसास
IVF से जगी नयी आस
अधिक उम्र में माँ बनना हो रहा है संभव
आधुनिक तकनीकों जैसे आईवीएफ द्वारा अब 40 या उससे अधिक उम्र एवं मासिक धर्म बंद होने पर भी डोनर सर्विसेज़ के माध्यम से माँ बनना संभव हो पा रहा है।
नि:शुल्क परामर्श
8867741100
परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
• कम शुक्राणु • निल शुक्राणु
• धीमी गतिशीलता • खराब गुणवत्ता
• बंद फेलोपियन ट्यूब • अण्डों में खराबी
• गर्भाशय में रसोली /PCOS • अनियमित पिरियड
• एडिनोमायोसिस • एन्डोमेट्रियोसिस
उपलब्ध सेवा – फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज़
इन्दिरा आई.वी.एफ. हॉस्पीटल लिमिटेड
हिसार: S.J. टॉवर, सेक्टर-13, कम्युनिटी सेन्टर के पास, लेण्डमार्क ईजी-डे, तोशम रोड, हिसार । रोहतक : राज कॉम्पलेक्स, राज मोटर्स के पास, लिबटी सिनेमा के सामने, डी-पार्क दिल्ली रोड, रोहतक । करनाल : दयाल टॉवर, चार चमन, कुंजपुरा रोड, करनाल । फरीदाबाद : एनएचएस हुडा मार्केट, सेक्टर 17, काया क्लिनिक के पास, फरीदाबाद । गुरुग्राम : पिज्जा हट के पास, सेक्टर-14 कॉमर्शियल मार्केट, पुरानी दिल्ली रोड, गुरुग्राम । बिलासपुर: सिंगला अस्पताल, वीणा नर्सिंग होम, सिंगला टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर मुख्य बाजार बिलासपुर जिला, यमुनानगर
• Services in 160+ locations • Treatment protocol as per patients need • Experienced team of 330+ Fertility Doctors
'बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' अभियान में सहयोग करें। भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना जघन्य अपराध है यह कार्य हमारे यहां नहीं किया जाता है।
Disclaimer : The models used in the creative is just for illustration purpose only.
For awareness only. Please take expert advise before availing any treatment

CHANDIGARH GROUP OF COLLEGES
Building Careers. Transforming Lives.
Jhanjeri, Mohali
NAAC GRADE A+ | nirf

CGC Jhanjeri's Engineering Student Secures
₹1 Package worth CRORE

Suraj Yadav
B.Tech CSE (2021-25)

We have a Course for Every Dream, A Path for Every Goal!
• Engineering • Paramedical Science • Law
• Business Management • Pharmacy • Fashion Design
• Journalism & Mass Comm. • Computer Applications • Commerce

ANMOL BHATHEJA
B.Tech. CSE
45.5 LPA
amazon

SIMRAN SAINI
B.Tech. CSE
40 LPA
AUTODESK.

OMM KUMAR
B.Tech. CSE
44 LPA
servicenow.

SHREYA RAJ
B.Tech. AI & ML
30 LPA
Mu Sigma DO THE MATH

AVAIL UPTO 100% SCHOLARSHIP
CGC UET One Exam, Endless Possibilities
₹25 CRORE
ADMISSIONS OPEN 2025-26
APPLY NOW
Chandigarh-Sirhind Road, Jhanjeri, Mohali-140307, Punjab
www.cgc.ac.in | 905 671 0812

हरियाणा सरकार | हर घर जल जल जीवन मिशन | अमृत 2.0 Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation | PHED Haryana | वासो हरियाणा Water & Sanitation Support Organization

“विश्व जल दिवस पर, हम अपने जीवन में जल के महत्व का जश्न मनाते हैं तथा इस बहुमूल्य संसाधन की रक्षा करने तथा स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।”

- नरेन्द्र मोदी

जल संरक्षण: संकल्प भी, कर्तव्य भी

आइये! हरियाणा को ‘जल संपन्न’ राज्य बनाने में अपना कर्तव्य निभाएं



जल समृद्धि की राह में लिए गए कुछ खास कदम

जल जीवन मिशन
ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर 'नल से जल' उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध

अमृत 2.0
शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति, सीवरेज प्रबंधन, हरित स्थानों व जलाशयों का कायाकल्प

नल जल मित्र
ग्रामीण इलाकों में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से मिलेंगे रोजगार के अवसर

महाग्राम योजना
महाग्राम गांवों में शहरों की तर्ज पर जलापूर्ति व सीवरेज की सुविधा प्रदान करना

छोटे-छोटे कदम उठाएं पानी को व्यर्थ बहने से बचाएं

लीकेज ठीक करें | पानी का पुन: उपयोग करें | बाल्टी का उपयोग करें | जल का संग्रहण करें

टूंटी लगवाएं | व्यर्थ जल ना बहाएं | वर्षा जल का संचयन करें

संबंधित शिकायतों के पंजीकरण एवं निवारण हेतु टोल फ्री नं.

1800 180 5678

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा

/PHEDHRY

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
क्विज - 10
आज अखबार में सोने के कितने सिक्के छपे हैं ?
A:8 | B:2 | C:7
क्विज 08 का सही जवाब C है।
विजेताओं के नाम अंदर के पेज पर देखें।
आज के सवाल का जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
नई दिल्ली, बुधवार 7 मई, 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष-दशमी, 2082
12 राज्य | 61 संस्करण

आज का दिन
गुरुदेव टैगोर की 164वीं जयंती
1861. रवीन्द्रनाथ टैगोर का आज ही के दिन जन्म हुआ था। राष्ट्रगान 'जन गण मन' व बांग्लादेश का राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' उनकी ही रचनाएं हैं।

बड़ा कदम • न्यायपालिका में पारदर्शिता के लिए ऐतिहासिक पहल; शीर्ष कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया भी वेबसाइट पर जारी की

पहली बार सुप्रीम कोर्ट के जजों की संपत्ति सार्वजनिक, एक जज ने 120 करोड़ का निवेश किया, 91 करोड़ आयकर चुकाया; एक ने पत्नी को 42 लाख लोन दिया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पारदर्शिता के लिए बड़ा कदम उठाते हुए अपने जजों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर दिया। 1 अप्रैल 2025 को हुई फुल कोर्ट बैठक में यह फैसला हुआ था। शीर्ष कोर्ट में सीजेआई संजीव खन्ना सहित 33 जज हैं, इनमें 21 की संपत्ति का विवरण अपलोड है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, बाकी जजों का विवरण मिलने पर अपडेट होगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जजों की संपत्ति का विवरण देखा जा सकता है। वेबसाइट पर जारी संपत्ति के ब्योरे में कई रोचक बातें सामने आई हैं। जैसे- जस्टिस संदीप मेहता ने पत्नी को 42 लाख रु. लोन दिया है, जस्टिस केवी विश्वनाथन ने 120 करोड़ का निवेश किया है। साथ ही 2009 से अब तक 91 करोड़ रु. का आयकर चुकाया है। वहीं, जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने 31 करोड़ आयकर चुकाया। उनके खाते में अन्य जजों की तुलना में सबसे अधिक 35.49 करोड़ रु. हैं। जस्टिस सुधांशु धूलिया ने अपना मकान गिरवी रखा है। वहीं, जस्टिस संजय कुमार ने संपत्ति में एक पियानो का भी जिक्र किया है।

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पहली बार सार्वजनिक की गई है। 9 नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 के बीच सुप्रीम कोर्ट ने 303 नाम हाई कोर्ट जजों के लिए सुझाए।

किसी जज ने अपनी संपत्ति में पियानो का जिक्र किया, किसी पर होमलोन है, किसी ने किराए से कमाई बताई

जस्टिस पीएस नरसिम्हा... खाते में 35.49 करोड़, 16 साल में 31.45 करोड़ रुपए आयकर चुकाया
2008 से 2024 तक 31.45 करोड़ रु. आयकर दिया। इस अवधि में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और फिर जज बने। बैंक खाते में 35.49 करोड़ रु. हैं। जीपीएफ में 20.82 लाख रु., 82.91 लाख की बीमा पॉलिसी, नोएडा में एक मकान और एक फ्लैट, हैदराबाद में 6,782 वर्ग फीट की पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी, 2.5 लाख रु. की ज्वेलरी और 2 कारें। पत्नी के पास 35 लाख रु. के जेवर, बैंक और म्यूचुअल फंड में 13.61 लाख रु., 48 लाख की दो पॉलिसी, नोएडा में फ्लैट, दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर 498 वर्ग फीट ऑफिस स्पेस है।

जस्टिस केवी विश्वनाथन... 127 करोड़ रुपए का निवेश; पत्नी, बच्चों-खुद के पास 1450 ग्राम सोना
2010 से 2024 तक 91.47 करोड़ रु. आयकर दिया। इस अवधि में वरिष्ठ वकील और फिर सुप्रीम कोर्ट के जज बने। दिल्ली के सफदरजंग में 2 अलग-अलग बिल्डर फ्लोर, गुलमोहर पार्क में एक फ्लोर, तमिलनाडु में एक अपार्टमेंट, दिल्ली में दो डीडीए फ्लैट पत्नी के नाम। आरबीआई की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम में खुद और पत्नी के 5-5 लाख डॉलर हैं। खुद करीब 121 करोड़ रु. और पत्नी ने 6.53 करोड़ रु. का निवेश किया है। खुद के पास 2 कार और 250 ग्राम सोना। पत्नी के पास 850 ग्राम, बच्चों के पास 350 ग्राम सोना।

जस्टिस एमएम सुंदरेश...खुद के पास 1 कैरेट हीरा, पत्नी के पास 1 किलो सोने के गहने, 15 कैरेट हीरा
तमिलनाडु के इरोड में 10,608 वर्ग फीट मकान का आधा,चेन्नई में 7,029 वर्ग फीट प्लॉट, लक्खापुरम में 2.28 एकड़ और एजुमथुर में 21.17 एकड़ पैतृक संपत्ति में हिस्सा। जीपीएफ में 55 लाख रु., 3 बैंक खातों में 22 लाख रु., 200 ग्राम सोना, एक कैरेट हीरा। कोई वाहन नहीं। पत्नी के पास 3,509 वर्ग फीट जमीन और मकान, बैंक में 14.5 लाख रु., 1 किलो सोने के गहने, 15 कैरेट हीरा।

- **जस्टिस संजय कुमार...** हैदराबाद में एक मकान, फ्लैट एक दुकान, आंध्र में 3 प्लॉट, तेलंगाना के मेडक में 5 फॉर्म प्लॉट, 3 बैंक खातों में 34 लाख रु., जीपीएफ में 68.51 लाख, 1 पियानो और एक कार। पत्नी व बच्चों के नाम हैदराबाद में प्लॉट। पत्नी के खाते में 58 लाख रुपए। साथ ही 70 जेवरात और 40 किलो चांदी।
- **जस्टिस मनमोहन...** दिल्ली के बसंत विहार में 1 मकान में हिस्सा, सहारनपुर में 5.2 एकड़ कृषि भूमि, 5 लाख रु. के शेयर, 67.96 लाख के म्युचुअल फंड, 11.35 करोड़ की एफडी, पीपीएफ में 72 लाख, जीपीएफ में 3.90 करोड़, 1.37 करोड़ की ज्वेलरी, पत्नी के पास 52 लाख की ज्वेलरी, 7 करोड़ के आरबीआई बॉन्ड।
- **जस्टिस एजी मसीह...**चंडीगढ़ में 500 गज का घर, बैंक में 17.64 लाख, पीपीएफ-जीपीएफ में 6.75 लाख, 410 ग्राम सोना, 1.71 करोड़ होमलोन। शेष देश-विदेश

पहले नो निगेटिव

36 कीमो, एक पैर में लकवा फिर भी खेला नेशनल गेम्स

लखनऊ | यूपी के लखनऊ की चंद्रकांता चानना ने 60 की उम्र में भी खेल के जुनून को जिंदा रखा है। 36 कीमोथेरेपी और एक पैर लकवाग्रस्त होने के बावजूद वह हाल ही में सातवें नेशनल मास्टर्स गेम्स में खेलने धर्मशाला पहुंचीं। जैवलिन थ्रो में चौथे नंबर पर रहीं। पर, उनके जज्बे को देखते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वह एथलेटिक्स में 2018 से 20 गोल्ड जीत चुकी हैं।

बच्चों में चश्मे की कुंठा दूर कर रहीं, खास फ्रेम बनाए

मुंबई | महाराष्ट्र के मुंबई निवासी 17 साल की एरियाना सिंघी की नजर कमजोर हुई तो चश्मा पहनने से शर्माती थीं। अब दूसरे बच्चों को इस कुंठा से बचना सिखाती हैं। बच्चों के लिए खास तौर पर चलाई जाने वाली एंटरप्रेन्योर ट्रेनिंग वर्कशॉप में सीखकर डिजाइनर फ्रेम भी बनाए। इसे कपड़े के रंगों के अनुसार बदल सकते हैं। उनके बनाए फ्रेम अब बड़ी कंपनियां ऑनलाइन बेच रही हैं।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
चांदी का कूपन
10
इस कूपन को काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं।

भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट 5 दिन में पहुंचे 1.25 लाख श्रद्धालु

केदारनाथ हाउसफुल, दर्शन भी देरी से, इसलिए लौटने में 2 दिन लग रहे

केदारनाथ धाम | उत्तराखंड की पवित्र चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। इसमें 30 अप्रैल से अब तक 2.80 लाख से अधिक भक्त दर्शन कर चुके हैं। इनमें भी 1.25 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अकेले केदारनाथ धाम पहुंचे। समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर स्थित इस धाम में हर दिन 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यात्रा के शुरुआती दिनों का यह आंकड़ा पिछली बार से ज्यादा है। दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद श्रद्धालु दर्शन के लिए बढ़े जा रहे हैं। इस वजह से केदार धाम से 34 किमी दूर फाटा तक लगभग सभी होटल, होम स्टे, टेंट भरे हुए हैं। ऊपर धाम में भी यही स्थिति है। सरकारी-प्राइवेट कमरे, छोटे होटल, टेंट सिटी सब हाउसफुल हैं। घोड़ा पड़ाव, बड़ी लिंचोली, छोटी लिंचोली, जंगल चट्टी में सिर्फ छोटे टेंट और रेन शेल्टर ही हैं। भीड़ ज्यादा है और धाम में ऊपर रुकने के इंतजाम सीमित हैं, इसलिए श्रद्धालु हर हाल में गौरीकुंड लौट रहे हैं, लेकिन धाम से गौरीकुंड तक के इस सफर में उन्हें फिर भी डेढ़ से दो दिन लग जा रहे हैं।

दरअसल, इस बार दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था है, जिसमें श्रद्धालुओं को टोकन पर दर्शन की तारीख और समय लिखकर दिया जा रहा है। इससे दर्शन तो आसान हुए हैं, लेकिन समय 3 से 14 घंटे तक लग रहा है। राजस्थान के अजमेर से आई प्रीति गुप्ता ने बताया कि हमें टोकन शाम 3 बजे मिला था, लेकिन रात 9 बजे भी दर्शन नहीं हो सके। फिर मंदिर बंद हो गया। ऊपर धाम में मुश्किल से रात गुजारने की जगह मिली। अगले दिन दर्शन करते-करते सुबह 10 बज गए। फिर गौरीकुंड लौटते रात 8 बज गए। जो श्रद्धालु सुबह 7 बजे यात्रा शुरू कर रात 10 बजे तक गौरीकुंड में वापसी की योजना बनाकर चले थे, उन्हें भी एक रात ऊपर ही रुकना पड़ा। त्रिवेंद्रम से आए मोहन पल्ली ने बताया कि टोकन मिलने के बाद दर्शन में 6 घंटे तक लग गए। हालांकि टोकन था, इसलिए लाइन में नहीं लगा। जब मेरा समय आया, मुझे दर्शन मिल गए।

सिस्टम सुधारा... रात 9 बजे तक दे रहे टोकन

घोड़ा पड़ाव के पास रास्ता पैक।

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन श्रद्धालुओं को सुबह से रात 10 बजे तक के टोकन दिए गए थे, लेकिन मंदिर में दर्शन रात 9 बजे तक ही होते हैं। इस वजह से कई भक्तों को 24 घंटे से ज्यादा धाम में बिताने पड़े। शुरुआती करीब 3 दिन यह समस्या रही। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से शिकायत की तो अब टाइमिंग प्रणाली सुधारी गई है। एक प्रशासनिक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अब रात 9 बजे तक के लिए टोकन दे रहे हैं। 10 से 15 भक्तों को ही लाइन में लगाया जा रहा है। उनके दर्शन कर बाहर निकलते ही अगली लाइन आगे बढ़ा रहे हैं। इसमें थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन व्यवस्था नहीं बिगड़ रही।

खच्चर बीमार... 14 की मौत, संक्रमण की आशंका

केदारनाथ के पैदल मार्ग पर बीते 2 दिन में 14 खच्चरों की मौत हो गई। पशुपालन सचिव डॉ. बीवीआरसीसी पुरुषोत्तम के मुताबिक मौत के पीछे किसी जीवाणु संक्रमण की आशंका लग रही है। रुद्रप्रयाग के जिला सूचना अधिकारी रतिलाल शाह ने बताया कि फिलहाल पंजीकृत सभी 7 हजार घोड़े-खच्चर सेवा दे रहे थे। इन्हें रोक दिया गया है। कोई भी खच्चर अगले 24 घंटे यात्रा नहीं करेगा। 1600 घोड़े-खच्चरों को क्वारेंटाइन तो 700 को होम क्वारेंटाइन किया है। हरियाणा के हिसार से राष्ट्रीय अश्व संस्थान की टीम वायरस की जांच के लिए पहुंच रही है।

शौचालय जाम होने से टोरंटो-दिल्ली फ्लाइट फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करनी पड़ी

नई दिल्ली| एयर इंडिया की टोरंटो से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई188 को 2 मई को शौचालय जाम होने से रास्ते में फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा। इससे पहले 6 मार्च को शिकागो से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई126 को उड़ान भरने के 10 घंटे बाद इसी समस्या के कारण अमेरिका लौटना पड़ा था। वहीं, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने डायवर्ट करने का कारण तकनीकी समस्या को बताया है। प्रवक्ता ने बताया कि विमान कुछ घंटों में फिर से उड़ान भरकर दिल्ली के लिए रवाना हो गया।

महाराष्ट्रः पाकिस्तानी कहकर पिटाई, युवक ने की खुदकुशी

भास्कर न्यूज़ | लातूर (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र के लातूर शहर में 30 साल के आमिर पठान ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पत्नी समरीन पठान का आरोप है कि घटना से एक दिन पहले एक अनजान व्यक्ति ने उसके पति को पाकिस्तानी कहकर पीटा और धमकाया था। आमिर एक मोबाइल कंपनी में काम करते थे। उनकी पत्नी धाराशिव में एक निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर हैं। समरीन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने आमिर की पिटाई का वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दी थी। आमिर इस डर से 24 घंटे तक ऑनलाइन रहा कि कहीं आरोपी ने फोटो और वीडियो वायरल तो नहीं कर दिए।

पंजाब-हरियाणा जल विवाद पर कोर्ट ने चेताया

राज्य आपस में दुश्मन जैसा व्यवहार न करें : हाई कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब-हरियाणा जल बंटवारा विवाद पर मंगलवार को हाई कोर्ट ने फिर सुनवाई की। कोर्ट ने भारत-पाकिस्तान तनाव का जिक्र करते हुए राज्यों को आपस में दुश्मन देशों जैसा व्यवहार न करने की चेतावनी दी। चीफ जस्टिस शील नागू ने कहा, 'हम अपने दुश्मन देश के साथ ऐसा कर रहे हैं। हमें अपने राज्यों के भीतर ऐसा नहीं करना चाहिए।'

कोर्ट भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इसमें पंजाब को बाधा डालने से रोकने की मांग की गई है। बीबीएमबी ने कोर्ट को बताया कि पानी रोकने से जलाशय ओवरफ्लो होने वाला है। निचले राज्य सूखने वाले हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि तार्किक रूप से राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों राज्य केंद्र से सहयोग करें

नई दिल्ली| सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों को सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर पर दशकों पुराना विवाद सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए केंद्र के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि यह 'मनमानी' है कि नहर निर्माण के लिए पहले से ही अधिग्रहित भूमि को पंजाब में गैर-अधिसूचित किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों का फैसला केवल कानून के आधार पर नहीं किया जा सकता। जमीनी हकीकत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों के बीच मुद्दा हल नहीं होता है, तो हम 13 अगस्त को फिर सुनवाई करेंगे। -शेष पेज 10

अधिसूचना जारी • योजना अब देशभर में लागू

सड़क हादसे के घायलों का 1.5 लाख रु. तक 7 दिन मुफ्त इलाज

एजेंसी | नई दिल्ली

अब देशभर में सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को पहले सात दिनों तक 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। यह योजना 5 मई 2025 से लागू हो गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की।

अधिसूचना के अनुसार, 'किसी भी सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को इस योजना के तहत नामित अस्पताल में कैशलेस इलाज का हक होगा।' किसी अन्य अस्पताल में इलाज केवल हालत स्थिर करने तक होगा। मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को चंडीगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था। बाद में इसे छह राज्यों में लागू किया गया था। गौरतलब है कि 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख लोगों की मौत हुई।

11 सदस्यों की समिति करेगी इसकी निगरानी
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) इस कार्यक्रम को लागू करने वाली एजेंसी होगी।
- एनएचए पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगी।
- राज्य सड़क सुरक्षा परिषद योजना के कार्यान्वयन की नोडल एजेंसी है।
- योजना की निगरानी के लिए सड़क सचिव की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय संचालन समिति गठित।

न्यूज ब्रीफ

छात्रों की आत्महत्या पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली| सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर के एक छात्र व कोटा की एक छात्रा की आत्महत्या मामले में एफआईआर की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कहा कि छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स गठित किया गया है। कोर्ट ने केंद्र को टास्क फोर्स के लिए दो सप्ताह में 20 लाख रुपए जमा करने को भी कहा।

सबरीमाला जाएंगी मुर्मू, ऐसा करने वाली पहली राष्ट्रपति

नई दिल्ली| राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 मई से दो दिवसीय केरल यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान 19 मई को वह सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगी। सबरीमाला मंदिर जाने वाली वह पहली राष्ट्रपति होंगी। राष्ट्रपति आम दर्शनार्थियों की तरह पहाड़ी पर चढ़ाई भी कर सकती हैं।

महाराष्ट्रः अनफिट वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

मुंबई| महाराष्ट्र में अवैध पीयूसी या तकनीकी रूप से अनफिट वाहनों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिल पाएगा। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मंगलवार को कहा कि इसके लिए जल्द ही सख्त नीति लाने की तैयारी है। सरनाईक ने कहा कि तकनीकी रूप से अनफिट वाहन शहरी इलाकों में वायु प्रदूषण बढ़ा रहे हैं।

भारत-यूके के बीच साढ़े तीन साल की बातचीत के बाद मुक्त व्यापार समझौता

ब्रिटिश व्हिस्की और जिन पर अब शुल्क 50% घटेगा; 99% भारतीय निर्यात पर शून्य टैरिफ

नई दिल्ली |करीब साढ़े तीन साल की बातचीत के बाद भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने मंगलवार को दो बड़े और अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पहला है मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) और दूसरा सोशल सिक्योरिटी समझौता। एफटीए से 99% भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा और ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कार और अन्य उत्पाद निर्यात करना आसान हो जाएगा। व्हिस्की और जिन पर शुल्क 150% से घटाकर 75% होगा। डील के दसवें साल तक यह घटकर 40% होगा। भारत कोटा के तहत ऑटोमोटिव शुल्क 100% से घटाकर 10% करेगा। डील से दोनों देशों में व्यापार आसान होगा। कई सामानों पर टैक्स घटेंगे और मार्केट तक पहुंच बढ़ेगी। सोशल सिक्योरिटी समझौते से उन भारतीय कामगारों को राहत मिलेगी, जो यूके में काम करते हैं। उन्हें दो देशों में अलग-अलग योगदान नहीं देना पड़ेगा और पेंशन जैसे लाभ सुरक्षित रहेंगे। यह भारत की एक पुरानी मांग थी। भारतीय उद्योग संगठनों ने उम्मीद जताई है कि इस डील से द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। -शेष पेज 10 पर

भास्कर खास द न्यूयॉर्क टाइम्स को 4 कैटेगरी में पुरस्कार, फोटो जर्नलिस्ट मिल्स की हैटट्रिक; वॉल स्ट्रीट-वॉशिंगटन पोस्ट भी चर्चा में

पुलित्जर पुरस्कार... इनसे दमक रही पत्रकारिताः ट्रम्प पर हमले की सबसे सटीक फोटो लेने में सफल रहे मिल्स, सीरिया की जहन्नुम जैसी जेलों की असलियत सामने लाए सैमन

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन

पत्रकारिता के क्षेत्र के सबसे बड़े सम्मान पुलित्जर पुरस्कार की घोषणा हो गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने सबसे ज्यादा चार श्रेणियों में पुरस्कार जीते हैं। इसमें डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश वाला फोटो भी शामिल है। इलॉन मस्क से जुड़े खुलासे के लिए वॉल स्ट्रीट जर्नल और वॉशिंगटन पोस्ट को भी पुरस्कृत किया गया है। कार्टून छापने से इनकार करने पर वॉशिंगटन पोस्ट छोड़ने वालीं एन टेल्नेस ने भी इस फेहरिस्त में जगह बनाई है। पत्रकारिता के लिए विभिन्न श्रेणियों में 15 और कला क्षेत्र में 8 पुरस्कार दिए गए हैं। जानिए इन विजेताओं और इनकी ईमानदार कोशिशों के बारे में...

ट्रम्प के कान पर लगी गोली की सबसे स्पष्ट फोटो ली थी मिल्स ने

द न्यूयॉर्क टाइम्सः फोटो जर्नलिस्ट डौग मिल्स को ट्रम्प पर हमले के फोटो के लिए पुरस्कार। मिल्स ने तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है।

मस्क से जुड़ी हर जानकारी का खुलासा सुबूतों के साथ किया

वॉल स्ट्रीट जर्नलः इलॉन मस्क की व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी पर गहनता से जानकारी दी।

इसके अलावा मस्क के बिजनेस साम्राज्य, कथित तौर पर नशीली दवाओं का इस्तेमाल और राजनीति में एंट्री... जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनके घनिष्ठ संबंध भी शामिल हैं जैसी बातों का खुलासा सुबूतों के साथ किया।

ट्रम्प पर हमले की खबर में ऑडियो-वीडियो फोरेंसिक का इस्तेमाल

वॉशिंगटन पोस्टः ट्रम्प की हत्या के प्रयास की खबर को तेजी और विस्तार से कवर करने के लिए एक संस्थान को

ब्रेकिंग न्यूज पुरस्कार मिला। अमेरिकी जजों ने ऑडियो और वीडियो फोरेंसिक के इस्तेमाल की तारीफ की, जिसमें तनावपूर्ण स्थिति में सटीकता, स्पष्टता और गति का शानदार संतुलन दिखाया गया।

असद के यातना कक्षों का दर्द ब्लैक एंड वाइट तस्वीरों में उतारा

द न्यू यॉर्करः मोइसेस सैमन ने सीरिया की सेडनाया जेल पर ब्लैक-एंड-वाइट फोटो सीरीज के लिए फीचर फोटोग्राफी में पुरस्कार जीता।

- **इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग** : रॉयटर्स को सीरीज 'फेंटेनल एक्सप्रेस' में खुलासे के लिए।
- **पब्लिक सर्विस** : कविता सुराना, लिजी प्रेसर, कैसांद्रा जारामिलो व स्टेसी क्रैनिट्ज को अस्पष्ट गर्भपात कानूनों से जुड़ी मातृ मृत्यु से जुड़ी रिपोर्टिंग के लिए।
- **क्रिटिसिज्मः** ब्लूमबर्ग की एलेक्जेंड्रा को शहरी स्थानों में डिजाइनिंग की कमियों पर।
- **फीचर राइटिंगः** मार्क वारेन को पादरी-मेयर की खुदकुशी की मार्मिक कहानी लिखने पर।
- **एक्सप्लेनेटरी रिपोर्टिंगः** मिलिशिया को अमेरिकी समर्थन से अफगानिस्तान में होने वाले नुकसान पर एनवायटी के आजम अहमद, क्रिस्टिना गोल्डबाम और मैथ्यू सम्मानित।
- **इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंगः** कार्टूनिस्ट एन टेलनेस को हस्तियों पर निशाना लगाने पर।

गोधरा कांडः दो जजों की बेंच को सुनवाई की अनुमति

एजेंसी|नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के गोधरा ट्रेन जलाने के मामले में दोषियों की अपीलों की सुनवाई के लिए तीन जजों की बेंच की मांग को खारिज कर दिया। जस्टिस जे के माहेश्वरी और अरविंद कुमार की बेंच ने वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े की दलील को खारिज किया। शीर्ष अदालत ने कहा, गुजरात हाई कोर्ट ने इस मामले में मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। इसलिए दो जजों की बेंच सुनवाई कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2014 में कहा था कि हाईकोर्ट द्वारा दी गई मौत की सजा के मामलों में तीन जजों की बेंच सुनवाई करेगी। लेकिन इस मामले में हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। हेगड़े ने कहा कि अगर दो जजों की बेंच ने मौत की सजा को बहाल किया, तो इसे तीन जजों की बेंच के सामने फिर से सुना जाएगा।

तापमान / मौसम

दिन 24.0° अधिकतम | रात 4.5° न्यूनतम

मौसम साफ रहेगा, लेकिन दिन और रात के पारे में मामूली बदलाव होने की संभावना है।

शहर में आज

- शलाका चित्र प्रदर्शनी
  कहां : जनजातीय संग्रहालय, दोपहर 12 बजे से
- माह का प्रादर्श (दुमखर -एक वाद्ययंत्र)
  कहां : मानव संग्रहालय, दोपहर 12 बजे से

डेंगू: नोडल अफसर तैनाती का प्रस्ताव

नई दिल्ली | एमसीडी की ओर से डेंगू एक्शन प्लान 2025 तैयार किया जा रहा है। इसके तहत जुर्माने में वृद्धि के प्रस्ताव से लेकर जल बोर्ड को लीकेज ठीक करने का निर्देश देने और हर निजी और सरकारी कार्यालय में नोडल अधिकारियों की नियुक्त करने करने को कहा गया है।

बीट अफसर लोगों को पुलिस की आंख-कान बनने के लिए आज प्रोत्साहित करेंगे, बम निरोधक और श्वान दस्ते तैनात

मॉक ड्रिल से पहले सुरक्षा कड़ी, बॉर्डर से बाजार तक पुलिस अलर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल के आतंकी हमले और भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर दिल्ली में बुधवार को होने वाली मॉक ड्रिल से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस ने सभी बॉर्डर, बाजारों, पर्यटन स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में दिन-रात गश्त बढ़ा दी है। कनॉट प्लेस, इंडिया गेट, चांदनी चौक, करोल बाग, सरोजनी नगर, जनपथ, पालिका बाजार और गांधी नगर जैसे क्षेत्रों में विशेष गश्ती टीमें तैनात हैं। दिल्ली के प्रवेश-निकास बिंदुओं पर वाहन जांच तेज कर दी गई है, और अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिसकर्मी तैनात हैं।

बॉर्डर और बाजारों में कड़ी निगरानी

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के डीसीपी सुरेंद्र चौहान ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख बिंदुओं पर वाहन जांच बढ़ाई गई है ताकि आतंकी खतरों को रोका जा सके। पैदल गश्ती टीमें सामुदायिक चौकसी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सभी डीसीपी को विस्तृत योजनाएं बनाने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील इलाकों में शाम और रात में पैदल गश्त के साथ बाइक पेट्रोलिंग और विशेष चौकियां स्थापित की गई हैं। मंगलवार सुबह से कनॉट प्लेस में एक समर्पित टीम सुरक्षा पर नजर रख रही है। अधिकारी ने बताया कि बीट अफसरों को अलर्ट किया गया है, जो इलाके की हर गली और दुकानदार की जानकारी रखते हैं। उन्हें मॉक ड्रिल के प्रति जागरूकता फैलाने और संदिग्ध व्यक्तियों या वस्तुओं की सूचना तुरंत देने के लिए लोगों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई है। बीट अफसर स्थानीय लोगों को दिल्ली पुलिस की आंख-कान बनने के लिए प्रोत्साहित करेंगे ताकि असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके।

ड्रिल की व्यापक तैयारी

बुधवार को बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल होगी, जिसमें बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते, एम्बुलेंस, दमकल टीमें और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल होंगी। बड़े बाजारों, सरकारी इमारतों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन जांच होगी। सड़कों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की तलाशी ली जाएगी। यह ड्रिल आतंकी खतरों से निपटने की तैयारियों को परखने और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने का हिस्सा है।

भीषण गर्मी में पेयजल संकट के लिए तैयार हो जाएं राजधानीवासी

वर्मा का आरोप: केजरीवाल के आदेश पर मान ने हरियाणा के पानी को रोका

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

मंगलवार को जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने पंजाब में आम आदमी पार्टी शासित सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा, केजरीवाल ने करारी हार का दिल्ली के लोगों से बदला लेने की साजिश की है। पिछले एक सप्ताह से दिल्ली को हरियाणा से कम पानी मिल रहा है। यह स्थिति पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी की साजिश के कारण उत्पन्न हुई है। वर्मा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कहने पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जानबूझकर पानी की आपूर्ति घटाई है। पंजाब ने भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) से मिलने वाला पानी घटा दिया गया है। हर दिन पानी की आपूर्ति में घटौती से दिल्ली के लोगों को परेशानी हो रही है। गर्मी के मौसम में मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस घटती आपूर्ति को गंदी राजनीति की साजिश बताया है।

पानी आपूर्ति में कमी

1 मई	88 क्यूसेक कम
2 मई	119 क्यूसेक कम
3 मई	71 क्यूसेक कम
4 मई	55 क्यूसेक कम
5 मई	130 क्यूसेक कम

दिल्ली को 555 क्यूसेक पानी देता है बीबीएमबी

जल मंत्री ने कहा, भाखड़ा नांगल जल स्टोरेज बांध जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भाखड़ा बेस मैनेजमेंट बोर्ड के अधीन है। तीनों राज्यों के बीच पानी बंटवारा मिलियन एकड़ फीट के अनुसार किया गया है। चालू वित्त वर्ष में भाखड़ा बांध से पंजाब को 5.512 एमएएफ, हरियाणा को 2.987 एमएएफ और राजस्थान को 3.318 एमएएफ पानी का बंटवारा किया गया है। पंजाब सरकार के हिसाब से हरियाणा को बांध से 4000 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। इसी पानी में से हरियाणा और दिल्ली को 555 क्यूसेक (300 एमजीडी) पानी देता है।

भाजपा नेताओं ने केजरीवाल के आवास पर दिया धरना

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के सांसदो, विधायकों व प्रदेश के नेताओं ने फिरोजशाह रोड पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर मंगलवार को बस स्टॉप पर हैंडबिल लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एलजी वीके सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। इस धरना और एलजी को ज्ञापन देने वाले नेताओं में रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज और विधायक अजय महावर, जितेंद्र महाजन, नीरज बसौया, अनिल शर्मा, शिखा राय, संजय गोयल,गजेन्द्र दराल, राजकुमार भाटिया आदि के अलावा प्रदेश भाजपा पदाधिकारी एवं मोर्चा अध्यक्ष भी थी। सभी नेता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि अरविंद केजरीवाल पंजाब सरकार को भाखड़ा नहर से की कटौती वापस लें।

आईजीआई: रनवे 28/10 चालू, अब यात्रियों को मिलेगी राहत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

उडानों में देरी को लेकर हो रही आलोचनाओं के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे ने उड़ानों में हो रही देरी को कम करने के लिए मंगलवार सुबह 8:04 बजे रनवे 28/10 को एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के हवाले कर दिया। यह रनवे मध्य जून तक संचालन में रहेगा, जैसा कि सभी हितधारकों के साथ स्वीकृत योजना में तय किया गया है।

प्रबंधन के अनुसार कदम मौजूदा असामान्य और बदलती हवा की स्थिति में हवाई संचालन को सुचारू करने और यात्रियों के लिए आगमन व प्रस्थान को बेहतर बनाने की बात कहते हुए अपनी वाहवाही की है।

रनवे का अपग्रेडेशन

यह हवाई अड्डा, देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा, प्रतिदिन सैकड़ों उड़ानों का संचालन करता है। रनवे 28/10 की दिशा और स्थिति इसे बदलती हवा की दिशा व गति में संचालन के लिए उपयुक्त बनाती है। खासकर पिछले दिनों हवा का रूख इस्टर्न होने जैसे स्थिति में यह रनवे हवाई यातायात प्रबंधन में काफी मददगार होता है, उड़ानों में देरी कम करता है, और अन्य रनवे पर दबाव को कम करके सुरक्षित व समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करता है। अपग्रेडेशन के लिए बंद कर दिया गया था, रनवे को अप्रैल माह में रनवे 28/10 को अपग्रेडेशन और रखरखाव के लिए बंद किया गया था।

व्यापारियों के साथ षड्यंत्र रच रही भाजपा: भारद्वाज

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सीएम रेखा गुप्ता के चांदनी चौक और सदर बाजार को शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर मंगलवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली के संयोजक सौरभ भारद्वाज ने चुनौती दी। सौरभ ने कहा, इस मामले में उनके साथ कारोबारियों के पास चले और उनकी भावनाओं को समझे। 2 मई को भाजपा समर्थित संस्था सीएआईटी के एक कार्यक्रम में सीएम ने कहा था कि दिल्ली के बड़े बड़े बाजार जैसे सदर, चांदनी चौक में सांस लेना भी दुर्भर हो गया है। इस कारण दिल्ली सरकार रणनीति बना रही है कि इन बाजारों को यहां से कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाए।

पालम गांव में 66/11 केवी जीआईएस सब-स्टेशन का उद्घाटन

मुख्यमंत्री का तंज...पिछले सरकार में बिजली एक घंटे से अधिक समय के लिए आउटेज रही

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सीएम रेखा गुप्ता ने पालम गांव मंगलापुरी में मंगलवार को उर्जा मंत्री आशीष सूद के साथ 66/11 केवी जीआईएस सब-स्टेशन का उद्घाटन पर लोगों को संबोधित कर रही थीं। सीएम ने कहा, सीएम ने आम आदमी पार्टी के सरकार का नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा, पिछली सरकार के कार्यकाल में दिल्ली में दो लाख से अधिक बार बिजली एक घंटे से अधिक समय के लिए आउटेज रही। हमारी

सरकार ने न केवल इस स्थिति में सुधार किया, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की है। पिछली सरकारें यह दुष्प्रचार करती थीं कि हमारी सरकार सत्ता में आई तो मुफ्त बिजली-पानी जैसी सुविधाएं समाप्त होगी। लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है।

ग्रीन एनर्जी कैपिटल बनाने, सुंदर-सुरक्षित बनाने पर जोर

सीएम ने बताया, दिल्ली को ग्रीन एनर्जी कैपिटल बनाने, सुंदर बनाने, सुरक्षित बनाने और समृद्ध गांवों के माध्यम से बेहतर दिल्ली का निर्माण करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जीआईएस ग्रिड सब-स्टेशन केवल ऊर्जा अवसंरचना का विस्तार नहीं है, बल्कि यह जीवन को जीने में आसानी के संकल्प का मूर्त रूप भी है।

अमानतुल्लाह से अग्रिम जमानत पर जवाब मांगा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रविंदर डूडेजा ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आरोपी को ट्रायल कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत को लेकर दिल्ली पुलिस अदालत में चुनौती दी है। जामिया नगर में पुलिस पर कथित हमले से जुड़े मामले में अदालत ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर नोटिस जारी किया है। पुलिस ने ट्रायल कोर्ट द्वारा 25 फरवरी को दी गई अग्रिम जमानत को गलत बताया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी। खान पर 10 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई थी।

फरारी के बाद पकड़ा दुष्कर्म-हत्या का दोषी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे एक सजायाफ्ता अपराधी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। 51 वर्षीय यह दोषी वर्ष 1999 में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा था। दोषी को मंडोली जेल में रखा गया था, जहां से वह तीन सप्ताह की पैरोल पर बाहर आया था, लेकिन निर्धारित समय पर वापस नहीं लौटा और फरार हो गया। सुभाष प्लेस थाने की पुलिस टीम ने रंगीला पार्क में ट्रेस कर उसे दबोच लिया।

तैमूर नगर: मानसून से पहले गाद निकालेंगे, रिपोर्ट भी देंगे

दूसरे दिन भी अतिक्रमण पर तैमूर नगर में गरजा डीडीए का बुलडोजर

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के तैमूर नगर में दूसरे दिन भी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का बुलडोजर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण पर जमकर गरजा। डीडीए के अधिकारियों ने एमसीडी के अधिकारियों के साथ मंगलवार को भी सुबह 10.30 पर पहुंचे। डीडीए और एमसीडी की टीम ने तैमूर नगर नाले पर पहुंचे और नाले के नौ मीटर के दायरे में बने अवैध ढांचे के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। डीडीए के अधिकारियों ने बताया कि यह नाला खिजराबाद मेन रोड तक जाता है। खिजराबाद में भी नाले पर अतिक्रमण कर घर बनाए गए थे वहां भी शाम चार बजे तक कार्रवाई हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि नाले से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद अब डीडीए और नगर निगम प्रशासन इस कार्रवाई की अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके बाद नाले से गाद निकालने और इसके आसपास के क्षेत्र में जमे कूड़े को हटाने के लिए एक समय तय किया जाएगा। उस समय अवधि में नाले की सफाई का कार्य संचालित होगा। इसके अतिरिक्त डीडीए प्रशासन नाले के प्रवाह को बिना अवरोध के मानसून में बहने के लिए उसका विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा।

तैमूर नगर के कपसिया मोहल्ला के लोगों ने मांगों को लेकर बैठक की। कपसिया मोहल्ला के प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दो मांगों पर चर्चा हुई है। इनमें से एक को तत्काल पूरा किया जाएगा। दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। मकानों को तोड़ने की एवज में अतिरिक्त मुआवजा प्रदान करें या फिर दूसरे स्थान पर वैकल्पिक प्लॉट मुहैया कराया जाय।

फर्जी पहचान, नकली पासपोर्ट और 12 लाख में यूरोप का टिकट जब्त

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट के जरिए विदेश भेजने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पंजाब निवासी 35 वर्षीय एजेंट गगन शर्मा को बटाला से गिरफ्तार किया है। मामला 29 अप्रैल को सामने आया, जब 19 वर्षीय जशनप्रीत सिंह फ्रांस से लौटते समय पकड़ा गया। वह अपने असली पासपोर्ट पर था, लेकिन रिकॉर्ड में उसकी कोई प्रस्थान एंट्री नहीं थी, जिससे शक गहराया। जांच में पता चला कि जशनप्रीत ने जनवरी 2022 में एजेंट जगमोहन सिंह से संपर्क किया था। 12 लाख रुपये में यूरोप भेजने की डील तय हुई। फरवरी 2022 में दिल्ली के शाहदरा में रोहित वैद नामक व्यक्ति ने उसे तनु वैद नाम की फर्जी पहचान दी, जिस पर नया पासपोर्ट बनवाया गया। इसके बाद स्पेन का वीजा लेकर वह 25 मार्च को भारत से रवाना हुआ और बाद में फ्रांस पहुंचा। अपनी दादी की मृत्यु के कारण लौटते समय वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रोहित और जशनप्रीत को गिरफ्तार करने के बाद गगन शर्मा भी दबोच लिया गया।

डीयू: शिक्षकों के पद भरे जाने के बाद भी ईडब्ल्यूएस सीटें कॉलेजों को आवंटित नहीं

कॉलेजों से ईडब्ल्यूएस की सीटें संबंधी आंकड़े मंगवा लिए गए

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

डीयू के कॉलेजों में शिक्षकों के 80 फीसदी पदों को भरे जाने के बावजूद शिक्षा मंत्रालय ने अभी तक ईडब्ल्यूएस सीटें विभागों/कॉलेजों को आवंटित नहीं की है। जबकि शिक्षा मंत्रालय ने पिछले दिनों आश्वासन दिया था कि डीयू में शिक्षकों के 75 फीसदी पदों पर स्थायी नियुक्ति के बाद ईडब्ल्यूएस सीटें दी जाएंगी। जबकि कॉलेजों से ईडब्ल्यूएस की सीटें बढ़ने संबंधी आंकड़े मंगवा लिए गए। डीयू में ईडब्ल्यूएस कोटे की लगभग 3000 सीटें बनती है। फोरम ऑफ अकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखा है, जिसमें मांग की है डीयू को जल्द ईडब्ल्यूएस सीटों को आबंटित करें, जिससे कि कॉलेजों को ईडब्ल्यूएस सीटों का लाभ मिल सके। बता दें कि शैक्षिक सत्र 2025-26 से छात्र चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाएंगे जिससे हर कॉलेज में शिक्षक पदों पर इजाफा होगा। फोरम के चेयरमैन डॉ हंसराज सुमन ने बताया, डीयू के सहायक कुलसचिव ने एक साल पहले सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के निदेशकों को सर्कुलर जारी कर ईडब्ल्यूएस की 10 फीसदी अतिरिक्त पदों की जानकारी मांगी गई थीं। भेजें गए शैक्षिक पदों के आंकड़ों को लेकर पिछले दिनों डूटा अध्यक्ष व उनकी कार्यकारिणी के सदस्य केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिले थे। शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था।

केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने जॉब मेले का आयोजन किया

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा बुधवार को जॉब मेला आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीयू के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो रंजन कुमार त्रिपाठी ने बताया, जॉब मेले का आयोजन डीयू के नॉर्थ कैंपस के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस आयोजन में 31 कंपनियों ने भाग लेने की पुष्टि की है। प्रो रंजन ने कहा, जॉब मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 1,200 से अधिक रिक्तियों की पेशकश की जा रही है, जो विद्यार्थियों को विविध प्रकार के अवसर प्रदान करेगी।

नई आबकारी नीति • 12 जून 2025 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेगी

देसी शराब 15, अंग्रेजी 50 और बीयर 40 रुपए तक महंगी होगी

प्रदेश में रात 12 बजे के बाद बार खोले तो अलग से फीस देनी होगी

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

प्रदेश में शराब महंगी होने जा रही है। देसी, अंग्रेजी व बीयर के दाम बढ़ेंगे। देसी शराब की बोतल 15 रुपए, अंग्रेजी शराब की बोतल 50 रुपए और बीयर 40 रुपए तक महंगी होगी। अबकी बार बड़ी बात ये है कि नई आबकारी नीति 21.5 माह के लिए लागू होगी, यानी 31 मार्च 2027 तक शराब की नीति लागू रहेगी। नई नीति से शराब के कारोबारियों पर बोझ भी पड़ेगा, क्योंकि उनको करीब दो साल का राजस्व राज्य सरकार के पास जमा कराना होगा।

प्रदेश सरकार की नई नीति के अनुसार देसी शराब की बोतल 15, अध्धा 15 रुपए और पव्वा 10 रुपए तक महंगा हुआ है। अब देसी शराब की बोतल 190 रुपए में मिलेगी, अध्धा 120 और पव्वा 70 रुपए का होगा। वहीं, अंग्रेजी शराब की बोतल 30 से 50 रुपए तक महंगी हुई है। सबसे कम रेंज की शराब की बोतल में 30 रुपए और ज्यादा रेंज की शराब में 50 रुपए प्रति बोतल तक बढ़ोतरी की गई है। वहीं, बीयर की 90 रुपए की बोतल 130 और 110 की 150 रुपए की कर दी गई है। यानी बीयर की कीमत में 30 से लेकर 40 रुपए तक बढ़ोतरी हुई है।

पंजाब से सस्ती, चंडीगढ़ से महंगी देसी शराब

पंजाब में देसी शराब हरियाणा से महंगी है, जबकि चंडीगढ़ में सस्ती है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में अंग्रेजी और देसी शराब हरियाणा से काफी महंगी है, लेकिन वहां बीयर सस्ती है।

फीस तय, गुरुकुल वाले गांवों में नहीं खुलेंगे ठेके

501 से 1000 तक की आबादी वाले गांवों में सब बैंड की फीस तीन लाख, 1001 से 10 लाख तक 6 लाख रुपए और 10 हजार से अधिक पर 9 लाख रुपए फीस होगी। सरकार की पॉलिसी में यह तय किया गया है कि जिन गांवों में गुरुकुल हैं, वहां पर शराब का ठेका नहीं खोला जाएगा।

ठेके बंद करने, खोलने का समय लिखना होगा

शराब के ठेके के संचालकों को ठेके के खोलने और बंद करने का समय लिखना होगा। आबकारी साल, लाइसेंस लेने वाले का नाम, जोन नंबर व लाइसेंस नंबर, आउटलेट का टाइप, गांव, जिला, एक्साइज इंस्पेक्टर का मोबाइल नंबर, डीईटीसी ऑफिस का कांटेक्ट नंबर भी लिखना होगा।

तीन सितारा से ज्यादा वाले होटलों में खोले जा सकेंगे बार

नीति के अनुसार तीन सितारा से ज्यादा वाले होटलों में बार खोले जा सकेंगे। इसके लिए गुरुग्राम में फीस 53 लाख रुपए होगी, जबकि फरीदाबाद, पंचकूला और सोनीपत में 38 लाख रुपए होगी। अन्य सभी जिलों में लाइसेंस फीस 30 लाख रुपए तय की गई है। बार रात 12 बजे तक खुल सकेंगे। इसके बाद प्रति दो घंटे के लिए अलग से फीस जमा कराना होगी। गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत व पंचकूला के लिए पब का लाइसेंस आठ लाख रुपए में मिलेगा, जबकि अन्य जिलों में यह तीन लाख रुपए में मिलेगा।

14064 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य

नई आबकारी नीति में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 14,064 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं, वर्ष 2025-27 के लिए आबकारी नीति को मंजूरी दी गई। आबकारी नीति वर्ष को अब वित्त वर्ष के साथ जोड़ा जाएगा। यह नीति 12 जून 2025 से 31 मार्च 2027 तक यानी 21.5 महीनों के लिए लागू होगी। इसके बाद भविष्य की सभी नीतियां अप्रैल से मार्च वित्त वर्ष के अनुसार संचालित होंगी। नई नीति के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए हरियाणा सरकार ने 14,064 करोड़ रुपए के राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में आबकारी एवं कराधान विभाग ने 12,650 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 12,700 करोड़ रुपए का संग्रहण किया है। यानी इस वित्त वर्ष में आबकारी विभाग ने लक्ष्य से 50 करोड़ रुपए की अधिक कमाई की है।

ग्रामीण इलाकों में रात 11 बजे बंद होंगे ठेके

नई नीति में यह तय किया गया है कि ग्रामीण इलाकों में शराब के ठेके सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक खुलेंगे। यह समय अप्रैल से अक्टूबर तक होगा। इसके अलावा नवंबर से मार्च तक सुबह 8 से रात 10 बजे तक ठेके खोलने का समय तय किया गया है। शहरी इलाकों में सुबह 8 से रात 12 बजे तक सालभर ठेके खोले जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि नई आबकारी नीति पर बीते सोमवार को सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुहर लगाई गई थी। नई आबकारी नीति में शराब के दाम बढ़ाने का फैसला आसपास के राज्यों में दामों को देखते हुए लिया गया है।

ओयो होटल से हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पकड़े 3 कपल, लव जिहाद का आरोप लगाया

भास्कर न्यूज | सोहना

सोहना बस स्टैंड के नजदीक एक ओयो होटल में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने सूचना के बाद तीन मुस्लिम युवकों के साथ हिंदू लड़कियां बरामद की। इस दौरान हिंदू संगठनों ने लव जिहाद का आरोप लगाया और कहा कि इस पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। यही नहीं होटल में पकड़े गए युवकों ने फर्जी पहचान पत्र होटल में दिए हुए थे। वहीं हिंदू संगठनों के सदस्यों ने आरोप लगाया कि हिंदू लड़कियों को मुस्लिम समुदाय के युवक बहला-फुसलाकर होटल में लेकर आए थे। वहीं दूसरी ओर सोहना पुलिस ने इन सभी को महिला थाने में आला अधिकारियों के सामने पेश कर दिया। दूसरी तरफ पकड़ी गई लड़कियों ने बताया कि वह अपनी मर्जी से युवकों के साथ आई थी, उनके साथ किसी भी प्रकार का गलत काम नहीं हुआ है। हालांकि इस मामले में सोहना पुलिस जांच कर रही है। वहीं दूसरी तरफ हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाया है। आरोप है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही। बीजेपी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष गौरव चुग ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि बस स्टैंड के समीप बने होटल में तीन युवतियों को बुलाया गया है, जहां पर तीन युवक भी मौजूद थे।

सोहना। मौके पर कार्यवाई करती पुलिस।

चहेतों को टेंडर देने के लिए धांधली कर रही है सरकारः जयराम ठाकुर

शिमला | भाजपा ने सरकार पर फिन्ना सिंह परियोजना में चहेतों को टेंडर देने के लिए धांधली करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं में भी भ्रष्टाचार के रास्ते तलाश रही है। सरकार कहीं परियोजनाओं के टेंडर की शर्तों में फेर बदल करके अपने चहेते लोगों को लाभ दिलवा रही है तो कहीं पर टेंडर के राष्ट्र स्तरीय मानकों का पालन नहीं करके धांधली की कोशिश कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा फिन्ना सिंह परियोजना के टेंडर में जल शक्ति विभाग ने जॉइंट वेंचर पर पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस काम के पीछे किसी न किसी को लाभ पहुंचाने की मंशा है। 293 करोड़ की इस परियोजना के टेंडर में जॉइंट वेंचर पर रोक लगाकर के सरकार किसे लाभ पहुंचाना चाहती है। जबकि केंद्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन, एनएचएआई, बॉर्डर रोड संगठन हिमाचल लोक निर्माण विभाग की परियोजनायों में 100 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट में जॉइंट वेंचर की अनुमति है।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पहली व्याख्या अंग्रेजी में लोगों के लिए समर्पित की

अमृतसर | पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त सुरिंदरजीत सिंह पाल ने अब तक 26 पुस्तकें लिखी हैं। अब उनके द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई श्री गुरु ग्रंथ साहिब की व्याख्या वाली पुस्तक के पहले खंड का विमोचन गुरु नानक देव विवि के गुरु नानक भवन में सिख बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में किया गया। जीएनडीयू के डीन प्रो.पलविंदर पाल सिंह ने कहा कि पुस्तकें राष्ट्र की सम्पत्ति हैं और अंग्रेजी में व्याख्या वाली यह पुस्तक उन लोगों के लिए लाभदायक है, जो पंजाबी नहीं पढ़ सकते। इस अवसर पर प्रोफेसर अमरजीत सिंह, जगदीश सिंह, राजिंदर सिंह मरवाहा, ज्ञानी केवल सिंह, इंद्रजीत सिंह, सरबजीत सिंह गुमटाला, डॉ. तजिंदर पाल सिंह आदि मौजूद थे।

पंजाब में प्रमोट 16 हेडमास्टरों ने पदोन्नति लेने से किया इनकार

चंडीगढ़ | पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग में मास्टर, मिस्ट्रेस और बीपीईओ काडर से प्रमोट हुए 21 हेडमास्टरों ने पदोन्नति लेने से इनकार कर दिया है। विभाग ने इनकी पदोन्नति के आदेश 21 मार्च, 2025 को जारी किए थे। 28 मार्च को स्टेशन अलॉटमेंट की गई थी, लेकिन इनमें से 16 कर्मचारियों ने पदोन्नति लेने से इनकार कर दिया। 5 कर्मचारी आवंटित स्टेशनों पर हाजिर नहीं हुए। शिक्षा विभाग ने इस बात का कड़ा एक्शन ले लिया है। विभाग ने उनकी पदोन्नति प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। अब वह 2 साल के लिए डी-बार रहेंगे। उनको कोई पदोन्नति नहीं मिलेगी। ज्यादातर कर्मचारियों ने स्टेशन दूसरे जिलों में और दूर अलॉट होने से पदोन्नति नहीं ली।

खादी एवं ग्रामोद्योग ने वर्ष 2024-25 में किया 37.03 करोड़ का कारोबार

शिमला | हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग ने वर्ष 2024-25 में 37.03 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। विभिन्न वस्तुओं की बिक्री पिछले वर्ष की बिक्री की तुलना में 180 प्रतिशत अधिक है। इससे बोर्ड को लगभग 3.71 करोड़ रुपए की आय हुई।

आम आदमी को मिला अपनी जमीन पर खनन का हक, रजिस्ट्रेशन कराना होगा

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए सरकार ने आम आदमी को उसकी जमीन पर खनन का अधिकार दे दिया है। वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को नई खनन नीत का एलान किया। उनके साथ खनन और भू-विज्ञान मंत्री बरिंदर कुमार गोयल भी मौजूद थे। सरकार ने डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया जिससे आम नागरिक, जिसकी अपनी ज़मीन है, वह रेत-बजरी के खनन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेगा। कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा, अब रेत माफिया नहीं, आम आदमी खनन करेगा और खुद कमाएगा। सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य खनन को उन लोगों तक पहुंचाना है जो अब तक सरकारी पेचीदगियों और दलालों के कारण इससे वंचित रहे। सरकार की इस नई नीति के तहत अब भूमि मालिक खुद खनन ठेकेदार बनने के लिए आवेदन कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन https://minesandgeology.punjab.gov.in पोर्टल पर कर सकते हैं।

खनन के लिए कहां से मिलेगी एनओसी

डीसी को सरकारी और पंचायत भूमि पर खनन के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र यानि एनओसी जारी करने का अधिकार दिया गया है।

क्या क्रशर मालिकों को भी बेच सकते हैं

रेत-बजरी : रेत और बजरी निकालकर सीधे बेच सकते हैं या क्रशर मालिकों को पट्टे पर दे सकते हैं। उन्हें सरकार को अग्रिम रॉयल्टी का भुगतान करना होगा, जो रेत के लिए 1.75 प्रति घन फुट और बजरी के लिए 3.20 प्रति घन फुट निर्धारित की गई है।

सहायता या मार्ग दर्शन के लिए क्या करना होगा : जिला स्तर पर बनने वाले हेल्प डेस्क से भूमि मालिकों को सहायता और मार्ग दर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मचारियों वाला एक समर्पित शिकायत सेल (1800-180-2422) बनाया जाएगा।

शराब पीकर स्कूल बस से बच्चों को लेने पहुंचे चालक को पुलिस के हवाले किया

भास्कर न्यूज | पटौदी

बेटी की शादी की खुशी में शराब पीकर स्कूल बस लेकर बच्चों को लेने पहुंचे चालक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने चालक के शराब पीने की सूचना पुलिस और स्कूल प्रबंधन को दी। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने मामले की गहनता से जांच नहीं की स्कूल के खिलाफ कार्यवाही की जगह चालक का चालान काटकर खानापूर्ति की गई।

सोमवार को गुड़गांव वर्ल्ड स्कूल पहाड़ी की स्कूल बस के चालक राजेंद्र निवासी पहाड़ी की बेटी की शादी थी। शादी के बाद मंगलवार को वह शराब के नशे में धुत होकर गांव जाटौली मंडी में छात्रों को स्कूल ले जाने के लिए पहुंचा। आरोप है कि चालक ने इतनी ज्यादा शराब पी कर रखी थी उससे बस चलाई ही नहीं जा रही थी। जैसे ही एक अभिभावक को इसका शक हुआ उसने तुरंत चालक को रोक लिया। बाद में अन्य अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी गई। हेली मंडी पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और बस चालक और बस को अपने साथ ले गई।

अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में चार साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | पलवल

अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में चार साल से फरार आरोपी को चांदहट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ वर्ष 2021 में केस दर्ज हुआ था। इस मामले में शामिल एक महिला को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना प्रभारी हरिकिशन के अनुसार बागपुर चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार की टीम ने 2021 में अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी महेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत ने चार मई 2025 को को भगोड़ा घोषित किया था।



शिकंजा • एंटी करप्शन ब्यूरो की रिश्वत लेने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर रिश्वत लेते 4 अरेस्ट

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

कॉलेज में भर्ती के नाम पर गिरोह सक्रियः एसपी

एनआईटी तीन नंबर स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते एक आउट सोर्सिंग नर्सिंग कर्मचारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रिश्वत लेने वाले आरोपी की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है। अन्य तीन आरोपी भी रिश्वत लेने के मामले में शामिल थे। एसीबी ने उन्हें भी दशहरा ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर इनसे पूछताछ कर ही है।

एंटी करप्शन ब्यूरो केस दर्ज कर जांच कर रहा: जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने एसीबी को सूचना दी कि उन्हें ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स की नौकरी दिलाने के बदले अस्पताल के सहायक नर्सिंग अधीक्षक हरि सिंह, सुदर्शन फैसिलिटीज कंपनी के मैनेजर योगेश शर्मा व नर्सिंग कर्मचारी दीनदयाल के साथ मिलकर तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगी है। इस सूचना पर एसीबी की टीम ने मंगलवार को घेराबंदी कर शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम देकर आरोपियों को देने के लिए मौके पर भेजा। बताया जाता है रिश्वत की रकम लेने के लिए आउटसोर्सिंग नर्सिंग कर्मचारी दीपक शर्मा कार से आया।

दशहरा ग्राउंड के पास कार में बैठकर उसने जैसे ही रिश्वत की रकम ली एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दीपक के कहने पर टीम ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों आरोपी दूसरी कार में वहीं बैठे थे। आरोप है चारों ने मिलकर रिश्वत लेने की योजना बनाई थी। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इनके खिलाफ इस मामले में मंगलवार को धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तीन लाख रुपए की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार चार आरोपी।

एसीबी के एसपी अनिल कुमार यादव के अनुसार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया ईएसआईसी अस्पताल एंव मेडिकल कालेज में भर्ती के नाम पर आरोपियों का एक गिरोह सक्रिय है। इस मामले में ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कालेज के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। एंटी करप्शन ब्यूरो के एसपी ने लोगों से आह्वान किया कि यदि फरीदाबाद व पलवल जिले में कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी सरकारी कार्य करने के बदले रिश्वत की मांग करता है तो वे तुरंत इसकी जानकारी एसीबी को दें। जिससे आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।

मामा के घर आए नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

भास्कर न्यूज़ | पलवल

मामा के घर आए 14 वर्षीय भांजे ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर कैंप थाना पुलिस पहुंच गई। उसने परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी यशवीर के अनुसार मीरपुर कौराली गांव निवासी सचिन का 14 वर्षीय बेटा मनीष दस दिन पहले राजीव नगर निवासी मामा वीरेंद्र के पास आया था। मंगलवार सुबह वह घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह घर आया और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। इसकी जानकारी जब उन्हें मिली तो वे तुरंत मनीष को फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। परिजनों का कहना है कि मनीष को कोई दिक्कत नहीं थी। वह घटना से कुछ देर पहले तक घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। अचानक उसने आत्महत्या क्यों की, यह समझ नहीं आ रहा।

आज शाम 4 बजे होंगे मॉकड्रिल सरकारी व निजी एजेंसी लेंगी भाग

अलर्ट पहुंचाने संबंधी तैयारियों को परखा जाएगाः डीसी विक्रम

फरीदाबाद. विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मॉकड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करते डीसी।

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 7 मई को शाम 4 बजे जिला मुख्यालय, एसडीएम कार्यालय, पुलिस विभाग और अस्पताल परिसर में मॉकड्रिल की जाएगी। इसमें विभिन्न सरकारी और निजी एजेंसियों के कर्मचारी भाग लेंगे। यह मॉकड्रिल मुख्य रूप से नागरिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंधन और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन पर आधारित होगी। ग्रामीण स्तर तक इन तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा बुधवार को एयर रेड, ब्लैकआउट, आगजनी, सिविल डिफेंस, सर्च व रेस्क्यू ऑपरेशन संबंधी मॉकड्रिल होगी। इस दौरान बिना फोन के संचार सेवाएं जारी रखने, आपातकालीन सेवा जैसे अस्पताल के लिए पावर सप्लाई बैकअप, ग्रामीण स्तर तक हूटर या सायरन के जरिए आपातकाल जैसी स्थिति की जानकारी का अलर्ट पहुंचाने संबंधी तैयारियों को परखा जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय, एसडीएम दफ्तर व पुलिस स्तर तक कंट्रोल रूम की वर्किंग जांची जाएगी।

उन्होंने कहा मॉकड्रिल का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा तंत्र की तत्परता को परखना और विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान रिस्पांस टाइम्स और कार्यप्रणाली का परीक्षण करना है। यह अभ्यास उन परिस्थितियों में टीमवर्क, समन्वय और सुरक्षा प्रक्रियाओं की दक्षता का मूल्यांकन करेगा, जिनमें तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। मॉकड्रिल में अग्नि, भूकंप, बाढ़ और आतंकवादी हमले जैसी विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों को परखा जाएगा।

जमीन दिलाने का झांसा देकर महिला से 30 लाख हड़पे, आरोपियों पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

नंगला इंक्लेव पार्ट दो निवासी एक व्यक्ति से महिला समेत कुछ लोगों ने जमीन दिलाने का झांसा देकर करीब 30 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर सारन थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित अरविंद कुमार ने शिकायत में कहा कि सितंबर 2023 में इंदू शर्मा आदि से 5825 वर्गगज का प्लॉट खरीदने का करार 30 लाख रुपए में हुआ था। इस बारे में उन्होंने आरोपियों को करीब 30 लाख रुपए दिए थे। आरोप है पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने प्लॉट बेचने का किसी और व्यक्ति से करार कर पैसे ले लिए। पैसे मांगने पर आरोपी उन्हें धमकी दे रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

छात्रा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी 36 घंटे में ही गिरफ्तार

वारदात में प्रयोग की गई एसेंट गाड़ी भी बरामद

थाना तिगांव व अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई की

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

तिगांव थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को पुलिस ने 36 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया था, जब छात्रा स्कूल जा रही थी।

चार मई को छात्रा ने तिगांव थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि 3 मई को सुबह जब वह स्कूल जा रही थी तो रास्ते में कार सवार दो लड़कों ने उसे खींचकर गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद उसे सुनसान जगह ले गए। वहां एक लड़के ने उनके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा की इस शिकायत पर तिगांव थाने में पोक्सो एक्ट व अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज किया गया था। बल्लभगढ़ के डीसीपी राजकुमार वालिया ने बताया कि तिगांव थाना व सीआईए सेक्टर 65 की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इंतजार व उसके सहयोगी विकास को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी छांयसा थाने के तहत आने वाले चांदपुर गांव के रहने वाले हैं। वारदात में प्रयोग की गई एसेंट गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रापर्टी टैक्स जमा न करने पर नगर निगम ने पांच प्रॉपर्टी को किया सील

फरीदाबाद | प्रापर्टी टैक्स जमा न करने पर नगर निगम ने एनआईटी जोन दो में पांच प्रॉपर्टी को सील कर दिया। इन पर 17 लाख रुपए से ज्यादा का टैक्स बकाया था। सीलिंग की कार्रवाई सेक्टर-21 में हुई। बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। इस मामले में एनआईटी जोन दो की जेडटीओ सुमन रत्रा की टीम ने अलग अलग जगह पर यह कार्रवाई की। टीम ने दो रिहायशी और तीन कमर्शियल प्रॉपर्टी को सील किया। उन्होंने कहा एनआईटी के ज्वाइंट कमिश्नर हितेन्द्र कुमार के निर्देश पर लगातार यह कार्रवाई जारी रहेगी।

साजिश का पर्दाफाश • गेलपुर गोलीकांड में सीआईए का खुलासा

पीड़ित ने साथी के साथ मिल खुद चलाई थी गोली, पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | पलवल

गेलपुर गांव में दो दिन लगातार हुई एक युवक पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। दूसरे दिन हुई फायरिंग के मामले में सीआईए ने शिकायतकर्ता व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से देसी पिस्टल भी बरामद हुई है।

सीआईए प्रभारी दीपक गुलिया ने बताया कि गेलपुर गांव में एक युवक पर दो बार फायरिंग के संबंध में दी गई शिकायतों के आधार पर सदर थाने में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। पहली घटना दो मई व दूसरी तीन मई को हुई। शिकायतकर्ता गेलपुर निवासी लोकेश ने बताया कि गांव के सौरव और हिमेश ने उन पर दो मई को फायरिंग की थी। जिसमें वह बाल-बाल बच गए थे। इसके बाद तीन मई को सुबह करीब 11 बजे लोकेश पर फिर से हमला हुआ। लोकेश ने पुलिस को बताया कि जब वह मां के साथ घर के बाहर थे, तभी दो बाइकों पर सौरव, राहुल, हिमेश व तीन अन्य युवक अवैध हथियारों के साथ पहुंचे। इसके बाद सौरव ने उन पर गोली चला दी। इस बार भी गोली उनके पास से गुजर गई। पहली घटना की शिकायत पर पुलिस ने मौके से गोली का एक खोल बरामद किया था।

जांच में शक की सुई पीड़ित की ओर घूमी

एसपी अरुण सिंगला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीआईए को सौंप दी। सीआईए को दो बार फायरिंग की वारदात संदिग्ध लग रही थी। जांच में शक की सुई पीड़ित की तरफ घूमी। इसके बाद गेलपुर गांव निवासी लोकेश उर्फ जितेंद्र व उमेश को काबू कर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। पूछताछ के दौरान लोकेश उर्फ जितेंद्र ने बताया कि दो मई को सौरव व हिमेश ने उनके ऊपर फायरिंग की की वारदात की थी। इसके खिलाफ और मामले दर्ज कराने की नियत से उसने अपने साथी उमेश के साथ मिल प्लान बनाया और खुद देसी पिस्तौल से गाड़ी में फॉयर कर कर पुलिस को झूठी सूचना दी। सीआईए प्रभारी गुलिया के अनुसार इसके बाद मुख्य आरोपी लोकेश उर्फ जितेंद्र व सहयोगी उमेश को गिरफ्तार कर लिया गया।

बच्चे से मारपीट को लेकर हुए झगड़े में घर में घुस हमला, 9 लोग घायल, 30 पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | पलवल

बच्चे से मारपीट के बाद हुए झगड़े में 30 से अधिक लोगों ने घर में घुसकर हमला कर नौ लोगों को घायल कर दिया। हथीन थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर 30 के केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार हुंचपुरी कला गांव निवासी साहुन ने शिकायत में कहा कि उनके भाई रफीक के आठ वर्षीय पोते सोलिज को उनके पड़ोसी अली मोहम्मद व उनका बेटा हसन अपने घर में ले गया और मारपीट की। आरोपियों ने उसके साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने इस बात को लेकर पड़ोसी अली मोहम्मद से शिकायत की। इसी दिन देर रात करीब साढ़े नौ बजे वे अपने भाई जैकम के घर में बैठे थे। तभी आरोपी ने हमला किया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके घायलों को हथीन के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

सभा • कांग्रेस का 'संविधान बचाओ अभियान का आयोजन, केंद्र सरकार पर निशाना

देश की आत्मा है संविधान, हर नागरिक को रक्षक बनकर सामने आना होगाः हुड्डा

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

हरियाणा का पानी रोककर संघीय ढांचे पर चोट पहुंचाई जा रही

कांग्रेस के 'संविधान बचाओ अभियान' के तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मंगलवार को गुरुग्राम और नूंह पहुंचे। उन्होंने दोनों जगह पर जनसभा को संबोधित किया।

बादशाहपुर जनसभा में उन्होंने कहा कि संविधान इस देश की आत्मा है और यह पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। लेकिन आज संविधान की शक्ति, देश के संघीय ढांचे और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। आज कहीं सुप्रीम कोर्ट पर अनुचित टिप्पणियां की जा रही हैं तो कहीं जांच एजेंसियों का राजनीतिक द्वेष के तहत दुरुपयोग किया जा रहा है। कहीं आरक्षण पर चोट पहुंचाने की कोशिश हो रही है तो कहीं चुनावी प्रक्रियाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

लेकिन कांग्रेस बीजेपी के इन मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। कांग्रेस एक अभियान के जरिए जन-जन तक यह संदेश पहुंचा रही है। संविधान देश का रक्षक है तो देश के हर नागरिक को भी संविधान का रक्षक बनकर सामने आना होगा।

जनसभा के बाद पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस जाति जनगणना का स्वागत करती है। पार्टी और खासकर राहुल गांधी ने हर मंच से यह मांग उठाई थी। आखिरकार बीजेपी को झुकना पड़ा और जाति जनगणना पर हामी भरी। अब कांग्रेस आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की कैप को भी हटवाने की मांग उठाएगी।

गुरुग्राम। जनसभा को सम्बोधित करते भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोके जाने पर हुड्डा ने कहा कि यह संघीय ढांचे पर चोट पहुंचाई जा रही है। कांग्रेस इसका मजबूती से विरोध करेगी। सरकार अगर हरियाणा हित में उचित कदम उठाएगी तो कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। इसी तरह अगर केंद्र सरकार पाकिस्तान के खिलाफ किसी कार्रवाई को अमल में लाती है तो कांग्रेस मजबूती के साथ सरकार के साथ खड़ी है।इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज, पूर्व मंत्री आफताब अहमद, सहप्रभारी जितेंद्र बघेल, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तीन बड़ी परियोजनाएं साबित होंगी मील का पत्थरः विश्राम

भास्कर न्यूज़ | नूंह

डीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिले की तीन बड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। तीनों के लिए जगह चिन्हित की जा चुकी हैं। इनकी ड्राइंग व एस्टीमेट बनाकर सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। तीनों परियोजनाएं शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ मीटिंग के बाद डीसी ने मंगलवार को बताया कि इन परियोजनाओं में ऑडिटोरियम व लाइब्रेरी, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कार्यालय के लिए तीन मंजिला भवन तथा करीब सवा एकड़ क्षेत्र में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स व मल्टीपर्पज हाल शामिल हैं। डीसी ने बताया कि परियोजनाओं की ड्राइंग बनाने के लिए कंसलटेंट एजेंसी हायर की जा चुकी है। इसके बाद सरकार को ड्राइंग व एस्टीमेट मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और वहां से अप्रूवल आते ही टैंडर आमंत्रित कर इन परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के बनने से जिला नूंह के लोगों, खासकर शहरवासियों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इन प्रोजेक्ट में करीब 400 बच्चों के पढ़ने की क्षमता के साथ सभी सुविधाओं से लैस लाइब्रेरी बनाई जाएगी, जिसमें इंटरनेट, डिजीटल मेटीरियल आदि की भी सुविधा होगी। इसी प्रकार एक बड़ा ऑडिटोरियम बनाया जाएगा, जिसमें जिला में होने वाले बड़े कार्यक्रमों का आसानी से आयोजन करना संभव होगा। उन्होंने बताया कि करीब सवा एकड़ भूमि में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाया जाएगा, जिसमें ओपन ग्राउंड के साथ-साथ मल्टीपर्पज हॉल भी बनाया जाएगा, जिसमें सभी प्रकार के इनडोर व आउटडोर खेलों का आयोजन करना संभव होगा।

जीयू में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

गुरुग्राम | गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है । गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के इच्छुक छात्र गुरुग्राम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि जीयू ने 11 स्नातक पाठ्यक्रमों की 430 सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है आगे बताया कि बैचलर ऑफ़ फिजियोथेरेपी (बीपीटी), मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (इंटीग्रेटेड),मास्टर ऑफ साइंस (फिजिक्स) (इंटीग्रेटेड), एमबीए (इंटीग्रेटेड),मास्टर ऑफ कॉमर्स (इंटीग्रेटेड), बैचलर ऑफ़ साइंस (एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया),मास्टर ऑफ आर्ट्स (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) (इंटीग्रेटेड), मास्टर ऑफ आर्ट्स (डेवलपमेंट स्टडीज) (इंटीग्रेटेड),बैचलर ऑफ़ आर्ट्स (योगा),बैचलर ऑफ़ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन आदि हैं।

युवती की फेक आईडी बना जानकारों पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप

गुरुग्राम | साइबर क्राइम मानेसर एरिया में इंस्टाग्राम पर युवती के नाम से फेक आईडी बनाकर उसके जानकारों के पास अश्लील मैसेज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के फिरोजाबाद की युवती ने कहा कि वह मानेसर एरिया में किराए पर रहती है। उसकी इंस्टाग्राम पर आईडी है। किसी ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फेक आईडी बना रखी है। इस आईडी से आरोपी उसके जानकारों पर अश्लील मैसेज कर रहा है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

स्कूल बस ने महिला को कुचला, घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया

गुरुग्राम | सेक्टर-10 ए थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की बस ने महिला को कुचल दिया। महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही सेक्टर-10 ए थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से अलीगढ़ की रहने वाली रूबी ने बताया कि वह गुडग़ांव के गांव गाडौली में किराए पर रहकर यहां नौकरी करती हैं। गत 26 अप्रैल को वह सेक्टर-37सी स्थित जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के पास अपना काम खत्म कर वापस अपने घर जा रही थी। तभी स्कूल की बस के ड्राइवर ने बस को लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी, जिससे वह बस के नीचे आ गई। उसने पुलिस को बताया कि इस घटना में उसके पैर और हाथ में काफी अधिक चोटें लगी। वारदात के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया और लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान, 70 रेहड़ियों को तोड़ा

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

जीएमडीए व नगर निगम के अधिकारियों ने मंगलवार को एक बार फिर रेहड़ी पटरी लगाकर अतिक्रमण करने वालों पर संयुक्त कार्रवाई की। मंगलवार को बस स्टैंड रोड, अग्रसेन चौक व खांडसा रोड पर लगी रेहड़ियों को ना केवल हटाया गया, बल्कि रेहड़ियों को जेसीबी की मदद से चकनाचूर कर दिया गया। इससे पहले गत 25 अप्रैल को डीटीपी आरएस बाठ की अगुवाई में गुरुग्राम के महावीर चौक पर 35 रेहड़ियों को हटाकर तोड़ दिया गया था। यह पहली बार है, जब रेहड़ियों को जब्त करने की बजाय पूरी तरह तोड़ा जा रहा है। वहीं आरएस बाठ ने कहा कि रेहड़ी लगाने वाले लोगों को फल व सब्जियां वापस कर दी गई हैं। अतखांडसा रोड से 75 से अधिक सब्जी के ठेले तथा महावीर चौक, अग्रसेन चौक और बस स्टैंड रोड पर 14 से अधिक ठेले हटाए। 45 दिन में खांडसा रोड पर तीसरा दौरा गुरुग्राम में अतिक्रमण हटाने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी और डीटीपी जीएमडीए आरएस बाठ ने 45 दिनों की अवधि में खांडसा रोड पर तीन दौरे किए और सभी अतिक्रमणकारियों को क्षेत्र खाली करने और मास्टर रोड पर किसी भी तरह के अवैध कब्जे को रोकने के लिए कहा। एमसीजी और सीएमओ की टीमों ने भी स्थिति का जायजा लेने के लिए अलग-अलग दौरे किए।

महावीर चौक पर जेसीबी से रेहड़ियों को तोड़ता दस्ता।

खुलासाः ट्रॉली बैग में पैक करने से पहले गला दबाकर की थी युवती की हत्या

गुरुग्राम | गुरुग्राम के सुशांत लोक थाना क्षेत्र में ट्राली बैग में मिले युवती की शव की पहचान चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई है। युवती के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर दीपक माथुर ने बताया कि युवती की हत्या संभवतः गुरुवार को की गई थी। वहीं इस ब्लाइंड मर्डर में पुलिस के हाथ चार दिन बाद भी खाली हैं। हालांकि पुलिस की दो टीमें इस मामले में हत्या आरोपी की तलाश कर रही हैं।

सुशांत लोक थाना क्षेत्र में गत 3 मई की देर शाम को ट्राली बैग गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड के नजदीक शिव नादर स्कूल के पास वाली सड़क पर मिला था। अशोक नामक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी। राहगीर अशोक के अनुसार बैग से दुर्गंध आने पर उसने बैग खोला तो युवती की डेड बॉडी मिली थी।

मॉक ड्रिल : एयर रेड के दौरान बचाव कार्य को ले मॉक ड्रिल, आज रात होगा ब्लैक आउट

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

युद्ध आदि आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, इसके लिए आज 7 मई को गुरुग्राम जिला में गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देशों के तहत सिविल डिफेंस द्वारा प्रभावी ढंग से नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल की जाएगी।

जिला आपदा एवं आपदा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी अजय कुमार ने इस संदर्भ में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संबंधित विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिला में चिन्हित स्थानों पर यह मॉक ड्रिल की जाएगी। उक्त स्थानों पर शाम 4 बजे तेज सायरन की आवाज के साथ लोगों को सतर्क किया जाएगा। मॉक ड्रिल के लिए लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कमांड कंट्रोल एरिया कम एमरजेंसी आपरेशन सेंटर बनाया जाएगा। ताऊ देवीलाल स्टेडियम में स्टेजिंग एरिया बनाया गया है। जहां टास्क फोर्स मैनेजर की अध्यक्षता में राहत एवं बचाव दल की पांच टीमें मौके पर मौजूद रहेंगी।डीसी ने बताया कि मॉक ड्रिल की तय प्रक्रिया के तहत जिला में बुधवार की रात को निर्धारित समय पर ब्लैक ऑउट रखा जाएगा। नागरिकों से अपील की है कि वह ब्लैकआउट के दौरान अपने घरों की लाइट को स्विच ऑफ करें तथा मॉक ड्रिल में अपना सहयोग दें। इस दौरान नागरिकों को घरों के अंदर ही रहने की सलाह दी जाती है।

एयर रेड मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी।

मॉक ड्रिल का क्या है उद्देश्य

डीसी ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य एयररेड वॉर्निंग सिस्टम के दौरान अलर्टनेस चेक करना, मुख्य और सहयोगी कंट्रोल रूम की वर्किंग सही हो यह सुनिश्चित करना, आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने का प्लान और उसका एक्जीक्यूशन चेक करना, ब्लैक आउट के दौरान उठाए जाने वाले सभी कदमों का रिव्यू करना है ताकि वास्तविक स्थिति में उपरोक्त बिंदुओं पर प्राथमिकता से कार्य किया जा सके।

ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार किशोर को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत

गुरुग्राम | डीएलएफ फेज-1 थाना एरिया एरिया में ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। युवक बाइक से किराने का सामान लेकर अपनी रेहड़ी की ओर रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

यूपी के कन्नौज निवासी रामकृष्ण ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गुरुग्राम के ग्वाल पहाड़ी में रहता है। उसका पौत्र 16 वर्षीय संदीप दोपहर करीब 02.55 बजे बाइक पर किराने का सामान लेकर अपनी रेहड़ी की ओर आ रहा था। एएसएफ बिल्डिंग के निकट पानी का टैंकर ले जा रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें संदीप बाइक सहित सड़क पर गिर गया। वहीं चालक ने संदीप पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर लिया।

नसिर हुसैन दोबारा बने जेजेपी के जिलाध्यक्ष

नूंह | जननायक जनता पार्टी द्वारा जिला प्रधानों की लिस्ट जारी की गई, जिसमें जिला नूंह से अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश प्रभारी मरहूम बदरूद्दीन के बेटे नासिर हुसैन को नूंह जिले का फिर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अडबर हाउस पहुंचकर जिला नूंह के नए जिला अध्यक्ष नासिर हुसैन को पगड़ी बांधी। पूर्व प्रवक्ता राहुल जैन ने बताया कि पार्टी में इससे पहले नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नासिर हुसैन के पिता मरहूम चौधरी बदरुद्दीन ने भी जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी जैसे पदों पर रहकर संगठन की बागडोर संभाली थी।

नीट फर्जीवाड़ा • जेल भेजे गए बेगूसराय के डॉक्टर और सेंटर का खुलासा

पीएमसीएच के डॉक्टर ने समस्तीपुर के दो सेंटरों पर बिठाया था सॉल्वर

भास्कर टीम | पटना

नीट यूजी-25 की परीक्षा में पीएमसीएच के डॉक्टर दीपक ने समस्तीपुर के दो परीक्षा केंद्रों पर सॉल्वर बिठाया था। मंगलवार को जेल भेजे गए विभूतिपुर के रहने वाले बेगूसराय जेल में पदस्थापित डा. रंजीत कुमार और दरभंगा के लहेरियासराय के रहने वाले रामबाबू मल्लिक ने यह खुलासा किया है। रामबाबू ने स्वीकार किया है कि हमलोगों ने समस्तीपुर के बीआरबी कॉलेज और कृष्णा हाई स्कूल जितवारपुर में स्कॉलर बिठाने के लिए सेटिंग किया है। रामबाबू के मोबाइल की जब छानबीन की गई तब उसके मोबाइल में दीपक पीएमसीएच 234 नाम से एक नंबर सेव मिला। दीपक के नंबर से रामबाबू के व्हाट्सएप पर नीट यूजी के कई अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट का आदान-प्रदान मिला है। रामबाबू ने खुलासा किया कि दीपक ही परीक्षा में बिठाने के लिए स्कॉलर की व्यवस्था करता है। दीपक का दो मोबाइल नंबर पुलिस को मिला है। समस्तीपुर पुलिस दीपक के बारे में जानकारी जुटा रही है। समस्तीपुर पुलिस ने दीपक सहित अन्य जालसाजों के बारे में पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों से भी जानकारी साझा की है। पुलिस यह पता लगा रही है कि पीएमसीएच का यह दीपक कौन है, उसके दोनों मोबाइल नंबर की पड़ताल की जा रही है। समस्तीपुर के मुफ्फसिल थाना में डा. रंजीत कुमार, रामबाबू मल्लिक, दीपक कुमार पर केस दर्ज किया गया है। वहीं व्हाट्सएप नंबर 9661024966 के उपयोगकर्ता पर भी केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस को बरामद डॉक्यूमेंट और अन्य मोबाइल नंबर की भी छानबीन कर रही है।

डॉ. रंजीत कुमार।

विज्ञापन निकलते ही दीपक का गिरोह हो गया था एक्टिव

नीट यूजी 25 की परीक्षा के लिए फार्म भरने के लिए जैसे ही विज्ञापन निकला, दीपक और उसका गिरोह सक्रिय हो गया था। दीपक इसके बाद ही स्कॉलर और अभ्यर्थी तलाशने लगा। इस बात का खुलासा पूछताछ में हुआ है। रामबाबू ने खुलासा किया कि दीपक स्कॉलर और अभ्यर्थी का फोटो मिलाकर मिलता-जुलता फर्जी फोटो बनवाता है। इसके बाद अभ्यर्थी उसी फोटो का इस्तेमाल फार्म भरने में करता है। जांच में यह बात आई कि अभ्यर्थियों से मोटी रकम ली जाती है और स्कॉलर को 2 से 5 लाख दिया जाता है।

रामबाबू के व्हाट्सएप से मिली स्कॉलर व अभ्यर्थियों की सूची

रामबाबू के व्हाट्सएप पर बिना सेव किए हुए मोबाइल नंबर से स्कॉलर और अभ्यर्थियों की सूची भेजी गई है। उक्त सूची में स्कॉलर का नाम और मोबाइल नंबर भी है। अभ्यर्थियों और स्कॉलर की सूची की छानबीन की जा रही है। वहीं डा. रंजीत के मोबाइल से बरामद अभ्यर्थियों की सूची का भी सत्यापन भी पुलिस कर रही है। दोनों के मोबाइल से पुलिस को कई अभ्यर्थियों की दिव्यांगता का प्रमाण पत्र भी मिला है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर अभ्यर्थियों से फार्म भरवाता है। दोनों सिर्फ इतना स्वीकार किया कि चार अभ्यर्थियों के बदले स्कॉलर बिठाने की योजना थी। चारों अभ्यर्थी का ब्योरा पुलिस को मिल गया है।

कई जिलों में सॉल्वर बिठाने की थी योजना, हो रही छापेमारी

रामबाबू ने खुलासा किया कि नीट यूजी 25 की परीक्षा में समस्तीपुर सहित कई जिलों में मूल अभ्यर्थी की जगह स्कॉलर बिठाने की साजिश थी। समस्तीपुर एसपी के निर्देश पर मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। एसआईटी दोनों जालसाजों से पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर कई जिलों में छापेमारी कर रही है। बरामद साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है। एसआईटी दोनों के खाता की भी जानकारी ली है। एसआईटी यह भी जांच करेगी कि दोनों के खाता में हाल के महीनों में कितने पैसों का लेनदेन हुआ है। छानबीन के बाद एसआईटी डा. रंजीत कुमार और रामबाबू मल्लिक को रिमांड पर भी ले सकती है।

दरभंगा के एक युवक का नाम भी आया सामने, छानबीन जारी

जेल भेजे गए डॉक्टर रंजीत ने पुलिस को बताया कि वह अपने रिश्तेदारों की परीक्षा थी। वह दरभंगा के युवक को अपने रिश्तेदारों का एडमिट कार्ड देने आया था। हालांकि पुलिस को इस बयान पर संदेह है। पुलिस दरभंगा के उस के बारे में जांच कर रही है। समस्तीपुर पुलिस रामबाबू के बारे में दरभंगा पुलिस से भी संपर्क की है। रामबाबू के बारे में एसआईटी दरभंगा मेडिकल कालेज से भी जानकारी जुटा रही है। जांच में यह बात आई कि रामबाबू के पिता डीएमसीएच में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी थे और तीन महीने पहले ही रिटायर हुए हैं। रामबाबू भी वहां अनुबंध पर सफाईकर्मी रह चुका है। वहीं एसआईटी डा. रंजीत के बारे में विभूतिपुर थाना से जानकारी जुटाने को कही है और बेगूसराय पुलिस को भी इसके बारे में बताया गया है।

जानकी नवमीः जनकपुर में नगर परिक्रमा कर मना मां सीता का जन्मोत्सव

जयनगर | जनकपुर के जानकी मंदिर में मंगलवार को जानकी नवमी पर सीता जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही साधु-संत और श्रद्धालु 'सिया बोल सिया बोल' के जयघोष के साथ माता सीता की डोली लेकर दूधमती नदी पहुंचे। वहां वैदिक विधि से शाही स्नान कराया गया। इसके बाद नगर परिक्रमा कर जानकी मंदिर पहुंचे।

103 एकड़ वन भूमि घोटाला • आरोपियों के घर पहुंचा ईडी

बोकारो में ईडी ने दो आरोपियों से पूछा-जमीन के पेपर कैसे बनाए

भास्कर न्यूज | रांची/बोकारो

ईड) की टीम मंगलवार को बोकारो में तेतुलिया मौजा की 103 एकड़ वन भूमि घोटाले की जांच के लिए फिर पहुंची। टीम ने आरोपी महेश नागेशिया और कलीम अंसारी का बयान दर्ज किया। अब तक ईडी आरोपियों को अपने ऑफिस में बुलाकर पूछताछ करता रहा है। पहली बार आरोपियों के ठिकानों पर पहुंचा।

ईडी ने दोनों आरोपियों से पूछा-जमीन के कागजात कैसे तैयार हुए। इसमें उनकी भूमिका है या नहीं। बोकारो स्थित चास के राणा प्रताप नगर स्थित पेंट व जमीन कारोबारी महेश नागेशिया के आवास पर सुबह 6.30 बजे ईडी के अधिकारी पहुंच गए थे।

बीएसएल के लैंड रिकॉर्ड डिपार्टमेंट में भी की जांच

ईडी की आठ सदस्य टीम बोकारो स्टील प्लांट के लैंड रिकॉर्ड एंड अलॉटमेंट विभाग पहुंची। टीम ने कार्यालय को कब्जे में ले लिया। चास प्रखंड के उकरीद निवासी जमीन कारोबारी कलीम अंसारी के घर भी ईडी की टीम सुबह करीब 7 बजे पहुंची। टीम के पहुंचते ही सुरक्षा बलों ने कलीम के घर की घेराबंदी कर ली। इसके बाद टीम आवास के अंदर जाकर अन्य लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी। वन भूमि घोटाले में बोकारो स्टील के कुछ अधिकारियों की भूमिका को भी ईडी तलाश रहा है। जल्द ही अन्य आरोपियों से भी पूछताछ होगी।

गोरखपुर- मुजफ्फरपुर-पटना वंदे भारत अगले माह से, डेढ़ घंटे में पटना पहुंचेंगे

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर के रास्ते गोरखपुर व पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इस ट्रेन से मुजफ्फरपुर के यात्री चार घंटे में गोरखपुर व डेढ़ घंटे में पटना पहुचेंगे। वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने रूट निर्धारित कर लिया है। पूर्व मध्य रेलवे ने रूट प्लान पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को भेजा है।

अगले माह से गोरखपुर-मुजफ्फरपुर- पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होने की संभावना है। गोरखपुर से सुबह करीब छह बजे ट्रेन चलेगी। बेतिया स्टेशन पर ठहरते हुए सुबह दस बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। पांच मिनट ठहराव के बाद ट्रेन रवाना होकर सुबह साढ़े 11 बजे पटना पहुंचेगी।

जेएसएससी ने हाईकोर्ट में दिया संशोधित हलफनामा

सहायक आचार्य की नियुक्ति का रिजल्ट जुलाई से सितंबर के बीच

हाईकोर्ट ने कहा-समय सीमा का अनुपालन हो, सुनिश्चित करे जेएसएससी

भास्कर न्यूज | रांची

झारखंड में 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति परीक्षा का परिणाम जुलाई से सितंबर के बीच जारी होगा। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने हाईकोर्ट में संशोधित हलफनामा दायर कर यह दावा किया। हाईकोर्ट ने इस समय सीमा को स्वीकार कर लिया है। पहली से आठवीं कक्षा तक के लिए यह नियुक्ति दो श्रेणियों में की जानी है। इनमें इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक (कक्षा 1 से 5) और स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (कक्षा 6 से 8) शामिल हैं। जेएसएससी ने कोर्ट को बताया कि समय सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाएंगे।

चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की है। आयोग को उस दिन समय सीमा अनुपालन पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पूरी प्रक्रिया जेएसएससी की निगरानी में चरणबद्ध तरीके से हो, ताकि सितंबर तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सके। गौरतलब है कि अभ्यर्थी लंबे समय से इस परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। इसके तहत बड़ी संख्या में नियुक्ति की जाएगी।

सांसद डॉ. संजय जायसवाल के भाई पर जमीन कब्जा करने का आरोप, केस दर्ज

बेतिया | भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पश्चिम चंपारण सांसद डॉ. संजय जायसवाल के भाई डॉ. दीपक जायसवाल पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगा है। कोर्ट के आदेश पर बानुछापर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला नगर के पुरानी गुदरी निवासी राजेश कुमार की शिकायत पर दर्ज हुआ है। राजेश कुमार योगापट्टी के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। राजेश कुमार ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। इसके आधार पर थाने में केस दर्ज हुआ। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि डॉ. दीपक जायसवाल, चनपटिया के खैरटिया निवासी रामानंद पटेल समेत आठ-दस अज्ञात को आरोपित किया गया है।

काशी में दो छात्र की डूबकर मौत, दोनों ने जेईई मेंस क्वालिफाई किया था

वाराणसी| वाराणसी में हनुमान घाट पर 2 दोस्तों की गंगा में डूबकर मौत हो गई। दोनों ने जेईई मेंस क्वालिफाई कर लिया था। मरने वाले छात्रों की पहचान आदित्य राय और विराट सिंह के रूप में हुई है। आदित्य मध्यप्रदेश के सिंगरौली, जबकि विराट ट्यूबवेल कॉलोनी, मिर्जापुर का रहने वाला है। सूचना पर अस्सी चौकी पुलिस और जल पुलिस मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम ने करीब 1 घंटे रेस्क्यू चलाकर दोनों के शव बरामद किए।

पीएम आदेश दें तो पाक कूच करें साधु-संत, शास्त्रों के साथ शस्त्र का भी अभ्यास कर रहे संत

प्रयागराज| पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पूरे देश में आक्रोश है। प्रयागराज के साधु-संतों में भी इससे नाराजगी है। यहां संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वह यदि संतों को छूट दें तो देश भर के साधु संत पाकिस्तान पर कूच कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से कुछ दिनों से प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पर गंगा किनारे साधु संत शास्त्रों के साथ साथ शस्त्रों का भी अभ्यास कर रहे हैं।

बख्तियारपुर, गोपालगंज और अरवल में घटना

बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, आठ झुलसे

भास्कर न्यूज | बख्तियारपुर

गेहूं की दौनी एवं भूसा उठाने के दौरान हुए अचानक आई तेज आंधी-पानी के बीच बिजली गिरने से तीन किसानों की मौत हो गई, वहीं आठ जख्मी हो गए। यह हादसा सोमवार की देर रात थाना क्षेत्र के सतभैया रामनगर दियारा क्षेत्र में हुआ।

बताया गया कि तेज आंधी-पानी के दौरान सभी लोग बचने के लिए खलिहान में लगे ट्रैक्टर की आड़ में गए, तभी तेज बिजली चमकी और ट्रैक्टर पर जा गिरी। इस दौरान ट्रैक्टर के डाला के नीचे छिपे 11 लोग इसकी चपेट में आकर जख्मी हो गए। इस हादसे की चपेट में आए सभी लोग नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या 11 अबू महमदपुर के निवासी हैं, जो दियारा क्षेत्र में स्थित अपने खेतों में गेहूं की कटाई के बाद दौनी कर रहे थे।

बिजली गिरने से गोपालगंज और अरवल में दो की मौत

अरवल/गोपालगंज| बिजली गिरने से गोपालगंज व अरवल में दो लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान गोपालगंज के बैकुंठपुर थाने के मठिया गांव की सीमा देवी व अरवल के कलेर के गुल्ली बिगहा गांव के एक युवक के रूप में हुई।

कार-बाइक की भिड़ंत, 4 दोस्तों समेत 6 की मौत

भास्कर न्यूज | शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में ईको कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार 10 फीट उछलकर सड़क पर गिर पड़े। बाइक में आग लग गई और थोड़ी देर में वह पूरी तरह जल गई। वहीं, कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो बाइक सवार 4 युवक सड़क पर तड़प रहे थे। कार सवार 3 लोग बुरी तरह से गाड़ी में फंसे हुए थे। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार के दरवाजे और शीशे तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया। इनमें से 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 4 और लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा सोमवार रात 2 बजे मदनापुर थाना क्षेत्र के बरखेड़ा जयपाल के पास हुआ।

रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

सरकार ने हाईकोर्ट में गलती मानी, रिम्स निदेशक को हटाने वाला आदेश वापस लेगी

भास्कर न्यूज | रांची

झारखंड सरकार रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को पद से हटाए जाने का आदेश वापस लेगी। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को कोर्ट को यह जानकारी दी। जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि गलती से बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए हुए यह आदेश जारी किया गया था। आगे कोई भी कार्रवाई नियम के तहत की जाएगी। इस पर हाईकोर्ट ने यह कहते हुए याचिका का निपटारा कर दिया कि जब तक आदेश औपचारिक रूप से वापस नहीं लिया जाता, तब तक डॉ. राजकुमार निदेशक पद पर बने रहेंगे। डॉ. राजकुमार को अचानक रिम्स निदेशक पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा था कि न तो उन्हें हटाने का कोई कारण बताया और न ही सफाई देने का मौका दिया। मंगलवार को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना नोटिस दिए और अपमानजनक शब्दों में जारी आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार के आदेश पर कोर्ट ने पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद डॉ. राजकुमार को फिर से निदेशक बना दिया गया था।

शासी परिषद ने 17 अप्रैल को पद से हटा दिया था

15 अप्रैल को रिम्स शासी परिषद की 59वीं बैठक में मेडॉल जांच घर और हेल्थ मैप के बकाया भुगतान को लेकर डॉ. राजकुमार और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के बीच नोक-झोंक हो गई थी। तब डॉ. राजकुमार ने इस्तीफे की पेशकश थी। इसके दो दिन बाद 17 अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के अनुमोदन पर आदेश जारी कर डॉ. राजकुमार को निदेशक पद से हटा दिया गया। इसके बाद वे हाईकोर्ट पहुंचे थे।

श्रावस्ती में अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई जारी, दो मदरसे ध्वस्त, 18 सील

श्रावस्ती| श्रावस्ती में अवैध और बिना मान्यता के संचालित मदरसों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई दसवें दिन भी जारी रही। तहसील भिनगा के ग्राम अशरफ नगर में शासकीय भूमि पर स्थित मदरसा अरबिया गौसिया सफिउल उलूम को ध्वस्त किया गया। तहसील जमुनहा के ग्राम रामपुर बस्ती में शासकीय भूमि पर बने अवैध मदरसा दारूल उलूम गौसिया फैजान रजा को भी गिराया गया। साथ ही निजी भूमि पर स्थित 18 अमान्य मदरसों को चिह्नित कर सील किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अनुसार, जिले में कुल 297 मदरसे हैं। इनमें से केवल 105 मदरसों के पास मान्यता है।

पुणे महानगरपालिका, पुणे

PUNE MUNICIPAL CORPORATION

Health Department

Tender Cell Department, Tender Advertisement

Sr.	Particulars	Date
1.	Tender Form Sale Period	07/05/2025
2.	Tender Form Receiving Period	07/05/2025
3.	Bid Submission End Date	16/05/2025
4.	Tender Opening Date	19/05/2025
5.	Pre-Bid Beetins Date	14/05/2025

TENDER NO.	DEPARTMENT NAME	NAME OF WORK	TENDER FEES	B1/B2	EMD AMT.	PERIOD OF WORK	CONTACT PERSON MOBILE NO.
PMC/ Health/ CMS/1/2025-26	Health	Purchase of All Types of Medicines and Medical Appliances etc. on daily basis for Local Purchase Health Scheme (L.P.) from Licence Holder Medicine Supplier.	17879/-	B-1	9,50,000/-	24 Months	Rahul Namdev Wadgaye 9881190696

Sd/-
DR. SANJEEV WAVARE
Asst. Medical Officer of Health
Pune Municipal Corporation

Sd/-
DR. NINA BORADE
Medical Officer of Health
Pune Municipal Corporation

Advt No. 3/95 Date : 06/05/2025

दैनिक भास्कर

पाठक अपने भरे हुए प्रतियोगिता फॉर्मेट को

15 मई तक नीचे दिए गए स्थान पर जमा कर अपना निश्चित उपहार प्राप्त कर सकते है।

कलेक्शन / गिफ्ट वितरण सेंटर सूची

डी बी कॉर्प लिमिटेडः
एफसी-10 और 11 फिल्म सिटी सेक्टर-16ए नोएडा यूपी, फोन. 0120-4928800, मो. 9711131186

दैनिक भास्करः
एन के सेंटर, दूसरी मंजिल,उद्योग विहार, चरण-V,सेक्टर-19, शंकर चौक के पास,गुरुग्राम, मो. 8506081975

अरोड़ा न्यूज़ एजेंसीः
दुकान नंबर 4 लाइब्रेरी मार्केट अंबेडकर चौक बल्लभगढ़, मो. 9811477204, 8506081975

ढींगरा न्यूज़ एजेंसीः
पलवल कैंप- कच्चा बाजार पलवल कैंप, मो. 9996477234, 8506081975

वधवा न्यूज़ एजेंसीः
शॉप नंबर 4 पार्ट 2 सेक्टर 19 नियर बैंक ऑफ इंडिया फरीदाबाद, मो. 98116 95860, 8506081975

पुरी न्यूज़ एजेंसीः
गेट नंबर-03 मेट्रो स्टेशन तिलक नगर के पास, मो. 8800240246, 9711131186

अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी दैनिक भास्कर कार्यालय से संपर्क करें: मो. 9711131186
(काल करने का समय- प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक)

फॉर्मेट जमा करने के बाद अपनी रसीद लेना ना भूले।

ग्रामीण क्षेत्रों के पाठक फॉर्मेट अपने एजेंट को जमा कर रसीद प्राप्त करें।
एजेंट को जमा किए गए फॉर्मेट के बदले निश्चित उपहार आगामी 15-20 दिनों में दिया जाएगा।

नियम व शर्तें | • प्रकाशित कूपनों में से कोई भी 30 स्टैंडर्ड एवं 5 मास्टर कूपन चिपका कर फॉर्मेट पूरा कर सकते है। • फॉर्मेट में एक कूपन एक बार ही चिपकाना होगा। • कूपन फॉर्मेट व कूपन की फोटो कॉपी मान्य नहीं होगी। • दैनिक भास्कर के कर्मचारी, उनसे संबंधित व्यक्ति, वितरक व एजेंट इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं। • देश के किसी भी कानून के तहत अगर विजेता का कोई भी दायित्व बनता है तो विजेता स्वयं उसका वहन करेगा। • किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का निराकरण माननीय न्यायालय, भोपाल के द्वारा किया जायेगा। • योजना से संबंधित सभी अधिकार डीबी कॉर्प लि. के पास सुरक्षित हैं।

भास्कर इन्वेस्टिगेशन • दमोह में 19 शिक्षकों के दस्तावेज फर्जी, बर्खास्त सिर्फ 3... हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं जागा प्रशासन

ऐसा फर्जीवाड़ा... जुड़वां बहनों ने एक अंकसूची पर 18-18 साल नौकरी की, एक स्कूल में पोस्टिंग का आवेदन किया तो पकड़ीं; ऐसे 16 शिक्षक पढ़ा रहे

संजय मौर्य | दमोह

दमोह जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी स्कूलों में नौकरी करने वाले शिक्षकों का बड़ा घोटाला सामने आया है। शिक्षा विभाग की जांच में ऐसे 19 शिक्षक चिह्नित हुए, जिनकी अंकसूचियों और शैक्षणिक दस्तावेजों में गंभीर गड़बड़ी पाई गई। लेकिन विभाग ने अब तक सिर्फ 3 शिक्षकों को ही बर्खास्त किया है। बाकी 16 शिक्षक अब भी बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जुड़वां बहनों की एक जोड़ी ने एक ही नाम और एक ही अंकसूची का उपयोग कर अलग-अलग स्कूलों में नौकरी कर ली। दोनों ने 18-18 साल तक नौकरी की और 80-80 लाख रुपए से अधिक वेतन भी ले लिया। फर्जीवाड़ा सामने आया तो एक बहन फरार हो गई। दूसरी नोटिस का जवाब नहीं दे रही।

दोनों का एक नाम, शक्ल भी एक जैसी- एक फरार, दूसरी नोटिस का जवाब नहीं दे रही

रश्मि पति दीपेंद्र सोनी, मिडिल स्कूल कुमेरिया, दमोह

रश्मि पति विजय सोनी, प्राइमरी स्कूल खैराई, सागर

केस 1 : दोनों 1.60 करोड़ वेतन ले चुकीं... दोनों जुड़वां बहनें हैं। बीए फाइनल की एक ही अंकसूची से अलग-अलग स्कूलों में नौकरी कर ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब इन्होंने एक ही स्कूल में पोस्टिंग के लिए आवेदन दिया। दीपेंद्र की पत्नी रश्मि को सस्पेंड किया गया। विजय की पत्नी रश्मि फरार। दोनों ने मिलकर 18 साल में करीब 1.6 करोड़ रुपए वेतन ले लिया।

केस 2 : जुड़वां बहनों की डीएड की अंकसूची फर्जी : दमोह जिले के मैनवार और गढ़ोला खांडे के स्कूलों में पदस्थ नीलम तिवारी और आशा मिश्रा भी जुड़वां बहनें हैं। देवरानी-जेठानी का रिश्ता भी साझा करती हैं। जांच में दोनों की डीएड की अंकसूचियां फर्जी पाई गईं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने इन्हें सिर्फ निलंबित किया। कुछ समय बाद बहाल भी कर दिया गया।

विभाग का जवाब... एक माह में पूरी करेंगे कार्रवाई

*• कुछ मामलों की जांच लंबित है। जुड़वां बहन रश्मि सोनी को अंतिम नोटिस भेजा गया, जिसे उन्होंने नहीं लिया तो घर पर चस्पा करा दिया। एक माह के भीतर कार्रवाई कर हाई कोर्ट को रिपोर्ट भेजेंगे। **-एसके नेमा,** जिला शिक्षा अधिकारी, दमोह*

केस 3 : मृत पिता को ही दोबारा मार दिया

दमोह के बकैनी मिडिल स्कूल में पदस्थ प्रभुदयाल पटेल की डीएड की अंकसूची भी संदिग्ध पाई गई। लोक शिक्षण संचालनालय ने 30 जनवरी 2025 को सुनवाई के लिए बुलाया था, पर इन्होंने पिता की मृत्यु का बहाना बना दिया। रिकॉर्ड में सामने आया कि पिता की मृत्यु 30 दिसंबर 2024 को हो चुकी थी। जब 2 मई को दोबारा बुलाया तो इस बार पिता की बरसी का बहाना बना दिया।

10 वर्ष नौकरी तो दैवेभो को नियमित करने की नीति बनाए सरकार: कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | जबलपुर

मप्र हाई कोर्ट से दैनिक वेतन भोगी (दैवेभो) कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। सोमवार को हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि 10 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले सभी दैवेभो कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप स्पष्ट नीति बनाई जाए। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मुख्य सचिव को इसके लिए एक जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह समिति प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत उन दैवेभो कर्मचारियों की जांच करेगी, जिन्होंने 10 वर्षों से अधिक सेवा प्रदान की है। आदेश की प्रति मुख्य सचिव को अनुपालन हेतु भेजने के निर्देश भी दिए हैं। जबलपुर निवासी अशोक कुमार और अन्य की नियमितीकरण याचिका पर सुनवाई हुई।

नगर सुराज संगम • समापन पर मुख्यमंत्री बोले, शहरों में जनप्रतिनिधि प्रतिबद्धता से करें काम

54 पालिका व 124 पंचायत अध्यक्षों को मंत्री ने विदेशों का उदाहरण दे बताया ऐसे सुधारें शहर

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

प्रदेश के शहरों की साफ सफाई और सुविधायुक्त बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार हो गया है। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को 54 नगर पालिकाओं और 124 नगर पंचायतों को विदेशों का उदाहरण देते हुए बेस्ट प्रैक्टिस अपनाने के टिप्स दिए। दो दिन तक चले मंथन के समापन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनप्रतिनिधियों और अफसरों से शहरों में सुराज के लिए प्रतिबद्धता से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता ने विश्वास करके विकास और जन सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी आपको सौंपी है। इस अवसर का सदुपयोग करें, निष्ठा और जवाबदेही के साथ कर्तव्यों को निभाएं। अच्छा काम करने वालों को जनता लगातार आशीर्वाद देकर आगे बढ़ने का मौका देती है। आप लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ ही विभाग की कार्यप्रणाली, योजनाओं व अधिनियमों की जानकारी मिली है। कार्यशाला से नगरीय प्रशासन एवं विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आपका ज्ञान बढ़ा होगा।

जनप्रतिनिधियों का सीएम और डिप्टी सीएम ने किया सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग का सम्मान किया। भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान नाग बाढ़ग्रस्त कोयलीबेड़ा इलाके में नदी में फंसने के बाद भी वे स्कूल वापस लौटे थे।



अध्यक्षों ने जाना शहरों के विकास का रोड मैप: साव

अरुण साव ने कहा कि राज्य के 705 जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शहरों के विकास का रोडमैप साझा किया गया है। अगले 5 साल के एक्शन प्लान पर बातचीत के साथ ही बुनियादी सुविधाओं से लेकर संसाधनों के सुप्रबंधन पर विमर्श किया गया है। पहले दिन राज्य के सभी नगर निगमों के कुल 228 प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, आयुक्त और सीनियर इंजीनियर शामिल हुए।

भास्कर एक्सप्लेनर | **कहां से क्या सीखें और कैसे**

सिंगापुर : प्रतिदिन 40 प्रतिशत न्यू वॉटर का हो रहा उपयोग मल्टी स्टेज फिल्ट्रेशन एवं यूवी डिसइन्फेक्शन की अत्याधुनिक तकनीक से जल को साफ किया जाता है।

टोक्यो (जापान) : एआई एवं सेंसर आधारित स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम स्वच्छ, स्मार्ट एवं सशक्त शहर की पहचान वाले इस शहर में भूकंप एवं सुनामी जैसी आपदा प्रबंधन और एआई एवं सेंसर आधारित ट्रैफिक सिस्टम है।

म्यूनिख (जर्मनी) : प्लास्टिक बॉटल के उपयोग में 40% की कमी जर्मनी का यह शहर सबसे सुरक्षित नल के पानी के लिए जाना जाता है।

कोपेनहेगन (डेनमार्क) : यह शहर कचरे के निपटान एवं पुनः उपयोग में दक्षता के लिए सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल एवं ऊर्जा उत्पादन वाली कचरा प्रबंधन प्रणालियों के लिए विश्व में जाना जाता है। यहां 90 प्रतिशत कचरे का पुनर्चक्रण होता है।

लव-जिहाद के अड्डे क्लब-90 पर चला बुलडोजर... दो घंटे में 6 केबिन जमींदोज

भोपाल | लव जिहाद में जिस क्लब-90 रेस्टोरेंट का नाम सामने आया था, सोमवार को नगर निगम ने उसे जमींदोज कर दिया। करीब 24 हजार वर्गफीट में फैले इस रेस्टोरेंट को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दो घंटे में गिरा दिया गया। रेस्टोरेंट में बने 6 पर्सनल केबिन और किचन को जेसीबी से ढहाया गया। जांच में सामने आया था कि आरोपी हताईखेड़ा इलाके में स्थित इसी रेस्टोरेंट में लड़कियां बुलाते थे। क्लब में पर्सनल केबिन बने थे। निगम के अनुसार, रेस्टोरेंट मेहरबान सिंह गुर्जर के नाम पर था, जो कि हताईखेड़ा में रहता है। उसने इसे आनंद नगर निवासी मोहित बघेल को 80 हजार रुपए मासिक किराए दिया था।

आरोपों में घिरा शारिक मछली, बोला- लव जिहाद से संबंध नहीं

मामले में व्यवसायी शारिक मछली पर भी आरोप लग रहे हैं। सोमवार को शारिक ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मामले से मेरा संबंध नहीं है। 5 दिन से कुछ लोग मेरा नाम ले रहे हैं। मैं और परिवार तनाव में हैं। जिस रेस्तरां का नाम आया है, वह मेरा नहीं है। मैं आरोपियों को नहीं जानता। शारिक और उनका परिवार भाजपा से जुड़ा है।

अब कार्रवाई • यहीं पर्सनल केबिन में लड़कियों को बुलाते थे

मेहरबान सिंह गुर्जर ने 2021 में इस रेस्टोरेंट की अनुमति ली थी। इसका संचालन मोहित कर रहा था। मेहरबान इसी लीज रेंट भी नहीं भर रहा था। निगम अधिकारियों के मुताबिक, यहां करीब 20 हजार वर्गफीट ओपन एरिया था। 4 हजार वर्गफीट में किचन और 6 केबिन अवैध रूप से बने थे। नगर निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने पहले नोटिस दिया था। सोमवार शाम 4 बजे कार्रवाई शुरू की। शाम 6 बजे तक पूरा रेस्टोरेंट ढहा दिया गया।

आरोपियों को फंडिंग कौन कर रहा था... फरारी में किसने मदद की, इसकी अलग जांच किसी आईपीएस से कराएंगे

भास्कर इनसाइट

क्राइम रिपोर्टर. भोपाल | लव जिहाद मामले में पुलिस अब यह जानने में जुटी है कि मुख्य आरोपी फरहान और उसके साथियों को फंडिंग कहां से मिल रही थी। उन्होंने जो महंगी बाइक, गैजेट्स और ठिकानों का बार-बार बदलने जैसी लाइफस्टाइल अपनाई थी, वह बिना फाइनेंशियल सपोर्ट के संभव नहीं। सूत्रों के मुताबिक, डीसीपी स्तर के एक अधिकारी को यह जांच सौंपी गई है कि इन आरोपियों की आय का स्रोत क्या था और फरारी के दौरान किन लोगों ने मदद की।

- जांच में सामने आया है कि फरहान और उसके साथी छिपने के लिए शहर के आसपास अलग-अलग ठिकानों पर रहे। मदद करने वाले कुछ संदिग्ध नाम सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है।
- आरोपियों के बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की हिस्ट्री निकाली जा रही है। जिन मोबाइल नंबरों पर लगातार बातचीत होती रही, उनकी कॉल डिटेल रिकॉर्डिंग्स निकाली गई है।
- मुख्य आरोपी फरहान को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। छठा आरोपी अबरार अब भी फरार है।

बड़ी कार्रवाई: अवैध शराब परिवहन पर तीन आबकारी सर्किल प्रभारी निलंबित, 6 को नोटिस

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

प्रदेश में अवैध शराब का परिवहन और कारोबार रोकने में लापरवाही बरतने वाले बलौदाबाजार, महासमुंद और राजनांदगांव के तीन सर्किल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आबकारी आयुक्त ने बताया कि बलौदाबाजार जिले के वृत्त प्रभारी मोतिन बंजारे को निलंबित करने के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह, सहायक आबकारी अधिकारी एवं मंडल प्रभारी जलेस सिंह को नोटिस जारी किया गया है। वहीं बलौदाबाजार के बनसांकरा में मध्यप्रदेश की 104 पेटी विदेशी शराब जब्त की थी। इसी प्रकार 3 मई को बागबाहरा में 14 पेटी देशी, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा की बीयर एवं 13 नग विदेशी शराब के मामले में प्रभारी मुकेश वर्मा को निलंबित किया गया है, जबकि आबकारी अधिकारी निधिश कोष्ठी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को नोटिस जारी किया गया है। वहीं राजनांदगांव के डोंगरगढ़ स्थित करवारी लतमर्रा मार्ग फार्म हाउस में 432 पेटी विदेशी शराब, खाली बोतल, ढक्कन, लेबल एवं 4 हजार नग होलोग्राम जब्त किया गया था। इस मामले में अनिल सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि राजनांदगांव के तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त यदुनंदन राठौर एवं मंडल प्रभारी संदीप सहारे को नोटिस जारी किया गया है।

भाजपा सरकार बस्तर के संसाधनों को लूट रही है: विक्रम मंडावी

रायपुर | विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों की खुलेआम लूट मचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, बस्तर के लोहा, टिन, जल, जंगल, जमीन और अब कोरंडम जैसे बेशकीमती संसाधनों को अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले करने का घिनौना खेल शुरू हो गया है।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरू करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

दिल्ली से जबलपुर तक हड़कंप • रेलवे ने 3 घंटे तक चलाया सर्च ऑपरेशन

केंद्रीय मंत्री उरांव दमोह में ट्रेन से लापता, 162 किमी दूर दूसरी ट्रेन में मिले, हाथ-पैर में चोट

भास्कर न्यूज़ | जबलपुर

दिल्ली से गोंडवाना एक्सप्रेस में सवार होकर जबलपुर आ रहे केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ट्रेन से रहस्यमय ढंग से गायब हो गए। शनिवार रात हजरत निजामुद्दीन से रवाना हुई ट्रेन में वे आखिरी बार देखे गए। रविवार सुबह दमोह में उनकी बर्थ खाली मिली। खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। करीब 3 घंटे तक ट्रेन-ट्रैक पर सर्च के बाद वे 162 किमी दूर सिहोरा स्टेशन पर (जबलपुर) संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच बी3 की बर्थ 57 पर मिले। उनके हाथ-पैर पर चोट के निशान थे। सूत्रों के अनुसार, सुबह 3:45 बजे मंत्री दमोह स्टेशन पर उतरे। तभी उनका शुगर लो हो गया और ट्रेन चलने लगी। ट्रेन में चढ़ते समय मंत्री का पैर फिसला और उन्हें चोट आई। इसी दौरान दूसरे प्लेटफॉर्म पर संपर्क क्रांति आई तो मंत्री उसी में बैठ गए। उनका स्टाफ तलाश में जुट गया। पीए ने बताया कि मंत्री हरदुआ से लापता हुए। बाद में पता चला कि यहां ट्रेन रुकी ही नहीं। सुबह 6:55 बजे मंत्री सिहोरा स्टेशन पर मिले। प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर लाया गया। पूरे घटनाक्रम पर मंत्री की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं, रेलवे के सीनियर डीएसीएम डॉ. मधुर वर्मा व सिहोरा में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब बोले- सूचना मिलते ही स्टाफ को अलर्ट किया गया। जबलपुर पहुंचते ही मंत्री को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई।

सुकमा-बीजापुर सीमा पर तारलागुड़ा की घटना

नक्सलियों ने उपसरपंच को घर से उठाया, गला घोंटकर की हत्या

भास्कर न्यूज़ | सुकमा/दंतेवाड़ा

सुकमा व बीजापुर जिले की सीमा पर तारलागुड़ा ग्राम पंचायत के उपसरपंच की नक्सलियों ने निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद उपसरपंच का शव जंगल में फेंक दिया। मिली जानकारी के मुताबिक तारलागुड़ा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बैनपल्ली निवासी उपसरपंच मुचाकी रामा के घर बीते सोमवार की देर रात ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे नक्सलियों ने उसे उठा लिया। इसके बाद पास के जंगल में ले गए और रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। वहीं बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सोमवार को हुई मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को जवानों ने ढेर कर दिया है। मौके से मृत नक्सली का शव और 303 राइफल बरामद किया है। इस मुठभेड़ में डीआरजी, एसटीएफ, सीआरपीएफ व कोबरा की संयुक्त पार्टी ने ऑपरेशन चलाया।

राजनीतिक दलों से संवाद करेगा सीईओ ऑफिस

रायपुर | भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को राजनीतिक दलों से संवाद करने को कहा है। छत्तीसगढ़ में भी इस संबंध में पहल की जा रही है। सीईओ कार्यालय में नियमित संवाद को बढ़ावा देने पर राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को बुलाया जाएगा। इसका कार्यक्रम जल्द जारी होगा। यह माना जा रहा कि चुनाव को सहज व सुविधापूर्ण तरीके से संपन्न कराने संवाद की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। रचनात्मक चर्चाओं के माध्यम से राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से सुझाव भी मांगे जाएंगे।

टाउन प्लानिंग के डायरेक्टर बदले, जांच रिपोर्ट की फिर समीक्षा होगी... मास्टर प्लान अटका

रायपुर | शहर के मास्टर प्लान में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आने के बाद टाउन प्लानिंग के आला अफसरों से इसकी जांच कराई गई थी। करीब तीन महीने की जांच के बाद समिति ने रिपोर्ट टाउन प्लानिंग के तत्कालीन डायरेक्टर सौरभ कुमार को सौंप दी थी।

रिपोर्ट की समीक्षा के बाद इसे कैबिनेट में पेश करना था और उसी दौरान टाउन प्लानिंग के डायरेक्टर बदल गए। नए डायरेक्टर अवनीश कुमार शरण के समक्ष जांच रिपोर्ट सबमिट की गई तो उन्होंने कह दिया वे नए सिरे से समीक्षा करेंगे। उन्होंने अफसरों से कहा है कि वे जल्द ही इस संबंध में बैठक लेंगे। रिपोर्ट की फिर समीक्षा होने से फिलहाल कैबिनेट को नहीं सौंपी जाएगी। इस वजह से मास्टर प्लान में बदलाव फिलहाल अटक गया है। मास्टर प्लान पिछली कांग्रेस की सरकार में बनाया गया था। राज्य में जब भाजपा की सरकार बनी तो कई स्तर पर मास्टर प्लान को लेकर शिकायत की गई। उसी के बाद पिछले साल मई में जांच की घोषणा की गई। यानी एक साल बाद भी मास्टर प्लान के बदलाव पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया है। नया मास्टर प्लान लागू नहीं होने की वजह से अभी शहर में जितनी भी योजनाएं बन रही हैं वे अफसर अपने हिसाब से बना रहे हैं। इसके अलावा मास्टर प्लान में जिन लोगों की जमीन प्रभावित हुई हैं उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि प्लान में संशोधन की वजह से वे अपनी ही जमीन की खरीदी-बिक्री तक नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है। फिलहाल यह भी तय नहीं है कि मास्टर प्लान में आम लोगों से दावा-आपत्ति कब मंगाई जाएगी।

verka
Har Din Da, Har Dil Da
पंजाब राज्य सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड,
एससीओ 153-155, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़-160022, ईपीएबीएक्स नं. 0172-5041812,66

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

www.verka.coop

निम्नलिखित वस्तुओं की खरीद और आपूर्ति के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.सं.	कार्य/मद का नाम	अवधि/अस्थायी मा
1.	वेरका हेड ऑफिस, चंडीगढ़ के लिए तरल नाइट्रोजन गैस	वार्षिक/ 32620 लीटर

नोट : 1. उपरोक्त निविदा (एनआईटी) के संबंध में पूरी जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट यानी www.verka.coop और ई टेंडरिंग पोर्टल यानी eproc.punjab.gov.in पर जाएं।
2. शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

NA/12/29736/2023/44147 उप महाप्रबंधक (खरीद)

फैसला • मात्र वोट के लिए विधायक करा देते हैं मंजूर, बाद में बढ़ता है खर्च

मप्र में नहीं खुलेंगे नए सरकारी डिग्री कॉलेज

भीम सिंह मीणा | भोपाल. मप्र में अब नए सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं खोले जाएंगे। यदि कोई विधायक घोषणा भी करता है तो विभाग पहले इलाके में सर्वे करेगा कि इसकी जरूरत है भी या नहीं। इस तरह की अनौपचारिक सहमति सरकार की तरफ से विभाग को मिल गई है। दरअसल, इस निर्णय के पीछे विधानसभा चुनाव 2023 के समय खोले गए 35 नए डिग्री कॉलेज हैं। इनमें 1500 छात्र हैं। जबकि इन कॉलेजों पर हर साल करीब 150 करोड़ खर्च हो रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के एसीएस अनुपम राजन ने बताया कि नए डिग्री कॉलेज खोलने से पहले देखा जाएगा कि कॉलेज खोले जाने वाली जगह से 20 से 30 किमी दायरे में कोई दूसरा कॉलेज है कि नहीं। उस इलाके में कम से कम एक हायर सेकंडरी स्कूल हो, जिसमें 500 या उससे अधिक विद्यार्थी हो। यह सब मापदंड हैं और इनका ध्यान रखकर ही नए कॉलेज खोले जाएंगे।

नए डिग्री कॉलेजों की यह है स्थिति : इन 35 कॉलेजों में से 5 को ही अब तक जमीन मिल पाई है।

- फंदा जैसे ही शाहपुरा जबलपुर, इंदौर कम्पेल, चरगंवा जबलपुर, भेरवा उमरिया, रेहटगांव हरदा, कोठी सतना, दमोह कॉलेज व मॉडल कॉलेज गुना में 100 विद्यार्थी भी नहीं है।

यदि विधायक ने मांग रखी तो पहले सर्वे होगा... वजह... विधानसभा चुनाव के समय 35 नए कॉलेज खोले, इनमें महज 1500 विद्यार्थी

भास्कर ने 23 मई 2024 को किया था खुलासा।

नियम यह, लेकिन पालन नहीं हो रहा

नियमानुसार नया कॉलेज शुरू करने से पहले 20 से 30 किमी दायरे में सर्वे होना चाहिए। अभी विधायक द्वारा अपने क्षेत्र में वोटर्स को लुभाने के चक्कर में सीएम से घोषणा करा दी जाती है और सर्वे बाद में होता है। जबकि सर्वे रिपोर्ट सबमिट होने के बाद कमेटी कॉलेज खोलने पर निर्णय लेती है।

दो उदाहरण... इनसे समझिए स्थिति

- मंडीदीप में राजा भोज कॉलेज में 1000 छात्र हैं, लेकिन अब तक इसे जमीन नहीं मिली। कलेक्टर ने एकेवीएन को हॉल ही में 12 एकड़ जमीन आवंटित करने के लिए पत्र लिखा है।
- दूसरा कॉलेज भोपाल के फंदा में है। यहां 25 बच्चे हैं, पर 100 करोड़ भवन के लिए मांगे हैं।

अभी मध्यप्रदेश में यह हाल... मप्र में कुल 1371 कॉलेज हैं और करीब 15 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें 571 सरकारी हैं और इनमें 11.75 लाख विद्यार्थी अध्यनरत हैं। लेकिन नए 35 सरकारी कॉलेज में 1500 बच्चों ने ही प्रवेश लिया है। जबकि इन्हें खोले हुए लगभग एक सत्र पूरा हो गया है।

43 दिन में पूरे कचरे का निष्पादन संभव

पीथमपुर : यूका का बचा 307 मीट्रिक टन कचरा जलना शुरू

महू | यूनियन कार्बाइड के बचे हुए 307 मीट्रिक टन कचरे को जलाने की शुरुआत सोमवार से हो गई। इस कचरे को 270 किग्रा प्रति घंटे के हिसाब से इंसीनरेटर में डाला जा रहा है। हाई कोर्ट ने 30 जून को कचरा निष्पादन की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। पीथमपुर के रामकी इन्वायरो प्लांट में सोमवार सुबह 7.42 बजे इंसीनरेटर शुरू किया गया। शाम 7:42 बजे कचरे की पहली खेप डाली गई। जानकारी के अनुसार- इंसीनरेटर में 307 मीट्रिक टन कचरे के निपटान में करीब 43 दिन का समय लग सकता है। इसमें एक दिन में लगभग 6480 किग्रा कचरा जलेगा। इंसीनरेटर का तापमान 1100 डिग्री तक भी ले जाया जाएगा। मार्च के पहले सप्ताह तक 30 टन कचरा जलाने के लिए तीन चरणों का ट्रायल किया गया था। हर चरण में 10-10 टन कचरा जलाया गया।

उत्तर रेलवे
ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **27.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

क्रम सं	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि
ए	सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा – IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली	रुपये 65,28,617.97	रुपये 1,30,600.00	06 महीने
	किशनगंज–1 के कार्य क्षेत्र में क्वींस रोड रेलवे कॉलोनी में जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए मौजूदा स्टील टैंक के स्थान पर 100 किलो लीटर क्षमता के नए एसएमसी पैनल टैंक 1 का निर्माण और शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली में गनाईटिंग और पॉलीमर प्लास्टर द्वारा आरडीएसओ रेस्ट हाउस की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु ।			

1. निविदा दिनांक: **27.05.2025** को **15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या:–128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/25–26/डब्लयू–ई/टेंडर. न: 10
दिनांक: 05.05.2025 1336/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

NIAM
नवाचार और उद्यमिता महासंघ सीसीएस नियाम
Regd. Office: C/O चौधरी चारण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, कोटा रोड, बंबाला, जयपुर, राजस्थान
Website: https://niam-nabi.com/
(राष्ट्रीय कृषि विकास योजना नवाचार और कृषि उद्यमिता कार्यक्रम, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत कृषि व्यवसाय इनक्यूबेटर)
NABI
कोहोर्ट-12 के लिए भारतीय कृषि स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों से आवेदन पत्र हेतु निवेदन
नवाचार और उद्यमिता महासंघ सीसीएस नियाम द्वारा कृषि व संलग्न क्षेत्रों के विकास हेतु अभिनव /अद्वितीय कृषि-व्यवसाय आईडिया/नवाचार/प्रोटोटाइप/ एमवीपी रखने वाले भारतीय कृषि स्टार्टअप्स/ नवप्रवर्तकों/ विद्यार्थियों से विद्यार्थि उद्यमिता कार्यक्रम तहत ₹ 4 लाख तक, कृषि उद्यमिता कार्यक्रम तहत ₹ 5 लाख तक, कृषि व्यवसाय इन्क्यूबेशन कार्यक्रम तहत ₹ 25 लाख तक की सहायता अनुदान योजना अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। चयनित आवेदक एक महीने के कृषि उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन के बाद पुनर्चयनित आवेदक उनके कृषि-व्यवसाय सम्बंधित नवप्रवर्तनशील आईडिया/प्रोटोटाइप/ एमवीपी के विकास हेतु अनुदान सहायता के लिए पात्र होंगे।
आवेदन करने की अंतिम तिथि: 15 मई 2025
Sd/-
निदेशक
अन्य जानकारी के लिए देखे : www.niam-nabi.com
ई-मेल :nabi@ccsniam.ac.in मो. 91 91679 63551 / 88758 70034

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरू करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

भास्कर इन्वेस्टिगेशन खरीद केंद्र प्रभारी ने स्वीकारा- हां गलती हुई, वसूली कर लो...कार्रवाई करो

ऐसे रचा मूंगफली घोटाला- 2.6 करोड़ की मूंगफली की जगह भरा कचरा-छिलका, सड़ी फलियों से बढ़ाया वजन

डीडी वैष्णव | जोधपुर

फलोदी क्रय-विक्रय सहकारी समिति के लोहावट खरीद केंद्र पर मूंगफली खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अब इसे दबाने में पूरा सिस्टम जुट गया है। समर्थन मूल्य पर की गई खरीद में कम मिली 6130 क्विंटल मूंगफली को भौतिक रूप से दिखाने के लिए भ्रष्टाचार का पूरा षड्यंत्र रचा गया। करीब 2.60 करोड़ रु. के इस घोटाले का मुख्य सूत्रधार खरीद केंद्र प्रभारी मोहनलाल है। जबकि फलोदी क्रय-विक्रय सहकारी समिति जीएम चंद्रवीरसिंह देवड़ा की भी भूमिका है।

खरीद घोटाला सामने आने के बाद भास्कर टीम फलोदी जिले की लोहावट मंडी पहुंची। यहां लाइन में बोरियों के ढेर लगे थे। पूछताछ करने पर पता चला कि इन्हीं बोरियों में मूंगफली भरी है, जिसकी जांच चल रही है। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से इन बोरी को खुलवाया गया। अंदर से मूंगफली से ज्यादा उसके छिलके, सड़ी मूंगफली और उसका कचरा निकला।

लगभग सभी बोरियों में ऐसा ही था। यही भ्रष्टाचार की जड़ थी। यानी मूंगफली की बजाय कचरे का सौदा किया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि भ्रष्टाचार सामने आने के बाद भी सबूत के तौर पर उपयोग आने वाली मूंगफली खुले में पड़ी है। यानी सबूत मिटाने का मौका दिया जा रहा है।

भास्कर टीम लोहावट मंडी पहुंची। वहां पिंड पर रखी बंद बोरियों को खुलवाकर जांच की। एक के बाद एक कई बोरे खुलवाए गए तो मूंगफली खरीद का काला सच सामने आ गया। कई बोरियों में मूंगफली की जगह कचरा, सड़ी हुई मूंगफली और छिलके ही मिले। बोरियों में वजन पूरा करने के लिए बजरी भी मिलाई गई थी। कुल मिलाकर 4703 बोरियों में 1646 क्विंटल छिलका, कचरा और सड़ी हुई मूंगफली भरी हुई मिली। इसके अलावा 4484 क्विंटल मूंगफली की खरीद केवल कागजों में ही हुई। इसको 159 से ज्यादा किसान बताकर विक्रय पर्चियां बांट दी। इनमें से 17 किसानों को 645 क्विंटल माल लौटाने का झूठा दावा किया जा रहा है, तो भी शेष 3839 क्विंटल मूंगफली अभी सिर्फ कागजों में ही है।

भास्कर टीम ने खुलवाई लोहावट मंडी की 'घोटाले वाली बोरियां'

फोटोः विजय ओझा

खरीद के साथ ही शुरू हुआ खेल, दो महीने में खुलने लगी परतें

1. **विशेष आदेश के तहत फरवरी तक** लोहावट केंद्र पर 1.30 लाख क्विंटल मूंगफली की खरीद।
2. **16 अप्रैल को स्टॉक की जांच** में पता चला कि 6130 क्विंटल मूंगफली केंद्र में कम है।
3. कम मूंगफली की रिपोर्ट मांगी तो **मोहनलाल ने बताया कि 1.24** लाख क्विंटल का भंडारण राजफेड ने वेयर हाउस में करवा लिया है। शेष 6130 क्विंटल माल वेयर हाउस से नॉन एफएक्यू यानी घटिया बताकर लौटा दिया गया।

...जबकि हकीकत में वेयर हाउस में मूंगफली भेजी ही नहीं गई तो लौटाने की बात ही झूठी निकली।

खुद के स्टांप, खुद की साख

159 में से 17 किसानों को उनकी मूंगफली लौटाना बताया गया है, जबकि किसान ही नहीं थे तो किसे लौटाई। स्वयं ने स्टांप खरीदे व साख दी।

...बोरों में भर दिया कचरा

नॉन एफएक्यू माल बताने के लिए मौके पर 1646 क्विंटल, 4703 बोरियां में छिलके, कचरा व सड़ी मूंगफली भर दी।

कबूलने के बाद भी केवीएसएस नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

मोहनलाल ने जांच अधिकारी को 29 अप्रैल को दिए लिखित जवाब में बताया कि 159 किसानों की विक्रय पर्ची निरस्त की जाए। किसानों को मूंगफली लौटाने व भुगतान करने, उन्हें संतुष्ट करने की जिम्मेदारी मेरी होगी। किसानों के हित में बचत खाते से चेक उपलब्ध करवा रहा हूं। मुझसे वसूली की जाए। विभाग मेरे खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को स्वतंत्र है। चौंकाने वाली बात है कि मोहनलाल का यह पहला भ्रष्टाचार का मामला नहीं है, 5 साल पहले भी ऐसा हो चुका है।

जीएम व खरीद प्रभारी दोषी

जांच रिपोर्ट में प्रथमदृष्टया खरीद केंद्र प्रभारी मोहनलाल व केवीएसएस जीएम चंद्रवीरसिंह देवड़ा दोषी पाए गए हैं। इनके खिलाफ केस दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

-टीकमचंद बोहरा, एमडी, राजफेड

मूंगफली घोटाले के खेल का पूरा वीडियो देखने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

सख्ती : ट्रांसफर पर रोक, एपीओ से नियुक्ति अवैध करार...कार्रवाई होगी

जयपुर | विभागों में एपीओ या अन्य तकनीकी जुगाड़ के माध्यमों से इच्छित स्थान पर जमे रहने वाले कार्मिकों पर सरकार बड़ा डंडा चलाने जा रही है। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की सचिव उर्मिला राजोरिया ने बताया कि इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि स्थानान्तरण प्रतिबंध अवधि में कार्मिकों को आदेशों की प्रतीक्षा अथवा अन्य माध्यम से इच्छित जगह रिक्त पद पर पदस्थापन आदेश जारी करने को राज्य सरकार के आदेश की अवज्ञा समझा जाएगा।

फर्जीवाड़े से हथियाई नौकरी, खरसाण स्कूल का पीटीआई बर्खास्त

उदयपुर | शिक्षा विभाग ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खरसाण के पीटीआई गजराजसिंह सारंगदेवोत को फर्जी दस्तावेज मामले में बर्खास्त कर दिया है। सारंगदेवोत को नवंबर-दिसंबर में ही सेवा से अलग कर दिया गया था, लेकिन हाईकोर्ट से स्टे के कारण मामला रुक गया था। विभाग शारीरिक शिक्षक भर्ती 2022 के सभी संदिग्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की नए सिरे से जांच करेगा। हालांकि मामला खुलने के बाद 134 अभ्यर्थियों को बर्खास्त कर दिया गया था। साथ ही 312 के खिलाफ जांच की जा रही है। फिर भी विभाग और एसओजी ने तय किया है कि संदिग्ध बचने के हरसंभव प्रयास में है। डीईओ प्रारंभिक ननिहाल सिंह चौहान ने बताया कि कार्रवाई तो पहले ही कर दी थी।

शादी में आई नाबालिग से दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

छाजा (बांसवाड़ा) | आनंदपुरी थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने आई नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 4 मई की रात करीब 2 बजे की है। नाबालिग गुजरात से अपने माता-पिता के साथ मामा के गांव नोतरे आई थी। शादी समारोह के बाद वह अकेली घर लौट रही थी। रास्ते में मैनापादर निवासी अजय, नरेश, योगेश, राकेश और एक अन्य युवक ने उसे पकड़ लिया। पांचों उसे पास के खेत में ले गए। वहां अजय ने नाबालिग से दुष्कर्म किया और बाकी चारों आरोपियों ने उसे पकड़े रखा।

गिरफ्तार तस्कर एमबीए, इंजीनियर और एमबीबीएस डॉक्टर

फ्रांस-जर्मनी से जयपुर में मंगवाते थे ड्रग्स, एनसीबी ने 5 राज्यों में 9 तस्करों को पकड़ा

आरोपियों से 324.65 ग्राम कोकीन भी जब्त की गई

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को ड्रग्स तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। राजस्थान एनसीबी की टीम ने मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित 5 राज्यों में 9 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 324.65 ग्राम कोकीन और एमडी ड्रग्स भी बरामद की गई है। आरोपियों में एमबीबीएस, एमबीए और इंजीनियर भी शामिल हैं। हालांकि एनसीबी ने इनके नामों का खुलासा नहीं किया है। एनसीबी के अफसरों का कहना है कि ड्रग्स तस्करों ने जयपुर को 'ड्रग्स डिस्ट्रीब्यूशन हब' बना लिया है। यहां पर फ्रांस और जर्मनी से ड्रग्स मंगवाई जाती है, फिर अन्य राज्यों में सप्लाई की जाती है। कोकीन जयपुर से उदयपुर के रास्ते मुंबई भेजी जाती थी। इनके तार बॉलीवुड से भी जुड़े हैं।

एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि जयपुर के विदेश डाकघर से फ्रांस से एक संदिग्ध पार्सल आने की सूचना मिली थी। इस पर टीम ने पार्सल चेक किया तो 26.32 ग्राम कोकिन बरामद की गई। यह पार्सल उदयपुर में डिलिवर होना था। एनसीबी की टीम ने उदयपुर में डिलिवरी लेने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कोकिन, एमडीएमए और एक्स्टेसी भी मिली। युवक का कहना था कि 'उसका काम पार्सल लेकर मुंबई जाना टीम ने मुंबई यूनिट को सूचना देकर वहां से उसी संदिग्ध को पकड़वाया, जो बॉलीवुड में काम करता है।

एनसीबी की कार्रवाई के दौरान 2 पार्सल जयपुर में डिलिवर हो गए

मुंबई में पकड़े गए तस्कर की कॉन्टैक्ट हिस्ट्री के आधार पर एनसीबी ने मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ और सतना में दो तस्करों को पकड़ा। इनके पास से 5-5 ग्राम एमडीएमए मिली। इसके अलावा चेन्नई में एमडीएमए, मेथामफेटामिन, 88 टैबलेट एमडीएमए, मेथाक्वालोन व गांजा के साथ 6 तस्करों को पकड़ा गया। बेंगलूरू में भी एक तस्कर गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान जयपुर में फ्रांस से 111 ग्राम एक्स्टेसी टैबलेट और 101 ग्राम मेथाक्वालोन के दो पार्सल, जर्मनी से 150 ग्राम एमडीएमए का पार्सल डिलिवर हो गए। जोनल डायरेक्टर सोनी ने बताया कि ये तस्करी का रैकेट डार्क नेट के जरिए किया जा रहा है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व तमिलनाडु के तस्कर विदेश से ड्रग्स मंगवाने के लिए जयपुर को हब बना रखा था। इसके लिए ज्यादा पढ़े लिखे युवकों को तस्करी से जोड़ रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील है कि ड्रग्स तस्करी की कोई भी सूचना 1933 पर सूचना दे सकते हैं।

अब भगवत गीता और संविधान हॉस्टलों में पढ़वाने की तैयारी

हर्ष खटाना | जयपुर

प्रदेश के तीन हजार से अधिक सरकारी हॉस्टलों में भगवत गीता और संविधान की किताबें रखवाने की तैयारी है, ताकि 70 हजार स्टूडेंट्स इन किताबों का अध्ययन करके इनके महत्वों को जीवन का हिस्सा बना सकें। इन हॉस्टलों में सर्वाधिक एसटी-एससी के छात्र-छात्राएं हैं। बताया जा रहा है कि इस तरह की वर्किंग करने वाला राजस्थान एकमात्र प्रदेश होगा, जिसमें भगवत गीता और संविधान दोनों पुस्तकों को रखवाया जा रहा है। गीता का प्रतिदिन का एक पाठ करना या सुनना-सुनाना भी हॉस्टल छात्रों की इस वर्किंग का हिस्सा बनेगा। हालांकि, इसका अलग से प्रोग्राम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जारी किया जाएगा।

ऐसा क्यों कर रही सरकार

स्कूल के पाठ्यक्रमों में भगवत गीता को शामिल करने को लेकर कई राज्यों में विवाद सामने आए थे। एसटी के कुछ लोगों ने प्रकृति को पूजनीय माना था। एससी के कुछ लोगों ने संविधान को सबड़े बड़ा बताया था। ऐसे में सरकारी हॉस्टलों में ये फॉर्मूला लागू करने की तैयारी की गई है। हालांकि, इसके पीछे तर्क ये दिया जा रहा है कि गीता को केवल धार्मिक शिक्षा के रूप में ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे जीवन के मूल्यों, नैतिकता और दर्शन के बारे में भी शिक्षा प्रदान करने वाले ग्रंथ के रूप में भी देखा जाना चाहिए। वहीं, विभागीय मंत्री अविनाश गहलोत ने पिछले दिनों बैठक में इस काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए हैं।

श्रीगंगानगर : अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त एक युवक गिरफ्तार, दुष्प्रचार का कंटेंट मिला

सूरतगढ़(श्रीगंगानगर) | सदर थाना पुलिस ने अलगाववादी व गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुखविंदर सिंह (35) उर्फ बिट्टू निवासी 32 पीएस (ए) पुलिस थाना समेजा कोठी हाल 18 एलजीडब्ल्यू ढाणी का निवासी है। आरोपी की इंस्टाग्राम आईडी पर दुष्प्रचार किए जाने के कंटेंट मिले हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए 4 दिन का रिमांड लिया है। आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ में पता लगाया जाएगा कि उसके साथ इसी तरह की गतिविधियों में और कौन-कौन जुड़ा हुआ है। इसके बाद उसे जेआईसी के लिए भेजा जाएगा। सुरक्षा एजेंसियां संयुक्त रूप से आरोपी से पूछताछ करेंगी। सदर थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 13 विधि विरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1967 व धारा 152, 353, 196, 197(1)(ए), 197(1)(सी), 197(1)(डी) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच डीएसपी प्रतीक मील करेंगे।

सर्च ऑपरेशन • AMC के विपक्षी नेता शहजाद खान के चाचा के घर पहुंची ईडी

वक्फ की जमीन हड़पने के मामले में ED ने जमालपुर-खेड़ा समेत 10 जगह छापे मारे

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

ईडी ने अहमदाबाद में 10 अलग-अलग जगहों पर छापे मारे हैं, जिसमें सलीम जुम्माखान पठान का घर भी शामिल है, वह अपराधी है जिसने गुजरात वक्फ बोर्ड द्वारा संचालित जमालपुर ग्लास मस्जिद ट्रस्ट को नगर निगम की किराए की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने के लिए मजबूर किया था। ईडी जमालपुर और खेड़ा सहित कई स्थानों पर सर्च ऑपरेशन कर रही है।

विदित हो कि, मंगलवार को ईडी ने अहमदाबाद के जमालपुर इलाके में सौदागर बिल्डर्स नाम से कंस्ट्रक्शन का कारोबार चलाने वाले सलीम जुम्माखान पठान के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है। जमालपुर ग्लास मस्जिद, सना 7 बिल्डिंग और खेड़ा में एक फार्महाउस सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। सलीम जुम्मा खान पठान ने वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया, जो निगम को पट्टे पर दी गई थी। दानीलिमडा वार्ड के कांग्रेस पार्षद और अहमदाबाद मनपा के विपक्ष नेता शहजाद खान पठान के चाचा शरीफ खान पठान के घर पर भी छापे मारे गए हैं।

ACP बोले- ईडी ने स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा था

ई-डिवीजन एसीपी वाणी दुधात ने बताया कि शहर के जमालपुर इलाके में कांच वाली मस्जिद के पास ईडी द्वारा छापेमारी की गई। जिसके लिए स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया गया। ईडी ने सलीम जुम्मा खान पठान से जुड़े सभी लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की है, जिसके लिए पुलिस सुरक्षा भी लगाई गई है।

राजकोट: बेकाबू कार पेड़ से टकराकर पलटी, 4 की मौत, 2 घायल

भास्कर न्यूज़ | राजकोट

राजकोट जिले के धोराजी में सुपेड़ी गांव के पास चालक के स्टीयरिंग से नियंत्रण खोने पर कार पेड़ से टकराकर पलट गई, जिसमें सवार 6 लोगों में से 4 की मौके पर ही मौत हो गई और 2 घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

चारों की मौके पर ही मौत: धोराजी से उपलेटा जा रही कार सवार 6 लोग सुपेड़ी गांव के पास हादसे का शिकार हो गए। ये लोग वीडियोग्राफी करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान चालक ने स्टीयरिंग से काबू गंवा दिया और कार सीधे सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई और फिर पलट गई। इस दुर्घटना में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए, जिन्हें जूनागढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुंभलगढ़ः बारिश की फुहारों के बीच इंद्र धनुष से मौसम हुआ और सुहाना..



राजसमंद. कुंभलगढ़ | कुंभलगढ़ क्षेत्र में एक दिन पहले शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार दोहपर बाद थमा गया। लेकिन मंगलवार को हल्की बारिश की फुहारों के साथ बादल छाए रहे। वहीं शाम को लखमावतों का गुड़ा गांव का क्षेत्र में इन्द्र धनुष के बीच नजारा और खास बन गया। **-फोटो अशोक सोनी**

वडोदराः टूर एंड ट्रैवल्स संचालक ने मक्का-मदीना घुमाने के बहाने 2.40 लाख रुपए ऐंठे

भास्कर न्यूज़ | वडोदरा

गोरवा भंडारी टूर एंड ट्रैवल्स के संचालक ने एक परिवार को उमराह पढ़ने के लिए मक्का-मदीना भेजने का झांसा देकर ₹2.40 लाख ऐंठ लिए। तांदलजा हुसैनी पार्क निवासी कुरैशी मुस्तफा सिकंदर को सपरिवार मक्का-मदीना जाना था। उन्होंने गोरवा पार्क एवेन्यू स्थित भंडारी टूर्स एंड ट्रैवल्स के शोएब इकबाल राणा से संपर्क किया था। शोएब ने प्रति व्यक्ति 65 हजार मांगे और 15 दिन में काम होने का वादा किया था। परिवार ने पहले तो ₹1.20 लाख दिए, बकाया राशि वीजा-टिकट आने के बाद चुकाना तय हुआ, लेकिन 15 दिन बीतने पर भी परिवार को टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने शोएब से संपर्क किया तो बकाया राशि भी देने को कहा। इस पर परिवार ने ₹1.20 लाख और दिए। इसके बाद टूर कैंसिल का बहाना करके शोएब ने चेक जमा दिया, जो बाउंस हो गया।

मोताला तहसील में हुए सड़क हादसे में भांजे की मौत, मामा गंभीर

बुलढाणा | मोताला तहसील के तालखेड़ फाटे पर सोमवार को टिप्पर ने एक दोपहिया को टक्कर मार दी। हादसे में दोपहिया पर सवार युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अजय संजय कवणे (25) के रूप में हुई है। मलकापुर तहसील के दाताला निवासी अजय की वडगांव के उनके मामा सुरेश मुरलीधर लोखंडे (43) की बेटी से होने वाली थी। अजय अपने मामा सुरेश लोखंडे को लेने वडगांव गया था। वहां से वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।

दरिंदगी • बच्ची ने विरोध किया तो प्लास्टिक की थैली मुंह-नाक पर रखकर दम घोंटा

बीकानेर : 12वीं के छात्र ने 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या की, गाय के बाड़े में शव को फंदे पर लटकाया

बीकानेर | 12वीं के एक छात्र ने 7 साल की बच्ची से पहले दुष्कर्म किया फिर प्लास्टिक की थैली से उसका मुंह दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बच्ची के शव को फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने आरोपी को निरुद्ध किया है।

कोलायत के एक गांव में 7 साल की बच्ची बड़ी बहन के साथ सोमवार शाम को पड़ोस में शिक्षक के बच्चों के साथ उनके घर खेलने गई थी। इस दौरान 7 साल की बच्ची गाय के बाड़े में टायलेट करने गई तो पड़ोस में रहने वाले 12वीं के छात्र ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। बच्ची ने शोर मचाया और विरोध किया तो छात्र ने प्लास्टिक की थैली से उसका मुंह और नाक दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बच्ची को गाय के बाड़े में ही रस्सी से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की और फरार हो गया। वारदात के समय शिक्षक घर से बाहर गया था। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। सीओ कोलायत संग्रामसिंह ने बताया कि बच्ची के पिता की रिपोर्ट पर दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी 17 साल 11 माह का बताया जा रहा है जिसे निरुद्ध कर लिया है।

गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो पकड़ा गया

बच्ची से दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी छात्र घर से बाहर निकला और दुकानों पर गया। अपने रिश्तेदारों से भी मिला। परिजन और गांव के लोग मौके पर इकट्ठा हुए तो वहां भी पहुंच गया और भीड़ में शामिल हो गया। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की। छात्र की गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो पुलिस ने पूछताछ की, जिसमें सच्चाई सामने आ गई। एएसपी ग्रामीण कैलाशसिंह सान्दू ने बताया कि निरुद्ध किए गए युवक को किशोर न्यायालय में समक्ष पेश किया जाएगा।

प्रेरणा

तसल्ली के साथ जिंदगी को मुड़कर देखना ही उसे फिर से जीने जैसा है। **- खलील जिब्रान, कवि**

संपादकीय

पाकिस्तान को कमजोर करना मुश्किल नहीं होगा

वर्ष 1965 में यूएन में बोलते हुए भुट्टो ने भारत से हजार साल तक जंग का ऐलान किया था। नीति थी कि भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों को पूर्वी पाकिस्तान में और भारत-स्थित पंजाब को पश्चिमी पाकिस्तान में शामिल किया जाएगा। हुआ उल्टा। 1971 में भारत के समर्थन से बांग्लादेश अलग हो गया। फिर जिया आए और इस बार भारत को 'हजारों घाव देने' की नीति बनी। कश्मीर और पंजाब में घुसपैठ, सैनिक झड़प और आतंकवाद के पैकेज में छद्म युद्ध का सिलसिला शुरू हुआ। पहलगाम उसकी परिणति है। आज उन देशों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो भारत को युद्ध न करने की सीख दे रहे हैं। इधर सरकार ने सेना को सीधे एक्शन की खुली छूट दे दी है। सीधे युद्ध करना तब ज्यादा उचित होगा, जब कोई आतंकवादी पकड़ा या मारा जाए और उसका सीधा और पुख्ता लिंक इस्लामाबाद से मिले। दूसरी तरफ पाकिस्तान जैसे आर्थिक, सामाजिक और नैतिक रूप से ढहते देश को 'हजारों घाव' देकर निष्प्राण करना भारत के लिए बेहद आसान है- बांग्लादेश मुक्ति की तरह। पाक जनरल्स भ्रष्टाचार में डूबे हैं और सेना की जमीन बेचने में लगे हैं। आतंकी राजनेताओं को कंट्रोल करते हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में घुसने की सेना की हिम्मत नहीं है। इन इलाकों से दो घंटे की दूरी पर कंधार हमारा उप-दूतावास है। सिंध और पंजाब और बलूचिस्तान की हर गतिविधि पर भारत की नजर है। विकास के अभाव में पीओके की अवाम सड़कों पर है। पाक को 'हजारों घाव देना' मुश्किल नहीं होगा।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

वर और वधू लक्ष्मी और नारायण का रूप होते हैं

इन दिनों विवाह समारोहों में एक अलग ही दृश्य देखने को मिल रहा है। यदि आप समारोह में जाएं तो प्रश्न खड़ा होता है किसे दें आशीर्वाद। रिसेप्शन में जो समय लिखा है, उस पर वर और वधू के पते ही नहीं होते। घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है उनको आशीर्वाद देने के लिए। जिनके परिवारों में विवाह हो रहा है, और खासतौर पर नई पीढ़ी इस पर विचार करे कि जल्दी सोने-उठने वाली पीढ़ी का यह लास्ट बैच है। समारोह में जो अधिकांश लोग आते हैं वे या तो वृद्ध हैं या प्रौढ़ हैं, जिन्हें समय पर जाकर सोना है। परिवार के लोग कहते हैं इसके पहले का कार्यक्रम विलंब से हुआ, इसलिए रिसेप्शन में दूल्हा-दुल्हन देर से आएंगे। यह तर्क भी दिया जाता है कि नई पीढ़ी के बच्चे कह रहे हैं बरात में समय लगेगा। शृंगार में भी जितना समय लेना है लेंगे। मेहमानों से हमें क्या लेना-देना? इस पीढ़ी को कौन समझाएगा कि हमारी संस्कृति में वर और वधू, लक्ष्मी और नारायण का रूप होते हैं। जो आपको आशीर्वाद देने आए हैं, वो आपके देवतुल्य दर्शन करने आए हैं। समय का बड़ा मूल्य है। वरना दाम्पत्य जीवन में यह समय अपनी कीमत वसूलेगा। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

पाठकों के पत्र

फसलें बर्बाद होने पर मिले मुआवजा

कई राज्यों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने गेहूं की तैयार फसल को नुकसान पहुंचाया है। सरकारों को चाहिए कि अनाज मंडियों में सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था करें। कृषि वैज्ञानिक भी मौसम में आ रहे बदलावों के अनुसार फसलें विकसित करने की तकनीक पर काम करें। अगर फसलें बर्बाद होती हैं, तो किसानों को उचित मुआवजा और अगली फसल के लिए आसान कर्ज मिलना चाहिए। **- राजेश कुमार चौहान, जालंधर, पंजाब**

करोड़ों लोगों की पसंदीदा आवाज चुप

मैं वर्षों से 'वाइस ऑफ अमेरिका' का नियमित श्रोता रहा हूं। हिंदी सेवा बंद होने के बाद इंग्लिश डिजिटल सेवा सुनता था, लेकिन ट्रम्प प्रशासन के इसे बंद करने के फैसले ने निराश किया। एक आंकड़े के अनुसार, वॉइस ऑफ अमेरिका अंग्रेजी के अलावा 48 भाषाओं में 35 करोड़ से अधिक श्रोताओं, दर्शकों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं तक पहुंचा करता था। क्या अमेरिका जैसे मजबूत लोकतंत्र में यह तानाशाही निर्णय नहीं है? **- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, झारखंड**

जेनरिक दवाएं लिखें चिकित्सक

दवाओं की कीमतें उन लोगों पर भारी पड़ती हैं, जिन्हें नियमित दवाएं खानी पड़ती हैं। इलाज अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। दवा कंपनियां प्रचार का बोझ भी आम जनता पर ही डालती हैं। ऐसे में सरकार द्वारा शुरू किए गए जन औषधि केंद्रों ने कुछ राहत दी है। इन केंद्रों से सस्ती दवाएं मिल रही हैं, लेकिन जरूरत है कि हर चिकित्सक जेनरिक दवाएं लिखें और सरकार दवाओं के मूल्य नियंत्रण को सख्ती से लागू करे। **- साजिद अली, इंदौर, मध्य प्रदेश**

जंगलों की आग से पर्यावरण को खतरा

गर्मी के साथ जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इससे न केवल पर्यावरण बल्कि वन्य जीवन और पारंपरिक वनस्पतियां भी प्रभावित हो रही हैं। यह आग मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचाती है। पर्यावरण मंत्रालय को चाहिए कि आग से निपटने के लिए पर्याप्त बजट और संसाधनों के साथ ठोस रणनीति बनाए। साथ ही, प्यासे वन्य जीवों के लिए गर्मियों में पानी की समुचित व्यवस्था भी करे। **- सतीश उपाध्याय, मनेंद्रगढ़, छत्तीसगढ़**

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

क्या आप जानते हैं

अब्राहम लिंकन के पास था शराब बेचने का लाइसेंस

अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन- जिन्हें मानवाधिकार और लोकतंत्र के प्रतीक के रूप में जाना जाता है- को शराब बेचने का लाइसेंस मिला था। हालांकि यह बात उनके राजनीति में आने के पहले की है। 1833 में लिंकन इलिनॉय राज्य के न्यू सेलम में रह रहे थे। उस समय वे छोटे-मोटे कामों से जीवन चला रहे थे। उस समय लिंकन ने दोस्त विलियम एफ. बेरी के साथ मिलकर 'बेरी एंड लिंकन' नाम से दुकान खोली थी, जिसमें शराब सहित खाने-पीने की दूसरी वस्तुएं मिलती थीं।

7 डॉलर में शराब बेचने का यह लाइसेंस विलियम बेरी के नाम पर लिया गया था।

बामुलाहिज़ा • पक्का मान लीजिए कि राहुल गांधी संविधान में संशोधन की दिशा में दौड़ पड़ेंगे...

आरक्षण की सीमा 50% से ऊपर होकर रहेगी

जनगणना

शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta

जाति जनगणना ऐसा बुरा विचार है, जिसका वक्त आ गया है। इसे हम इसलिए बुरा विचार कह रहे हैं, क्योंकि राहुल गांधी को छोड़ किसी ने नहीं सोचा कि इससे प्राप्त आंकड़े का किस तरह उपयोग किया जा सकता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि जनगणना अंततः पांच साल की देरी से ही सही, पर अब करवाई जाएगी। 1881 के बाद से दशकीय जनगणना न तो कभी देर से करवाई गई थी और न ही रद्द की गई थी, 1941 में भी नहीं जब दूसरा विश्वयुद्ध चल रहा था।

वैसे अब जो जनगणना करवाने की घोषणा की गई है, वह बिहार में होने वाले चुनाव के मद्देनजर की गई तैयारी का हिस्सा लगती है। जनगणना पूरी होते ही यूपी में भी चुनाव का वक्त आ जाएगा। और इस बात की पूरी संभावना है कि जनगणना से जो आंकड़े उभरेंगे, वे 2029 के आम चुनाव में प्रचार का मुद्दा बन जाएंगे। सत्ताधारी पार्टी जातीय जनगणना को विभाजनकारी, विध्वंसकारी और खतरनाक बता चुकी है, लेकिन आज यही पार्टी- लड़ाकू विमान के पायलट जिसे '9जी टर्न' कहते हैं- वैसी पलटी खाते हुए इसे जोरदार चाल बता रही है। कांग्रेस ने भी यह कहते हुए इसका स्वागत किया है कि भाजपा ने उसका विचार चुरा लिया है।

यूपीए सरकार ने भी जातियों के आंकड़े इकट्ठा किए थे, लेकिन उनका कुछ नहीं किया। उन्हें सार्वजनिक रूप से जारी भी नहीं किया। भाजपा के पास भी ये आंकड़े 11 साल से थे और उसने उनके बारे में चुप्पी साधे रखी। उन आंकड़ों का क्या करना है और उन्हें ओबीसी तबके को लाभ पहुंचाने के लिए कैसे इस्तेमाल करना है, यह सिफारिश करने के लिए जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया। उस आयोग की रिपोर्ट को भी किसी गंभीर राष्ट्रीय रहस्य की तरह दफना दिया गया। नई जनगणना के साथ जस्टिस रोहिणी की मेहनत बेकार हो जाएगी। तथ्य यह है कि 2011 की जनगणना के बाद से ही जातीय आंकड़ों को खतरनाक माना जाता रहा था।

जाति जनगणना का विचार राममनोहर लोहिया से लिया हुआ है। आप पक्का मान लीजिए कि राहुल अब संविधान में संशोधन की दिशा में दौड़ पड़ेंगे ताकि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ऊपर की जा सके। लेकिन आरक्षण का कोटा बढ़ाकर आप क्या करेंगे, जब सरकार के पास देने के लिए कोई नौकरी ही नहीं होगी? इस खबर पर गौर कीजिए : 'रेलवे में 36,000 नौकरियों के लिए दी गईं डेढ़ करोड़ अर्जियां'। भारत के युवाओं के लिए समस्या यह नहीं है कि आरक्षण का कोटा कम है, बल्कि यह है कि सरकारी नौकरियां महज गिनती की हैं।

इस सिलसिले में अगला बुरा विचार क्या उभरेगा, इसका अंदाजा लगाने के लिए मेरा इंतजार मत कीजिए। समाजवादी व्यवस्था में इसे काफी लोग प्रस्तुत कर चुके हैं। कांग्रेस इसे जाहिर कर चुकी है। 'एआईसीसी' के प्रस्ताव को पढ़ लीजिए। उसमें कहा है कि निजी शिक्षण संस्थाओं में भी आरक्षण लागू हो। इसके बाद निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी आरक्षण की मांग की जाएगी।

यह वो सामाजिक-आर्थिक राजनीति तो नहीं है, जिसके लिए भाजपा को वोट दिया गया था। इसी राजनीति के कारण जातीय जनगणना के सबसे मुखर आलोचक भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाताओं में पाए जाते हैं, लेकिन इससे फर्क नहीं पड़ेगा। राहुल ने जितने भी लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी का नेतृत्व किया है, उनमें उन्हें हार का ही मुंह देखना पड़ा है। अपनी पार्टी को भी न तो वे पुनर्गठित कर पाए और न उसमें जान फूंक पाए, फिर भी वे भाजपा के लिए सामाजिक-आर्थिक एजेंडा तय कर रहे हैं। मैं आपको तुरंत ऐसे 10 विचार गिना सकता हूं, जिन्हें राहुल ने प्रस्तुत किया और मोदी ने अपना लिया। इनमें से अधिकतर विचार अच्छे नहीं हैं।

सवाल यह कि कौन किसकी राजनीति को बदल रहा है... भाजपा के प्रभुत्व को 'मंडल' पर 1989 के 'कमंडल' की निर्णायक जीत माना गया था। लेकिन अब भाजपा को ही मंडल को अपनाने पर मजबूर कर दिया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि कौन किसकी राजनीति को बदल रहा है? विचारधारा की लड़ाई कौन जीत रहा है?

हम जाति सर्वे से शुरू करते हुए 'NYAY' की बात कर सकते हैं जो 'पीएम-किसान' में तब्दील हुआ। फिर हमेशा के लिए मुफ्त अनाज। राहुल की 'पहली नौकरी पक्की' का वादा, जिसे 2024 के बजट में शामिल किया गया। 'सूट-बूट वाली सरकार' वाले कटाक्ष ने जमीन अधिग्रहण बिल को दफन करने को मजबूर कर दिया। अमीरों पर टैक्स (लाभांश और कैपिटल गेन पर टैक्स) को शायद 'अदाणी-अम्बानी की सरकार' वाले जुमले का जवाब देने के लिए उस स्तर पर पहुंचा दिया गया, जिस स्तर पर यह यूरोपीय देशों में है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कृषि कानूनों का भी यही हश्र किया गया। कांग्रेस ने कर्नाटक में मुफ्त बस यात्रा की जो सुविधा दी, वह मोदी-भाजपा की सामान्य पेशकश बन गई है। कर्नाटक की तरह, महिलाओं को मुफ्त सुविधाएं देने का भी इसी तरह कदम उठाया गया। राहुल ने सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को लेकर तंज कसा, तो मोदी सरकार ने निजीकरण के विचार को ही रद्द कर दिया और अपने पीएसयू पर गर्व करने लगी। पीएसयू में निवेश के लिए इस साल के बजट में 5 ट्रिलियन रु. का आवंटन किया गया। सिविल सेवाओं में बाहरी लोगों की नियुक्ति के कदम को विपक्ष की आपत्ति के बाद टाल दिया गया।

निरंतर विघ्न डालने वाले की भूमिका करके राहुल को कुछ खोना नहीं है। 2034 में भी वे 64 साल के चुस्त-दुरुस्त शख्स होंगे। लेकिन इस बीच वे भाजपा की सामाजिक-आर्थिक राजनीति में सफाई से कटौती करके उसे नागपुर से लोहिया की तरफ खींचे लिए जा रहे हैं। क्या इसके पीछे यह तथ्य काम कर रहा है कि राहुल 'मैं ही आम आदमी' वाली भूमिका अदा कर रहे हैं?

30 साल पहले जब मैं 'इंडियन एक्सप्रेस' में संपादक के रूप में पहली बार गया था, तब मुझे विज्ञापन की दुनिया के जादूगर पदमसी के कमरे में ले जाया गया। चंद दिनों पहले ही उन्हें ब्रांड सलाहकार नियुक्त किया गया था। पदमसी ने मुझे बैठने का इशारा किया और अपनी असिस्टेंट को यह 'स्ट्रेटेजी नोट' लिखवाने लगे : 'मैं अपने ब्रांड को कभी री-पोजिशन नहीं करता। हमेशा अपने प्रतिद्वंद्वी को अपने ब्रांड को री-पोजिशन करने के लिए मजबूर करता हूं।' यह कॉलम लिखते हुए मेरे दिमाग में यह बात कौंध गई। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

दूरदृष्टि • ड्रैगन का झुकाव पाक की ओर रहता है

भारत-पाकिस्तान टकराव में चीन की भूमिका को न भूलें

आस-पड़ोस

मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

पहलगाम हमले पर चीन की शुरुआती प्रतिक्रिया निंदा और संवेदना व्यक्त करने वाली थी। हालांकि उसने इसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में शामिल होने से सावधानीपूर्वक परहेज किया है। चीन ने पहलगाम हमले की 'त्वरित और निष्पक्ष जांच' की मांग की थी, पर साथ में यह भी कहा था कि वह पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताओं का समर्थन करता है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पाकिस्तान की सम्प्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

चीन अच्छी तरह जानता है कि आतंकवादी शायद ही कभी कोई पारंपरिक सबूत छोड़ते हैं, जिसके जरिए आप उनका पता लगा सकें। भारत ने 2016 में पठानकोट बेस पर हुए हमले के बाद पाकिस्तानी जांचकर्ताओं को आमंत्रित किया था। उस जांच का नतीजा क्या निकला, इस बारे में हमने अब तक कम ही सुना है। भारत ने पहले भी पाकिस्तान को कई आतंकी हमलों से जुड़े डीएनए सैंपल सहित डोजियर सौंपे हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। 26\11 के मामले में भारत ने लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और अन्य के खिलाफ सबूतों के साथ डोजियर सौंपे थे। तब एक पाकिस्तानी न्यायिक पेनल ने भारत का दौरा भी किया था, लेकिन इसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। उरी और पुलवामा के मामले में भी यही हुआ। अब पाकिस्तान और चीन दोनों ही दावा कर रहे हैं कि वे पहलगाम हमले की जांच चाहते हैं।

हाल ही में चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान के मित्र और रणनीतिक साझेदार के रूप में चीन उसकी सुरक्षा चिंताओं को समझता है और उनका समर्थन करता है। चीन ने इस बात पर जोर दिया कि संघर्ष को और बढ़ाने से बचने के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों को संयम बरतना चाहिए। उसने कहा कि वह जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच का समर्थन करता है, क्योंकि संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बुनियादी हितों में नहीं है, न ही यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है।

चीन के बयानों में इस घटना को कुछ मामलों में 'आतंकवादी हमला' करार देने से परहेज किया गया, इसे सिर्फ 'हमला' या 'घटना' कहा किया गया। कुछ पर्यवेक्षक मान रहे हैं कि यह पाकिस्तान को अलग-थलग पड़ने से बचाने का चीन का सतर्क कदम है। चीन ने इस आरोप पर भी टिप्पणी नहीं की कि हमले के लिए लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट जैसे पाकिस्तान में मौजूद समूह जिम्मेदार हैं। न ही उसने भारत के सीमा पार आतंकवाद के आरोपों या उसके बाद के कूटनीतिक फैसलों, जैसे कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने पर कोई टिप्पणी की। चीन ने ऐसा कश्मीर पर भारत-पाकिस्तान विवादों में सीधे शामिल होने से बचते हुए पाकिस्तान के साथ रणनीतिक संबंध बनाए रखने की अपनी व्यापक नीति के तहत किया है।

विडंबना यह है कि चीन भी पाकिस्तानी आतंकवाद का शिकार है। रिपोर्टों के अनुसार पिछले तीन सालों में पाकिस्तान में 32 चीनी नागरिक मारे गए हैं, जो विदेशों में मारे गए चीनी नागरिकों की सबसे ज्यादा संख्या है। इसके बावजूद चीन पाकिस्तान के प्रति नरम रुख अपनाता है। यूएन सुरक्षा परिषद ने 25 अप्रैल, 2025 को पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'आतंकवाद का निंदनीय कृत्य' बताया था और सभी देशों से इसके अपराधियों को जवाबदेह ठहराने में भारतीय अधिकारियों का सहयोग करने का आग्रह किया था।

चीन अपने भू-राजनीतिक हितों और पाकिस्तान के साथ संबंधों की रक्षा करते हुए आतंकवाद की कूटनीतिक निंदा और कश्मीर मुद्दे पर तटस्थता के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है। उसने मध्यस्थता का भी प्रस्ताव नहीं रखा है।

हालांकि, चीन ने पाकिस्तान के साथ मिलकर काम किया, ताकि बयान की भाषा को कमजोर किया जा सके। जबकि पाकिस्तान यूएनएससी का गैर-स्थायी सदस्य है। इससे चीन की वह ऐतिहासिक अनिच्छा सामने आती है, जो वह यूएनएससी में पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने वाली कार्रवाइयों का समर्थन करने में दिखाता रहा है। पुलवामा हमले में भी मसूद अजहर को सूचीबद्ध करने पर चीन ने बार-बार वीटो का इस्तेमाल किया था।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

नजरिया • सभी के हितों का ख्याल रखना जरूरी

पर्यावरण को ध्यान में रखकर भी हम विकास कर सकते हैं

क्लाइमेट

सुनीता नारायण
पर्यावरणविद्
sunita@cseindia.org

भारत को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कोई कदम नहीं उठाना चाहिए- जब मैंने विभिन्न यूरोपीय देशों के जलवायु परिवर्तन दूतों के एक समूह से यह बात कही तो उनके चेहरों पर असमंजस के भाव थे। मैंने उन्हें अपने कारण बताए।

विकास भारत जैसे देश के लिए बड़ी चुनौती है। यह विकास समावेशी और टिकाऊ भी होना चाहिए। अगर हम इसे हासिल करते हैं, तो हम एक बेहतरीन लक्ष्य पर पहुंच जाएंगे- स्थानीय प्रदूषण को कम करने और ग्रीन-आजीविका को बढ़ावा देने के लिए हमारे कदम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी कम करेंगे। इस तरह, हमारा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) पारस्परिक-लाभों पर आधारित होगा। दूसरे शब्दों में अगर सही तरीके से विकास किया जाए, तो वह जलवायु परिवर्तन के संकट का भी सामना कर सकता है।

दुनिया के दूसरे तमाम देशों की तरह भारत को भी विकास करना है। इसका मतलब है लाखों लोगों को रोजगार देना, उन्हें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आवास प्रदान करना और ऊर्जा आपूर्ति को बढ़ाना। विकास के लिए हमें ऐसी कार्रवाई की आवश्यकता होगी, जो सभी की जरूरतों को पूरा करे। इसके लिए रणनीति में बदलाव की जरूरत है। हम पूंजी और संसाधनों की प्रचुरता वाले मार्ग का जोखिम नहीं उठा सकते, क्योंकि वह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और समाज में भी असमानता को बढ़ाता है। हम पहले प्रदूषण फैलाने और फिर उसकी सफाई करने के पश्चिमी देशों के दृष्टिकोण को नहीं अपना सकते। हमारे पास नुकसान की मरम्मत के लिए वित्तीय साधन भी नहीं हैं। ऐसे में हमें विकास की अपनी अवधारणा को फिर से आविष्कृत करना होगा और भारत में कई नीतियों ने यही किया है। यह भारत जैसे देशों के लिए अनूठा अवसर है कि वह विकास को जलवायु-कार्रवाई के खिलाफ खड़ा करने के बजाय उसे विकास के लिए बनाई गई नीतियों के भीतर समाहित कर सके।

उदाहरण के लिए, हम जानते हैं कि हम अपनी मोबिलिटी के तौर-तरीकों को बदले बिना वायु प्रदूषण को ठीक नहीं कर सकते, क्योंकि निजी वाहन- वो चाहे जितने भी स्वच्छ क्यों न हों- सड़क की जगह घेरते हैं और प्रदूषण और भीड़भाड़ को बढ़ाते हैं। पश्चिम ने निजी वाहनों को सब्सिडी देने और उनका विद्युतीकरण करने का रास्ता अपनाया है। हमारे पास एक और उपाय है, जो हमारे आवागमन को फिर से परिभाषित करता है। यह है इलेक्ट्रिक बसों और पैराट्रांजिट और दोपहिया वाहनों जैसे किफायती परिवहन में निवेश करना। भारत का एनडीसी लो-कार्बन वाले सार्वजनिक परिवहन को बढ़ाने के बारे में होना चाहिए, न कि केवल इलेक्ट्रिक कारों की गिनती करने के बारे में। यह नीति हवा को शुद्ध रखने से प्रेरित है, लेकिन इसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने का अतिरिक्त लाभ भी है।

उद्योग-जगत से एक उदाहरण देखें : हमारे सीमेंट उद्योग ने फ्लाई ऐश का उपयोग करना शुरू कर दिया है- कार्बन को कम करने के लिए नहीं, बल्कि कचरे को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने, चूना-पत्थर का विकल्प चुनने और ऊर्जा की लागत कम करने के लिए। लो-कार्बन वाले औद्योगीकरण का भविष्य इसी तरह के समाधानों में निहित है, जिनसे सभी को लाभ हो। जैसे कि लौह अयस्क स्लैग से लेकर बायोमास और कचरे से प्राप्त होने वाले ईंधन तक- ये सभी कोयले और अन्य जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने और दक्षता में सुधार के लिए हैं।

लोग अगर जलवायु-परिवर्तन के बारे में चिंतित हैं तो वे अपनी आजीविका के बारे में भी चिंता करते हैं। भारत के लिए जरूरी है वह अपनी अर्थव्यवस्था को ऐसे तैयार करे कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग स्थानीय आजीविका के लिए हो।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें ग्रीन-इकोनॉमी के विचार को फिर से तैयार करना होगा। हम ग्रीन-एम्प्लॉयमेंट की बातें नहीं कर सकते, क्योंकि हम जानते हैं कि रिन्यूएल ऊर्जा या ईवी को अपनाने का मतलब आजीविका के अधिक अवसर नहीं होगा। वास्तव में, हाल ही में आई खबरों से पता चलता है कि इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस को अपनाने के कारण यूके में हजारों नौकरियां चली गई हैं।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

डिफ्रेंट एंगल • चाहे राजनीतिक प्लेटफॉर्म हो या ओटीटी या एआई- शालीनता का महत्व घटता जा रहा है

किसी अच्छे लीडर के लिए बोलने से ज्यादा सुनना जरूरी है

देश-समाज



नंदितेश निलय
वक्ता, एथिक्स प्रशिक्षक एवं लेखक
nanditeshnilay@gmail.com

क्या ट्रम्प एक नए लीडरशिप-सम्प्रेषण को गढ़ रहे हैं? अगर हम गौर से देखें तो पाएंगे कि ट्रम्प अपने भाषणों को दो ध्रुवों में बांट देते हैं, जैसे कि विनर्स बनाम लूजर्स या हम बनाम वो। अपने विरोधियों के लिए वे दयनीय या पराजय के भाव से जुड़े शब्दों का प्रयोग करते हैं। वे लगातार उन शब्दों को दुहराते हैं, जब तक उनके श्रोता उन्हें कंठस्थ न कर लें। उनकी आत्म-प्रचार और अतिशयोक्तिपूर्ण सम्प्रेषण की शैली ने सत्ता और ताकत को उस सुपीरियॉरिटी के साथ जोड़ दिया है, जिसमें 'मैं ही सही हूं' का भाव ही सबकुछ हो जाता है।

लेकिन क्या लीडरशिप-सम्प्रेषण का व्याकरण यही होना चाहिए? और क्या इससे नेतृत्व की भावना और टीम की अस्मिता कमतर नहीं होती? हमेशा अपने को महान कहना या सुपरलेटिव्स में खुद को रखना क्या समाज में नए तरह का भेद नहीं पैदा कर रहा?

नेतृत्व तो खुद ही असंख्य सपनों की जिम्मेदारी होता है, जहां बोलने से ज्यादा सुनने का भाव आवश्यक होता है। लीडरशिप और मैनेजमेंट गुरु पीटर ड्रकर अपनी पुस्तक 'द डेली ड्रकर' में लिखते हैं, नेतृत्व जिम्मेदारी है। और एक लीडर के लिए वह भी सुनना और समझना जरूरी है, जो बोला नहीं गया। यानी लीडर की जिम्मेदारी उन लोगों के लिए भी होती है, जो उनकी बातों को सुनकर खुद को छोटा नहीं महसूस करें। आखिर, जब ट्रम्प 'अमेरिका फॉर अमेरिकन्स' कहते हैं तो यह माना जाएगा कि इसमें सभी दल के लोग तो शामिल हैं ही, वो भी हैं, जो दलगत राजनीति से दूर हैं, लेकिन अमेरिकी हैं।

इतिहासकार युवाल नोआ हरारी मनुष्य और पशुओं के सम्प्रेषण की जब चर्चा करते हैं, तो मानते हैं कि अन्य सभी जानवर वास्तविकता का वर्णन करने के लिए अपने सम्प्रेषण-तंत्र की सहायता लेते हैं। लेकिन मनुष्य ने अपनी संचार प्रणाली का उपयोग नई वास्तविकताओं को बनाने के लिए किया है। और नई वास्तविकता यह है कि सम्प्रेषण में शालीनता- चाहे वह राजनीतिक प्लेटफॉर्म पर हो या ओटीटी पर- मद्धम-सी पड़ती जा रही है। सामाजिक और राजनीतिक गलियारे में 'हम बनाम वो' की आक्रामकता तेज आवाज में सुनाई पड़ने लगी है। भूतपूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति अल गोर कहते हैं, प्रभावी संचार का मतलब है लोगों तक पहुंचना और उन्हें समझना। इसलिए सम्प्रेषण में शालीनता और विनम्रता को अच्छी तरह से संबोधित किए जाने की आवश्यकता है। फिर चाहे वह अमेरिका हो या रूस, चीन हो या भारत, सभी देश के नेतृत्व की यह जिम्मेदारी बनती है।

राजनीतिक लीडरशिप ही नहीं, बल्कि बड़ी बैंडविड्थ के साथ भी बड़ी जिम्मेदारी आती है। अब तो एआई भी इस ध्रुवीकरण में फंसता नजर आ रहा है। ओपनएआई के सीईओ मानते है कि चैटजीपीटी के 'कृपया' और 'धन्यवाद' जैसे सामान्य शिष्टाचार से उनकी कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। दूसरे शब्दों में, हर बार जब भी कोई मशीन आभार व्यक्त करने के लिए अतिरिक्त शब्दों का उपयोग करती है, तो ओपनएआई का खर्च भी बढ़ जाता है। एआई बड़े भाषा मॉडल के आधार पर चलते हैं। इसके लिए परिष्कृत ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट की आवश्यकता होती है, ताकि डेटा को प्रोसेस किया जा सके और रियल-टाइम में कुशलता से संकेतों का जवाब दिया जा सके। इस प्रक्रिया में बहुत ज्यादा बिजली और पानी की आवश्यकता होती है।

हाल के अध्ययनों से पता चला है कि एआई द्वारा बुनियादी ढांचे में पानी की खपत बढ़ गई है, और सौ शब्द की प्रतिक्रिया के लिए तीन बोतल पानी की आवश्यकता होने लगी है, जिससे सर्वर ठंडा रह सके। तो क्या एआई के चैटबॉट 'कृपया' और 'धन्यवाद' की भाषाई शालीनता को महज इमोजी के भरोसे छोड़ देंगे?

सुकरात का मानना था कि शिष्टता सार्थक संवाद का आधार है; वहीं अरस्तू के अनुसार नैतिक आदतें पुनरावृत्तियों के माध्यम से बनती हैं। तो क्यों न मशीनों को विनम्र बनाने के लिए प्रशिक्षण देने के साथ-साथ दुनिया के लीडर्स स्वयं के सम्प्रेषण को भी उस विनम्रता से जोड़ें, जिससे नेतृत्व शायद अपने लिए इस विचार को पुष्ट कर सके कि एक अच्छा समाज विचारशील संवाद पर आधारित होता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

SR. No.	NAME OF BOARD/CORP./AUTH	NAME OF WORK NOTICE TENDER	OPENING DATE CLOSING DATE (TIME)	AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES	WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH	NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL
1	GMDA GURUGRAM	SETTING UP OF FLOOD CONTROL OFFICE TRANSPORTATION AND INSTALLATION, REWINDING REPAIRING, HIRING OF PUMPING MACHINERIES, DG SETS, FOR SMOOTH FUNCTIONING OF STORM WATER DRAINAGE SYSTEM DURING RAINY SEASON 2025, IN GURUGRAM AND ALL OTHER WORK CONTINGENT THERETO	02.05.2025 15.05.2025	3.23 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8800381803 xen2infra2.gmda@gov.in
2	GMDA GURUGRAM	SETTING UP OF FLOOD CONTROL OFFICE, ARRANGEMENT OF JCB, HYDRA, LABOUR AND GUNNY BAGS FOR SMOOTH FUNCTIONING OF STORM WATER SYSTEM DURING RAINY SEASON 2025, IN GURUGRAM AND ALL OTHER WORK CONTINGENT THERETO.	02.05.2025 15.05.2025	1.12 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8800381803 xen2infra2.gmda@gov.in

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in 13/2026/60/34489/I/10/6

'संभावित युद्ध की स्थिति में शिक्षक निभाएंगे राष्ट्रसेवा की भूमिका'

नई दिल्ली | पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आशंका के बीच, राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) दिल्ली ने पीएम को पत्र लिखकर संभावित युद्ध की परिस्थिति में शिक्षक समुदाय की भागीदारी का संकल्प जताया है। जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने भेजे पत्र में लिखा, दिल्ली सरकार के अधीन कार्यरत लगभग 60 हजार शिक्षक, जो प्रत्यक्ष रूप से 18 लाख विद्यार्थियों और उनके माध्यम से लाखों परिवारों से जुड़े हुए हैं, देश के हर संकट में कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता अनुसूची में मद के विरुद्ध उल्लिखित 2 वर्ष की दर अनुबंध पर डिजिटल वीडियो ब्रोंकोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और चालू करने के लिए निविदा आमंत्रण सूचना।	05.05.2025 26.05.2025	2.20 CRORES	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com
2.	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता अनुसूची में मद के विरुद्ध उल्लिखित 2 वर्ष की दर अनुबंध पर उन्नत जीआई वीडियो एंडोस्कोपी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और चालू करने के लिए निविदा आमंत्रण सूचना।	05.05.2025 26.05.2025	6 CRORES	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2026/40/34490/I/10/6

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	बंद होने की तिथि खोलने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1	लोनिवि भ एवं म, करनाल	स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हरियाणा, राई, जिला सोनीपत में स्वीमिंग पूल में ईआई की विशेष मरम्मत प्रदान करना +1 कार्य।	06.05.2025 12.05.2025	31.53 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
2	लोनिवि भ एवं म, रोहतक	जिला भिवानी में रोहतक-भिवानी-लोहारू रोड एनएच-709ई के आरडी 179.930 में जंक्शन पर 100 एमएम मोटी आईपीबी बिछाना और प्रदान करना।	CLOSING DATE 12.05.2025	20.22 LACS	https://etenders.hry.nic.in	8221827829 pwdeepd3nhrtkl@gmail.com
3	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में नेत्र रोग विभाग के लिए 10 मोतियाबिंद सेट की खरीद हेतु निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 5,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
4	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में 20 मल्टीफंक्शनल प्रिंटर (एमएफएम) की खरीद के लिए निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 10,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
5	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में एक्स-रे फिल्म (निर्माण - फ़ूजी) आकार = 11×14 इंच) की खरीद के लिए निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 10,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
6	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में फिनाइल कंसन्ट्रेट की खरीद के लिए निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 10,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
7	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में एक्स-रे फिल्म (निर्माण - फ़ूजी) आकार= 8×10 इंच) की खरीद के लिए निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 10,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
8	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में रेडियोलॉजी विभाग के लिए एक्स-रे 14×17 फ़ूजी फिल्म आईपी कैसेट टाइप सीसी के साथ खरीदने के लिए निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 10,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
9	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	शहीद हसन खान मेवाती गर्व. मेडिकल कॉलेज, नलहार में रेडियोलॉजी विभाग के लिए एक्स-रे 14× 14 फूजी फिल्म आईपी कैसेट टाइप सीसी के साथ खरीदने के लिए निविदा।	08.05.2025 19.05.2025	EMD 10,000	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
10	एसएचकेएम गर्व. मेडिकल कॉलेज नलहार, नूह	एसएचकेएम जीएमसी, नलहार, एनयूएच में डीजल जनरेटर सेट सहित विद्युत सेवाओं के सीएमसी के लिए निविदा।	07.05.2025 22.05.2025	EMD 3.20 LACS	https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app	01267282007 tendergmcmewat@gmail.com
11	पंचायती राज, झज्जर	गांव चमनपुरा, ब्लॉक बेरी में श्मशान घाट पर दीवार, शेड और अन्य निर्माण + 3 कार्य	03.05.2025 09.05.2025	111.65 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
12	जिला परिषद, पलवल	महेशपुर से यदुपुर लिंक रोड का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (782) + 3 कार्य	01.05.2025 08.05.2025	291.82 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9582622008 prexeengzppwl@gmail.com
13	जिला परिषद, पलवल	लिंक रोड लालवा से पलवल (आईडी-8317) का चौड़ीकरण और विशेष मरम्मत + 2 कार्य	01.05.2025 08.05.2025	102.32 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9582622008 prexeengzppwl@gmail.com

PRDH-11/2026/260/34507/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.etenders.hry.nic.in

हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज़ सं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए यह घोषित किया जाता है कि आयोग ने नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

क्र.सं.	पद का नाम एवं विभाग	विज्ञा. सं.	परीक्षा का प्रकार	परीक्षा की तिथि
1.	इतिहास विषय में सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर)	53/2024	स्क्रीनिंग टेस्ट	18.05.2025 प्रातःकालीन सत्र
2.	राजनीति विज्ञान विषय में सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर)	62/2024	स्क्रीनिंग टेस्ट	18.05.2025 सांयकालीन सत्र

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे दिनांक 12.05.2025 से आयोग की वेबसाइट http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध कराए गए लिंक से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करें।

नोटः-

1. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे एडमिट कार्ड डाउनलोड करें और उसका प्रिंट A-4 साइज़ के पेपर पर लें ताकि उनकी फ़ोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे/सत्यापित किए जा सकें। जिन उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड छोटे साइज़ के होंगे और फ़ोटो/हस्ताक्षर अस्पष्ट होंगे, उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
2. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

उप सचिव
दिनांकः 05.05.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

1156/113/320/2026/34522/10/6

भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
प्रशिक्षण महानिदेशालय
Directorate General of Training | Skill India

सीआईटीएस प्रवेश सूचना-सत्र 2025-26

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई), महिला, पानीपत में शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) के माध्यम से दिया जाएगा जो 15.06.2025 को निर्धारित की गई है। देश भर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली सीबीटी (ऑनलाइन) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश हेतु वेबसाइट www.nimionlineadmission.in पर **दिनांक 08.05.2025 से 28.05.2025** के बीच आवेदन आमंत्रित किए हैं। एनएसटीआई, महिला, पानीपत में पेश किए जा रहे पाठ्यक्रमों के बारे में विवरण आधिकारिक वेबसाइट https://nstiwpanipat.dgt.gov.in पर देखा जा सकता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 28.05.2025

एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited

(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
(नवरत्न सीपीएसई, A NAVRATNA CPSE)
CIN : L40101HP1988GOI008409

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

एसजेवीएन लिमिटेड, "पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना" के अंतर्गत टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से आरईएससीओ/पीपीए मोड के तहत **उत्तरी क्षेत्र** : क्षमता :– 2496 किलोवाट (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश), **दक्षिणी क्षेत्र** : क्षमता :– **5140 किलोवाट** (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश), **पूर्वी क्षेत्र** : क्षमता :– **2954 किलोवाट** (ओडिशा, पश्चिम बंगाल), **पश्चिमी क्षेत्र** : क्षमता :– **2360 किलोवाट** (गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र), **विशेष राज्यों : क्षमता :– 4790** किलोवाट (अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, असम, त्रिपुरा, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह) में स्थित केंद्र सरकार के भवनों पर ग्रिड कनेक्टिड रूफटॉप सौर परियोजनाओं (बैटरी भंडारण रहित) की स्थापना के लिए सौर रूफटॉप पावर डेवलपर्स के चयनार्थ अनुरोध (आरएफएस) हेतु पात्र बोलीदाताओं से एतद्द्वारा ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करता है। पांच (05) आरएफएस प्रकाशित किए जाएंगे और वे वेबसाइट **www.sjvn.nic.in, www.eprocure.gov.in** और ई–टेंडरिंग पोर्टल **https://www.bharat-electronictender.com** से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। उत्तरी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र एवं पूर्वी क्षेत्र के लिए आरएफएस निविदाओं हेतु बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.05.2025 (13:00 बजे) है और पश्चिमी क्षेत्र एवं विशेष राज्यों के लिए आरएफएस निविदाओं हेतु बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.05.2025 (13:00 बजे) है।

बोलियाँ ई–टेंडरिंग पोर्टल **https://www.bharat-electronictender.com** पर ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। यदि कोई संशोधन होगा तो वह केवल उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही जारी किया जाएगा।

उप महाप्रबंधक (आरटीएस), 6ठी मंजिल, टॉवर–1, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023, फोन– 011–61901906 / 61901953

थाना पालम विहार जिला गुरुग्राम

अभियोग संख्या 451 दिनांक 2.10.24 धारा-127(6) थाना पालम विहार जिला गुरुग्राम
लापता लड़की काजल कि तलाश के लिए सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया है कि अभियोग उपरोक्त में काजल पुत्री रवी रायकवार पुत्र श्री कमल गाँव दतीया वार्ड न 28 जीला खासि मध्येदस हाल किरायेदार गाँव कवाटर पुरी जिला गुरुग्राम दिनांक 30-9-2024 से गुम है जिस संबंध में अभियोग उपरोक्त अंकित किया गया है हुलिया -रंग गोरा गोल चेहरा दाहिने पेर मे लचक है कद 5 फुट 2 इंच उम्र 18 साल अभियोग में लापता लड़की बारे अगर कोई सूचना प्राप्त हो तो प्रबंधक थाना पालम विहार नीचे दिए गए नंबरों पर सूचित करें।

प्रबंधक थाना पालम विहार - 9999981832
अनुसंधान अधिकारी - ASI अशोक कुमार 9416413981
थाना थाना पालम विहार- 01242360148

थाना पालम विहार
दिनाक 2-10-2024
9810311764

-1084/11/3343/2026/34496/10/6

थाना SEC 7 IMT मानेसर जिला गुरुग्राम

इश्तेहार तलाश गुमशुदा

शिकायतकर्ता :- मैना देवी पत्नी श्रीराम निवासी गाँव पाली थाना पाली जिला हरदोई उत्तर प्रदेश की निवासी हूँ। हाल किराए पर गाँव अलियर मो. नं० 8700342142
मुकदमा नं. :- 127 दिनांक 07.04.2025 धारा 137(2) BNS थाना 7 IMT मानेसर जिला गुरुग्राम

श्रीमान जी,
आप सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की शिकायतकर्ता श्रीमति मैना देवी उपरोक्त ने अपनी बेटी आयु 14 वर्ष के अचानक बिना किसी को कुछ बतलाए घर से चले जाने बारे अभियोग उपरोक्त अंकित कराया हुआ है जिसने घर से जाते समय काला रंग का सूट व काला रंग की सलवार व पैरो में हवाई चपल पहन रखी है जिसका हुलिया रंग गेहुया, गोल चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट 01इंच, आयु 14 साल हैआप जिस किसी आमजन को गुमशुदा रामा बारे कोई सूचना मिले तो नीचे दिये गए फोन न० पर सूचित करे आपकी अति मेहरवानी होगी। धन्यवाद

थाना SEC 7 IMT मानेसर फोन न0 859595323
कंट्रोल रूम गुरुग्राम फोन न0 0124-2221601
प्रबन्धक थाना SEC 7 IMT मानेसर मोबाइल न0 9205892114

ASI राजेश कुमार
थाना SEC 7 IMT मानेसर
जिला गुरुग्राम
दिनांक : 07.04.2025

1084/11/3342/2026/34487/10/6

आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : वैशाख, शुक्ल पक्ष दशमी, बुधवार प्रातः 10:20 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082 शाके 1947, हिजरी 1446, मुस्लिम माह जिल्कद, तारीख 8, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 7 मई।

सूर्योदय कालीन नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र सायं 06:17 तक रहेगा, इसके बाद उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र रहेगा। व्याघात योग रात्रि 01:05 तक रहेगा, इसके बाद हर्षण योग रहेगा। गर करण प्रातः 10:20 तक रहेगा, इसके बाद वणिज करण रहेगा।

ग्रह विचार (प्रातः 05:30) : सूर्य-मेष, चंद्र-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरु-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में स्थित है।

राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30 तक रहेगा।

दिशाशूल : उत्तर दिशा : यदि जरूरी हो तो मिश्री या सौंफ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

शुभाशुभ ज्ञानम : भद्रा रात्रि 11:25 से, श्री महावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान जैन, श्री रवीन्द्र नाथ टैगोर जयंती, विवाह मुहूर्त उत्तराफाल्गुनी में।

चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 05:48 से 09:06 तक लाभ व अमृत का, प्रातः 10:44 से दोपहर 12:23 तक शुभ का, दोपहर 03:41 से 05:20 तक चर का, सायं 05:20 से 06:58 तक लाभ का चौघड़िया रहेगा।

आज विशेष : आज बुधवार को बुध भगवान की मूर्ति का गंध, पुष्पादि से पूजन करें। सफेद वस्त्र धारण कर गुड़, दही और भात का नैवेद्य अर्पण कर उन्हीं पदार्थों का ब्राह्मणों को भोजन कराएं तो बुध जनित दोष दूर होते हैं। व्याघात योग में वस्त्र का दान करना शुभ फलदायी होता है।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
05:48	पूर्वाफाल्गुनी	3	रजत	सिंह	टी
11:38	पूर्वाफाल्गुनी	4	रजत	सिंह	टू
18:17	उत्तराफाल्गुनी	1	रजत	सिंह	टे
24:58	उत्तराफाल्गुनी	2	रजत	कन्या	टो

राशिफल

मेष : शुभ अंक 8, शुभ रंग आसमानी : नए संपर्क भाग्योदय में सहायक रहेंगे। चुप रहने से लोग आपको मूर्ख समझ सकते हैं। अपनी गलती स्वीकार कर आगे बढ़ें। विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा को लेकर उत्साहित रहेंगे।

वृष : शुभ अंक 2, शुभ रंग लाल : बिना सोचे समझे शुरू किए कार्यों में मुश्किल आ सकती है। कार्यस्थल पर सबका सहयोग मिलेगा। धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बन सकती है। कोर्ट कचहरी के मामले सुलझ सकते हैं।

मिथुन : शुभ अंक 1, शुभ रंग गुलाबी : छोटे-छोटे कामों को लेकर दौड़धूप करनी पड़ेगी। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विवादास्पद मामलों को सुलझाने में सफलता मिल सकती है। आय के स्रोत बढ़ेंगे।

कर्क : शुभ अंक 3, शुभ रंग नारंगी : प्रभावशाली लोगों का साथ सफलता दिलवा सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए दिन-रात एक कर देंगे। राजकीय मामले सुलझेंगे।

सिंह : शुभ अंक 5, शुभ रंग पीला : कर्जदारी से छुटकारा मिलेगा। वैभव के सामान पर खर्च संभव है। प्रॉपर्टी में निवेश का लाभ मिलेगा। युवा कैरियर को लेकर चिंतित रहेंगे। रिश्तों में चल रहा गतिरोध दूर होगा।

कन्या : शुभ अंक 9, शुभ रंग जामुनी : अविवाहित वैवाहिक चर्चा को लेकर उत्साहित रहेंगे। चल रहे काम में रुकावट से आने से खिन्नता होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नई साझेदारी लाभदायी हो सकती है।

तुला : शुभ अंक 3, शुभ रंग लाल : वक्त के साथ कार्य में सुधार आएगा। विपरीत माहौल में खुद को ढालना मुश्किल हो सकता है। अपनों की मदद करने से खुशी मिलेगी। बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो सकती है।

वृश्चिक : शुभ अंक 7, शुभ रंग भूरा : धन संबंधी मामलों को लेकर कहासुनी हो सकती है। काम को समय पर करने की आदत डालें। वाहन अथवा जरूरी सामान खरीदने पर खर्च संभव है। अटका धन मिलने से राहत मिलेगी।

धनु : शुभ अंक 9, शुभ रंग हरा : नौकरी तलाश रहे लोगों को मनचाहा काम मिल सकता है। स्वास्थ्य में सुधार से राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आ रही मुश्किल दूर होगी। उच्च अध्ययन में बड़ी सफलता के आसार हैं। साख बढ़ेगी।

मकर : शुभ अंक 6, शुभ रंग नीला : व्यापारिक कार्यों में बड़ी सफलता के आसार हैं। विरोधी लगातार नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मित्रों के साथ घूमने का कार्यक्रम बन सकता है। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।

कुंभ : शुभ अंक 7, शुभ रंग बैंगनी : कार्य क्षेत्र में नित नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। भूमि भवन के क्रय-विक्रय से लाभ की संभावना है। अपनी उपलब्धियों को परिवार के साथ बांटने से खुशी होगी।

मीन : शुभ अंक 4, शुभ रंग नीला : नए काम की शुरुआत में भारी लाभ संभव है। मित्रों को अपनी बात समझाने में दिक्कत आ सकती है। संतान के स्वास्थ्य संबंधी चिंता बढ़ सकती है। सोच-समझकर निवेश करें।

मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

भविष्य के वयस्कों को ये 10 बातें पता होनी चाहिए

इस वीकेंड मैंने कुछ युवाओं के साथ एक कैंपस में शाम का वक्त बिताया, जहां काफी देर से लाइट नहीं थी। ये युवा वयस्क बनने की दहलीज पर हैं। वहां छात्र कैंटीन में खाने की देरी को लेकर शिकायत कर रहे थे। मैंने कैंटीन मैनेजर से पूछा कि लंच का क्या बचा है? उसने बताया कि काफी मात्रा में चावल, ठंडा दूध और दही है, बाकी कुछ नहीं। मैंने कुछ छात्रों को साथ लिया और कहा कि चलो कैंटीन में कुछ बनाते हैं। मैंने एक छात्र को अनार छीलने के लिए कहा, एक को धनिया पत्ती, दूसरे को करी पत्ता और हरी मिर्च काटने के लिए, एक को अदरक और कच्चे आम को कद्दूकस करने के लिए कहा। और एक से कहा कि पाव भाजी बनाने वाले उपकरण से चावल को जितना हो सके उतना मुलायम मैश करें। एक लड़के को पास की दुकान से काजू-किशमिश लाने भेजा और काजू को छोटे पीस में तोड़ने के लिए कहा। मैंने उन्हें पहले घी में हल्का भूनने में मदद की और दूसरे को तेल, राई और उड़द दाल के साथ तड़का तैयार करने के लिए कहा। फिर उसी कढ़ाई में हरी मिर्च, कद्दूकस किया आम-अदरक व कटे हुए करी पत्ते डाले। इसकी खुशबू कुछेक को सम्मोहित कर रही थी, इसके बाद वहां और भी छात्र आ गए। फिर मैंने काजू-किशमिश को चावल में मिलाया और धीरे-धीरे दही के साथ खूब सारा ठंडा दूध मिलाया और उन्हें बताया कि दही थोड़ा खट्टा है, इसलिए ज्यादा दूध डाला है। अंत में धनिया डालकर इसे सुंदर बनाया। इस तरह दही चावल न केवल 15 मिनट में तैयार हो गए, बल्कि उन्होंने अगले 30 मिनट में रसोई को साफ करने में मेरी मदद की।

इससे मैं आजकल के माता-पिता की उस सोच पर विचार करने लगा, जहां वे हर काम खुद करते हैं और बच्चों से कम से कम मदद की उम्मीद करते हैं। हो सकता है, ये बच्चों को अनावश्यक काम से बचाने, उनकी लिखाई-पढ़ाई, खेल व अन्य गतिविधियों पर ध्यान देने के लिए हो सकता है, या फिर शायद वे उन्हें आदर्श बचपन देना चाहते हैं। पर इससे बच्चे कई महत्वपूर्ण सबक से चूक जाते हैं कि इस दुनिया में प्रभावी ढंग से काम कैसे करें। यहां कुछ बातें हैं जो मुझे लगता है कि भविष्य के वयस्कों को जाननी चाहिए :

1. **कुछ पकाना आना चाहिए :** कोई अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड नहीं जैसे नूडल्स। कम संसाधनों में क्या पकाना है, उन्हें यह पता होना चाहिए।
2. **अजनबियों से बात :** चाहे दुकानदार हो, बैंकर, रेलवे क्लर्क या मकान मालिक, आंखों में आंखें डालकर विनम्र, इंगेजिंग, बिना विचलित हुए बात करना आना चाहिए।
3. **टकराव का सामना:** भावनात्मक रूप से टूटे बिना अस्वीकृति और अंतर व्यक्तिगत टकरावों को झेलना आना चाहिए।
4. **खुद की देखभाल :** उन्हें अपनी चीजें खुद संभालनी चाहिए, जैसे सुबह उठना, अच्छी तरह से कसरत करना, खुद को तैयार करना, अच्छा खाना और यह समझना कि ये जिंदगी ईश्वर का उपहार है और सबसे कीमती है।
5. **कमाना और पैसा मैनेज करना:** उन्हें रोज जाकर कुछ न कुछ खरीदना चाहिए, ताकि चीजों की कीमत पता चले और पैसे का मूल्य और उसका महत्व समझ में आए।
6. **घर चलाने में मदद:** उन्हें पता होना चाहिए कि घर में क्या काम बकाया है जैसे सफाई, कपड़े धोना, छोटी-मोटी चीजों की मरम्मत आदि।
7. **विपत्ति का सामना:** उन्हें जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करना सिखाना चाहिए।
8. **टाइम मैनेज करना:** ये सीखने के लिए अपने शेड्यूल पर नजर रखना महत्वपूर्ण है।
9. **रिस्क लेना:** नए लोगों से मिलना और उनके साथ यात्रा करना, समय के मामले में जोखिम लेने का उनका पहला सबक है। इसे प्रोत्साहित करें और परिणाम देखें।
10. **अपने विचारों के साथ अकेले बैठना :** उन्हें कम से कम दो घंटे बिना मोबाइल के अपने विचारों पर गौर करना चाहिए, इससे उनमें धैर्य आएगा, अपना आकलन कर पाएंगे।

फंडा यह है कि यदि कोई बच्चा कम से कम ये 10 सबक सीख लेता है, तो आप बेफिक्र हो सकते हैं कि वह वयस्कों के लिए बने रास्ते पर आत्मविश्वास के साथ चल सकता है।

महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में भ्रष्टाचार: कल्याणी

भास्कर न्यूज़ | ताडेपल्ली (आंध्र प्रदेश)

वाईएसआरसीपी एमएलसी और महिला विंग की अध्यक्ष वरुदु कल्याणी ने गठबंधन सरकार के महिला कौशल विकास कार्यक्रम में एक चौंकाने वाले घोटाले का खुलासा किया है। इसमें हाशिए पर रहने वाली महिलाओं के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण की आड़ में 254 करोड़ रुपये का गबन किया गया है।

ताडेपल्ली में वाईएसआरसीपी केंद्रीय कार्यालय में बोलते हुए कल्याणी ने बीसी, ईबीसी और कापू महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाए गए कार्यक्रम को भ्रष्टाचार की खान में बदलने के लिए सरकार की आलोचना की। इसमें 157 करोड़ रुपये की शुरुआती हेराफेरी पहले ही चल रही है। कल्याणी ने खुलासा किया कि सरकार ने जानबूझकर सीईडीएपी, एपीआईटीसीओ और डीडीयू-जीकेवाई जैसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों को दरकिनार कर दिया, और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए अपने दोस्तों को बढ़े हुए टेंडर दिए। आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार टीडीपी से जुड़े ठेकेदारों का पक्ष ले रही है। कल्याणी ने घोषणा की, यह महिलाओं के उत्थान के लिए सार्वजनिक धन की एक व्यवस्थित लूट है। गठबंधन ने सुपर सिक्स योजनाओं का वादा किया था, लेकिन सुपर घोटाले किए। उन्होंने कहा, गठबंधन का शासन छल, कर्ज और लूट की गाथा है। रेत और शराब से लेकर अमरावती टेंडर और बिजली खरीद सौदों तक, उनके भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जब तक इस अन्याय का पर्दाफाश नहीं हो जाता और इसे उलट नहीं दिया जाता, चैन से नहीं बैठेंगे।

दैनिक भास्कर जीतो सोना चांदी

आज का इनाम: 10 ग्राम चांदी का सिक्का

क्विज 08 के 25 विजेताओं के नाम

अनिल कुमार	*****07207	फूल चंद चौधरी	*****18047
गिरिराज अग्रवाल	*****83655	कृष्णा	*****99392
सुमित कुमार	*****79979	ललिता राजू	*****68139
मकवाणा उर्वशी	*****51890	रुबीना धमीजा	*****28303
राजेश दवे	*****86945	मनीष चौहान	*****85498
जगदीश भाई	*****01126	मंजू दांगी	*****252011
हरसिद्धिबा गोहिल	*****96293	अमित जोशी	*****27084
रीना शर्मा	*****24984	सुमन सोनी	*****10167
विकास गोयल	*****50257	हंसा रानी	*****26093
गुंजन	*****22093	रौनक नायक	*****82780
रिजवान शेख	*****49532	ऋषि अग्रवाल	*****41080
विपिन तिवारी	*****61070	पंकज यादव	*****58972
		अमित कुमार	*****70793

नोट: चांदी के सिक्के के लिए 1300/- का गिफ्ट वाउचर दिया जाएगा। यह राशि 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

जब अधिकारों का रक्षक ही उनका उल्लंघन करने लगे, तो कानून का शासन खतरे में पड़ जाता है: कोर्ट

हाईकोर्ट ने कहा- संपत्ति का अधिकार अब मौलिक नहीं, लेकिन संविधान के तहत कानूनी अधिकार बना हुआ है

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य एक संवैधानिक संस्था और जनता के विश्वास का प्रतिनिधि है, इसलिए वह नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए बाध्य है, न कि उनके हनन के लिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें एक फ्लैट की गलत तरीके से जब्ती को चुनौती दी गई थी। जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि संपत्ति का अधिकार भले ही अब मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन यह संविधान के अनुच्छेद 300A के तहत एक कानूनी अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकार असीमित नहीं हैं, बल्कि संविधान और कानून की सीमाओं में बंधे हुए हैं। कोर्ट ने कहा, एक संवैधानिक लोकतंत्र में जहां न्याय, समानता और सद्भावना के सिद्धांतों का शासन है, वहां संपत्ति जैसे कानूनी अधिकारों की रक्षा राज्य की अटल जिम्मेदारी होनी चाहिए।

कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि किसी नागरिक से बिना उचित प्रक्रिया के संपत्ति छीनी जाती है और इसके लिए कोई सक्षम कानून नहीं है, तो यह अनुच्छेद 300A का उल्लंघन होगा और ऐसी कार्रवाई शुरू से ही अमान्य मानी जाएगी।

यह है मामले की पृष्ठभूमि

याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित अंसल भवन में अपने फ्लैट की जब्ती को गलत बताया था। यह जब्ती स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स (फॉरफीचर ऑफ प्रॉपर्टी) एक्ट, 1976 (एसएएफईएमए) के तहत की गई थी। दावा किया कि वे इस संपत्ति के वैध मालिक हैं और उनके संपत्ति अधिकारों का उल्लंघन 1977 में आपातकाल के दौरान शुरू हुआ था। वहीं, प्रतिवादी शहरी विकास मंत्रालय के अधीन एस्टेट निदेशालय ने कहा कि यह संपत्ति उन्हें लीज पर दी गई थी और 1998 में इसे केंद्र सरकार के पक्ष में जब्त कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि जब्ती की प्रक्रिया 28 मार्च 2016 तक प्रभावी रही, जब एसएएफईएमए के तहत कार्यवाही बंद कर दी गई।

यह रहा कोर्ट का फैसला

याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में बाजार किराया, बकाया प्रॉपर्टी टैक्स और अन्य नुकसान की भरपाई के लिए हर्जाने की मांग की थी। कोर्ट ने 1999 से 2020 तक की अवधि में संपत्ति पर कब्जे को अवैध माना और याचिकाकर्ताओं को 1.76 करोड़ रुपए से अधिक का हर्जाना और ब्याज देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि राज्य की कार्रवाई, खासकर जब वह अचल संपत्ति से संबंधित हो, तो उसकी सख्त जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा, राज्य को न केवल कानून के अक्षर का पालन करना चाहिए, बल्कि निष्पक्ष, न्यायसंगत और समान रूप से कार्य करना चाहिए। यदि कार्यपालिका कानून की सीमाओं से बाहर जाकर काम करती है, तो उसे संवैधानिक फटकार मिलनी चाहिए, क्योंकि जब अधिकारों का रक्षक ही उनका उल्लंघन करने लगे, तो कानून का शासन खतरे में पड़ जाता है।

बिजनेस प्लस

भूषण एंटरप्राइजेज ने फ्लोरा वेट धूप बाजार में उतारी

नई दिल्ली | शुद्ध वातावरण और सकारात्मक ऊर्जा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। धार्मिक अनुष्ठानों, ध्यान और आराधना में धूप एवं अगरबत्ती का उपयोग प्राचीन काल से किया जाता रहा है। यह न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि घर-परिवार में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का भी संचार करती है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, भूषण एंटरप्राइजेज ने गृहशान्ति ब्रांड के तहत उच्च गुणवत्ता वाली FLORA WET DHOOP को बाजार में उतारा है।

गृहशान्ति धूप एवं अगरबत्ती पूरी तरह से प्राकृतिक अवयवों से निर्मित है, जो शुद्धता और दिव्य सुगंध का अनूठा संगम प्रस्तुत करती है। FLORA WET में मुख्य रुप से 8 वेरिएंट प्रस्तुत किए है। लाल चंदन,white rose, सन्यासी, बेल पत्र, कच्चा बेला, ऊद इन सभी में उत्तम प्रकार की जड़ी-बूटियों का समावेश किया गया है, जो वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मानसिक शांति प्रदान करती हैं।

बैंकिंग के लिए भरुवा सॉल्यूशंस के CBS सॉफ्टवेयर की अग्रणी भूमिका

नई दिल्ली | पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (BSPL) ने AI-संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360° बैंकिंग ERP सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की। यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिक CBS प्लेटफॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं:

भारत की भाषाई विविधता के साथ, अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं। BSPL का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी - सभी नागरिकों के लिए पहुँच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है।

बिहार की गोल्ड हाइस्ट गैंग पर शिकंजा, सात अपराधी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने बिहार की कुख्यात गोल्ड हाइस्ट गैंग के सात अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार कर पिछले तीन साल में 75 किलो से अधिक सोने की लूट के सनसनीखेज मामले को सुलझा लिया। गैंग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा में सशस्त्र डकैती की घटनाएं की थीं। गिरफ्तार आरोपियों में साकलदीप पासवान, फंटूश कुमार, विकास कुमार उर्फ जॉन राइट, रोशन कुमार, पीयूष जायसवाल उर्फ अर्जुन, यश आनंद उर्फ रिशु और रोहित शामिल हैं। पुलिस ने 14 अवैध ग्लॉक/जिगाना पिस्तौल, 12 अतिरिक्त मैगजीन, 255 जिंदा कारतूस, 3.78 लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण (6 अंगूठियां, 4 चेन, 1 कंगन) और एक क्रेटा कार बरामद की। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रतीक्षा गोदारा ने बताया कि 24 मार्च 2025 को स्पेशल सेल की न्यू दिल्ली रेंज ने इंस्पेक्टर विनय पाल और मनोज कुमार की अगुआई में साकलदीप पासवान और फंटूश कुमार को दिल्ली में पकड़ा। इनके पास से 10 ग्लॉक पिस्टल, 20 मैगजीन और 195 कारतूस मिले।

स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने से कोई इनकार नहीं कर सकता: अदालत

माता-पिता के बीच चल रहे तलाक व अभिभावकता विवाद का मामला

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक निजी स्कूल को आदेश दिया है कि वह एक छात्र को ट्रांसफर सर्टिफिकेट जारी करे, भले ही उसके पिता ने इसके खिलाफ याचिका दायर की हो। यह मामला माता-पिता के बीच चल रहे तलाक और अभिभावकता विवाद से जुड़ा है। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि किसी भी वैवाहिक या अभिभावकता विवाद में बच्चे का हित सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने से इनकार नहीं कर सकता। कोर्ट ने अपने 30 अप्रैल के आदेश में कहा, इस प्रावधान से साफ है कि अगर बच्चा किसी अन्य स्कूल में दाखिला लेना चाहता है, तो मौजूदा स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने से इनकार नहीं कर सकता। अगर इसमें देरी होती है, तो स्कूल के हेडमास्टर या प्रभारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि फैमिली कोर्ट ने न तो अभिभावकता याचिका में और न ही तलाक की याचिका में ट्रांसफर सर्टिफिकेट न देने का कोई आदेश दिया है।

यह है मामला

बच्चे की मां ने अप्रैल 2024 में अपने पति से अलग होने के बाद उसे अशोक विहार स्थित निजी स्कूल से निकालकर गुरुग्राम के एक स्कूल में दाखिला दिलाया था। लेकिन पहले स्कूल ने ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने से इनकार कर दिया, क्योंकि पिता इसके खिलाफ थे।

पेज एक के शेष

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों राज्य केंद्र से सहयोग करें....

मालूम हो, रावी और ब्यास नदियों का पानी प्रभावी रूप से बांटने के लिए एसवाईएल नहर बनाई जानी थी। 214 किमी लंबी नहर में से 122 किमी पंजाब और 92 किमी हरियाणा में बनाई जानी थी। हरियाणा ने अपना काम पूरा कर लिया, लेकिन पंजाब ने पूरा नहीं किया। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यह दो भाइयों के बीच कागजी डिक्री की तरह नहीं है कि आधी जमीन एक को और आधी जमीन दूसरे को दे दी जाए।'

ब्रिटिश व्हिस्की और जिन पर शुल्क 50% घटेगा...

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-यूके के बीच कुल कारोबार 21.33 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत ने 12.9 अरब डॉलर का निर्यात किया, जो पिछले साल से 13.3% ज्यादा है। यूके से आयात 8.4 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल से 6.1% कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मेरे मित्र यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से बात कर खुशी हुई। यह एक ऐतिहासिक मौका है जब दोनों देशों ने महत्वाकांक्षी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को पूरा किया है। ये समझौते हमारे रणनीतिक रिश्तों को और मजबूत करेंगे। दोनों देशों में व्यापार, निवेश, नौकरियों और नवाचार को बढ़ावा देंगे।'

अन्य खास बातें

- कॉस्मेटिक्स, एयरोस्पेस, सैल्मन, सॉफ्ट ड्रिंक्स, चॉकलेट और बिस्कुट पर भी भारत से कम टैरिफ लगेगा।
- भारत के लेबर-इंटेनसिव सेक्टर में निर्यात के बड़े अवसर खुलेंगे।
- कॉन्टैक्ट सर्विस सप्लायर, बिजनेस विजिटर्स, इन्वेस्टर्स, इंटर-कॉर्पोरेट ट्रांसफरीज व्यक्तियों, आश्रित बच्चों, योग ट्रेनर्स, संगीतकारों और शेफ जैसे स्वतंत्र पेशेवरों सहित प्रोफेशनल्स की आवाजाही आसान बनाएगा।
- यूके में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सोशल सिक्योरिटी पेमेंट से तीन साल की छूट से विशेष रूप से लाभ होगा।
- ब्रिटेन ने कहा कि यह डील 2020 में यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

इन प्रोडक्ट पर ड्यूटी शून्य होगी : सेक्टर अभी ड्यूटी रेंज, एनिमल प्रोडक्ट 20% तक, खाद्य तेल उत्पाद 20% तक, प्रोसेस्ड फूड 20% तक, मिनरल्स 8% तक, केमिकल्स 8% तक, प्लास्टिक/रबर 6% तक, लेदर/फुटवियर 16% तक, कपड़े 12% तक, इलेक्ट्रिकल मशीनरी 14% तक, ट्रांसपोर्ट/ऑटो 18% तक।

मयूर विहार में अवैध बोरवेल पर मुख्य सचिव को कार्रवाई का आदेश

एनजीटी ने कहा-अवैध ग्राउंड वॉटर दोहन रोकने में एजेंसियां गंभीर नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मयूर विहार इलाके में यमुना किनारे अवैध बोरवेल और ग्राउंडवॉटर के दोहन को लेकर दिल्ली के मुख्य सचिव को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ट्रिब्यूनल ने कहा कि इस मामले में जिम्मेदार एजेंसियां गंभीर नहीं दिख रहीं। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने पाया कि मयूर विहार के नोएडा लिंक रोड के पास यमुना के किनारे अवैध बोरवेल से पानी निकाला जा रहा है। इसके अलावा टैंकरों के जरिए पानी की सप्लाई का नेटवर्क भी सक्रिय है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि कार्रवाई की जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट की है। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बताया कि उन्हें अब तक संबंधित एजेंसियों से जानकारी नहीं मिली है। केंद्रीय ग्राउंडवॉटर अथॉरिटी की ओर से भी कोई जवाब या प्रतिनिधित्व नहीं किया गया। इस पर एनजीटी ने उसके उपाध्यक्ष को अगली सुनवाई में वर्चुअल रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को भी नोटिस जारी किया है और मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को तय की है।

अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी

बेंच ने कहा कि अलग-अलग एजेंसियों के रुख से साफ है कि कोई भी इस अवैध ग्राउंडवॉटर दोहन को रोकने के लिए गंभीर नहीं है। इसलिए दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिया गया है कि वे इस मामले को देखें और अवैध पानी निकासी को रोका जाए।

जिला मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट में खुलासा

सुनवाई के दौरान पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट भी रिकॉर्ड में ली गई। रिपोर्ट में बताया गया कि यमुना खादर में एक नर्सरी के पास डीडीए की जमीन पर दो अवैध बोरवेल मिले थे, जिन्हें सील कर दिया गया है। हालांकि, उनके मालिकों की पहचान नहीं हो सकी है।

भास्कर CLASSIFIED

सर्विसेस SERVICES | ज्योतिष ASTROLOGY | एजुकेशन EDUCATION

फायनेंस

एकबार सेवा का मौका अवश्य दें(श्रीबालाजी फाइनेंस) 1975 से Regd (50,000-95,00,000),मार्कशीट, ग्रुपलोन, प्रोपर्टी, दुधडेरी, पर्सनल, बिजनेस, आधारकार्ड, राशनकार्ड, BPL, पशुपालन, लोन (ब्याज-1%, छूट-60%)(महिलाओं/किसानों को विशेष ऑफर), सिबिल खराब लोन पाये (एजेंट आमंत्रित):-संपर्क:- आरती शर्मा:- 9599811468, 9599814336

ज्योतिष

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #9045816610

फ़ीस नहीं इनाम लूँगा। गुरु रज़ा भारती (गोल्डमेडलिस्ट)लवमैरिज, मनचाहा प्यार/शादी, रूठे मनाना, ग्रहकलेश,/,कारोबार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा स्पेशलिस्ट:- 9520267298.

कोचिंग

12th पास, सरकारी मान्यता प्राप्त UGC Approved, DMLT, DOTT, X-Ray, DPT, CMS/ ED, Nanny Care कोर्स करें। मिलें- DPMG HOSHIARPUR 9915201609

आवश्यकता APPOINTMENT

पार्टटाइम

"सुनहरा अवसर" WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1. TELECOM 5G कंपनी में पार्टटाइम (MESSAGE SENDING- CALLING JOB) करके लड़के- लड़किया, गृहिनी, स्टूडेंट कमाए (21,500-71,900) महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION WHATSAPP करे :- 09163240392, 09199723969

ऑफिस स्टॉफ

टिप्पर के ड्राइवरों की आवश्यकता। सैलरी 20 हजार रुपए महीना, रहना और रोटी खर्चा कंपनी का। गाड़ी चलानी 5 KM से 10 KM. संपर्क सुल्तान स्टोन क्रेशर, कठार बीट, हरोली, जिला ऊना, 88180-00003, 88728-22510, 98721-04384.

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.

BhaskarAd.com से मेरे बुटीक बिज़नेस को मिली नई उड़ान

एक क्लिक पर दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में ऐड बुक करें

• घर बैठे ऐड बुकिंग • आसान ऑनलाइन पेमेंट | कॉल: 9772019222 | स्कैन करें

DEPARTMENT OF ENVIRONMENTAL STUDIES UNIVERSITY OF DELHI
REQUIRED
FIELD INVESTIGATOR POSITIONS (2)
ICSSR MAJOR PROJECT : Investigating Biogas Digester Failures in Haryana and Andhra Pradesh : Evaluating Installation Potential and Gaps from a Socio-Economic and Environmental Perspective
ELIGIBILITY : M.A. in Environmental Studies / any relevant PG in Social Sciences with 55% marks
APPLY BY 21 MAY 2025
Send application, biodata, and UG/PG marksheets to icssrdes@gmail.com
SUBJECT : Application for Field Investigator-ICSSR Project
:: DETAILS :: www.du.ac.in Work with DU > Departments

बिजनेस ब्रीफ

मूडीज ने जीडीपी अनुमान घटाकर 6.3% किया

न्यूयॉर्क | ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2025 के लिए भारत की विकास दर अनुमान को 6.5% से घटाकर 6.3% कर दिया है। उसका मानना है कि अमेरिका की ट्रेड पॉलिसी के चलते वैश्विक अनिश्चितता का असर भारत की इकोनॉमी पर भी पड़ेगा। भारत-पाक तनाव जैसे भूराजनीतिक जोखिम विकास दर को प्रभावित कर सकते हैं। इससे निवेश लागत बढ़ सकती है।

दुनिया की छठी टेलीकॉम कंपनी बनेगी जियो

मुंबई | रिलायंस अपने टेलीकॉम बिजनेस जियो के आईपीओ लाने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर सकता है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने कंपनी की एंटरप्राइज वैल्यू 11.49 लाख करोड़ आंकी है। हाई वैल्यूएशन की वजह से लिस्टिंग के बाद यह दुनिया की छठी लिस्टेड टेलीकॉम कंपनी होगी। अभी 11.10 लाख करोड़ मार्केट कैप के साथ भारती एयरटेल छठवीं कंपनी है।

एथर एनर्जी 2% प्रीमियम पर लिस्ट, शेयर 7% गिरा

मुंबई | देश के प्राइमरी मार्केट में करीब ढाई महीने बाद मेनबोर्ड आईपीओ की लिस्टिंग हुई। एथर एनर्जी की लिस्टिंग 2% प्रीमियम पर हुई। यह बेस प्राइस 321 रुपए की तुलना में बीएसई पर 328 पर लिस्टेड हुआ। लेकिन यह अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका और पहले ही दिन 7% गिरकर 302.5 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में यह 332.90 रुपए पर पहुंच गया था। इस आईपीओ ने 2,981 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

सर्विस सेक्टर की रफ्तार 10 माह के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली | परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में बढ़कर 58.7 हो गया है, जो मार्च में 58.5 पर था। यह 10 महीने के उच्च स्तर पर है। वहीं, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों सेक्टर्स को मिलाकर बनाई जाने वाली कंपोजिट पीएमआई अप्रैल में 59.7 रही, जबकि मार्च में यह 59.5 थी। पीएमआई 50 से ऊपर हो तो विस्तार, 50 से नीचे हो तो सुस्त और 50 होने पर स्थिर मानी जाती है।

कंज्म्पशन रिपोर्ट 2025 • मल्टी-ब्रांड स्टोर से खरीदारी 12 फीसदी बढ़ी, पहले घट रही थी

फ्रिज, टीवी, सोफा जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर खर्च 72% बढ़ा, एक साल पहले 6% ही बढ़ा था

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय घरों में खर्च की आदतें तेजी से बदल रही हैं। अब लोग रोटी, कपड़ा और मकान से आगे बढ़कर समाज में अपनी हैसियत ऊंची करने और डिस्क्रेशनरी सामान (शौकिया चीजें) पर खर्च बढ़ा रहे हैं। शहरी इलाकों में ये बदलाव ज्यादा तेज है। बिजनेस सर्विसेज कंपनी सीएमएस इंफो सिस्टम्स की कंजम्पशन रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, इस साल 31 मार्च को खत्म वित्त वर्ष 2024-25 में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर औसत मासिक खर्च 72% बढ़ गया। मकानों की ज्यादा खरीदारी और घर सजाने पर खर्च बढ़ना इसकी वजह रही। मंगलवार को आई रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि 2023-24 में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर खर्च सिर्फ 6% बढ़ा था। 2025 में भी यह ट्रेंड जारी है। लोग फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टीवी, सोफा जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रोजाना इस्तेमाल होने वाले ब्रांडेड सामान (एफएमसीजी) पर पहले से ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

5 कंज्यूमर ट्रेंड: मल्टी-ब्रांड स्टोर से शॉपिंग बढ़ी; ई-कॉमर्स सिमट रहा, क्विक कॉमर्स बढ़ रहा

1. स्टोर से महंगी शॉपिंग: स्टोर से प्रीमियम प्रोडक्ट्स की खरीदारी बढ़ी। 2024-25 में मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर खर्च 12% बढ़ा, जबकि 2023-24 में 29% घटा था।

2. एफएमसीजी में रिकवरी: 31 मार्च को खत्म वित्त वर्ष 2025 में एफएमसीजी यानी रोजमर्रा की चीजों पर भारतीयों का खर्च 4% बढ़ा। 2022-23 में ये खर्च 22% घटा था। 2023-24 में लगभग स्थिर रहा था।

3. कैश-बेस्ड खपत बढ़ी: बीते वित्त वर्ष उत्तर भारत के 5 राज्य कैश आधारित खपत के मुख्य केंद्र रहे। बिहार, हिमाचल व छत्तीसगढ़ 3 साल में पहली बार इस लिस्ट में आए।

4. नकद निकासी तेज: 2024-25 में हर महीने एटीएम से निकाली गई औसत राशि में बढ़ोतरी हुई। अक्टूबर-24, जनवरी-25, फरवरी-25 और मार्च-25 में नकद निकासी क्रमशः 4%, 4%, 5% और 6% बढ़ी।

5. क्विक कॉमर्स बढ़ा: मार्च तक क्विक कॉमर्स 10% बढ़ा, जबकि ई-कॉमर्स में 17% गिरावट आई। वजह, क्विक कॉमर्स 15-30 मिनट में डिलीवरी करते हैं, जबकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स सामान पहुंचाने में कई दिन लगा देते हैं।

सरप्राइज: तेज खपत वाले टॉप-5 में छत्तीसगढ़ की एंट्री, कर्नाटक बाहर

2024-25	2023-24	2022-23
बिहार	दिल्ली	दिल्ली
दिल्ली	तमिलनाडु	कर्नाटक
उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश	तमिलनाडु
हिमाचल	प. बंगाल	केरल
छत्तीसगढ़	कर्नाटक	असम

- खपत बढ़ने में बीते वित्त वर्ष बिहार अव्वल रहा। इससे पहले के दो साल बिहार टॉप-5 में भी नहीं था। बीते वित्त वर्ष कर्नाटक टॉप-5 राज्यों की लिस्ट से बाहर हो गई। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश की एंट्री हुई।

कैश इज किंग: एटीएम से निकासी 3% बढ़ी, यूपीआई साइज 8% घटा

2024-25 में एटीएम से नकद निकासी का औसत टिकट साइज 5,658 रुपए रहा। ये 2023-24 से 3% ज्यादा है। इसके उलट 2024 की पहली छमाही में यूपीआई लेनदेन का औसत टिकट साइज 1,478 रुपए रह गया, जो इससे एक साल पहले की तुलना में करीब 8% कम है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, मार्च 2024 तक, 60% उपभोक्ता खर्च नकद हुआ। बीते 10 साल में करेंसी का चलन 157% बढ़ा, एटीएम की संख्या 32% बढ़ी और बैंक ब्रांच में 36% इजाफा हुआ।

चिंताजनक: 2017 से देश में कैश का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा

देश में कैश का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। सीएमएसी एटीएम कैश डिस्पेंस डेटा के मुताबिक, भारत में 2017 से लगातार कैश निकासी बढ़ रही है। इस मामले में कोविड महामारी के असर से सिर्फ 2021 में गिरावट आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई और डिजिटल ट्रांजैक्शन भी बढ़ रहे हैं। इसके चलते एटीएम से निकासी बढ़ने की रफ्तार घटी है, लेकिन ग्रोथ बनी हुई। हाल के महीनों में ये ग्रोथ भी बढ़ी है क्योंकि प्रति लेनदेन डिजिटल ट्रांजैक्शन का आकार घटा है।

---

2 दिन में सोने की कीमत 2934 रु. बढ़ी

सोने में गिरावट की भरपाई, फिर 97 हजार के करीब पहुंची कीमत

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

सोने-चांदी में हालिया गिरावट की एक हद तक भरपाई हो गई। मंगलवार को देशभर में 24-कैरेट सोने की औसत कीमत 1,606 रुपए बढ़कर 96,888 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। 22-कैरेट (जेवराती) सोना भी 88,749 रुपए के स्तर पर पहुंच गया। सिर्फ दो दिन में सोना 2,934 रुपए महंगा हो गया है। विश्लेषकों के मुताबिक, बुलियन मार्केट अमेरिकी केंद्रीय फेडरल रिजर्व की तरफ से इस साल ब्याज दरों में बड़ी कटौती का अनुमान लगा रहा है। साथ ही डॉलर में कमजोरी का असर भी सोने के भाव पर पड़ रहा है। खाड़ी संकट ने इसकी तीव्रता बढ़ा दी है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को चांदी की कीमत 1,754 रुपए बढ़कर 95,854 रुपए प्रति किलो हो गई। दो मई को 24 कैरेट सोना 93,954 रुपए और चांदी 94,125 रुपए प्रति किलो थी। वैसे सोना अब भी रिकॉर्ड स्तर से 1,596 रुपए और चांदी 5,038 रुपए नीचे है। सोना 22 अप्रैल को 98,484 रुपए और चांदी 28 मार्च को 1,00,892 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर थी। सोना 2025 में अब तक 27% और चांदी 11.5% महंगी हो चुकी है।

24-कैरेट सोने के दाम में 2025 की टॉप-10 उछाल

तारीख	बढ़त	कीमत
11 अप्रैल	3,192	93,353
1 अप्रैल	1,951	91,115
22 अप्रैल	1,814	98,484
21 अप्रैल	1,760	96,670
5 फरवरी	1,647	84,657
9 अप्रैल	1,611	90,161
6 मई	1,606	96,888
16 अप्रैल	1,477	94,579
5 मई	1,328	95,282
17 मार्च	1,258	88,101

कीमत रुपए प्रति 10 ग्राम, **स्रोत:** आईबीजेए

भास्कर एक्सपर्ट

वीरेंद्र व्यास फाउंडर, गोल्डप्राइस टुडे

खाड़ी संकट के चलते बढ़ रही सोने की कीमत

सोने की कीमतों में हालिया तेजी इजराइल द्वारा गाजा पर कब्जा करने के ऐलान के बाद पैदा हुए संकट की वजह से है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती और डॉलर की कीमत घटने के अनुमान से भी कीमतों में तेजी आई है। भारत में सोने की कीमतें ग्लोबल सिनारियो पर निर्भर करती हैं। भारत-पाक तनाव का असर कीमतों पर नहीं पड़ेगा।

ट्रम्प के खिलाफ लामबंद हो रहीं कंपनियां

खिलौने बनाने वाली बार्बी से लेकर फोर्ड तक टैरिफ से पस्त

एजेंसी | न्यूयॉर्क

ट्रम्प के टैरिफ वॉर के खिलाफ अब अमेरिकी कंपनियां लामबंद होने लगी हैं। अमेरिका की दिग्गज कार निर्माता कंपनी फोर्ड का कहना है कि टैरिफ वॉर के चलते इस साल 12.6 हजार करोड़ रुपए का घाटा झेलना पड़ेगा। वहीं, बार्बी डॉल और हॉट व्हील्स कारें बनाने वाली कंपनी मैटल का कहना है कि वो अमेरिका में अपने खिलौनों की कीमतें बढ़ाने जा रही है। साथ ही, चीन पर अपनी निर्भरता भी घटाएगी। उसने कहा कि इस अनिश्चितता के चलते वो भविष्य में कंपनी बिक्री का अनुमान लगाने में मुश्किल हो रही है। मैटल की कुल बिक्री में अमेरिकी बाजार का हिस्सा 50% है। वह अमेरिका के लिए 20% प्रोडक्ट चीन से आयात करती है। इससे पहले इंटेल, फुटवियर निर्माता एडिडास और स्केचर्स, उपभोक्ता वस्तुओं के समूह प्रॉक्टर एंड गैंबल सहित तमाम कंपनियां चेतावनी दे चुकी हैं।

बच्चे 30 की बजाय दो गुड़ियों से भी खेलेंगे: ट्रम्प

बीते हफ्ते, ट्रम्प ने टैरिफ के संभावित प्रभाव को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, "अमेरिकी बच्चों के पास 30 गुड़ियों के बजाय दो हो सकती हैं।' लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि चीन को अधिक नुकसान होगा।

ऑटो ट्रेंड्स • लोग तेजी से बदल रहे लग्जरी कार, इससे इनका प्री-ओन्ड मार्केट बढ़ रहा

पहली बार सेकंड हैंड लग्जरी कारों की बिक्री नई से अधिक, 2 से 3 साल पुरानी लग्जरी कारों की मांग सबसे ज्यादा

सोहिनी दास | नई दिल्ली

बीते साल 2024 में प्री-ओन्ड (सेकंड हैंड) लग्जरी कारों ने बिक्री के मामले में नई लग्जरी कारों को पीछे छोड़ दिया। इंडस्ट्री का अनुमान है कि बीते साल देश भर में 80 हजार प्री-ओन्ड लग्जरी कारें बिकीं। वहीं, इस साल रिकॉर्ड 50 हजार नई लग्जरी कारें भी बिकीं।

वजह यह है लोग तेजी से लग्जरी कार बदल रहे हैं और प्री-ओन्ड कार बाजार में इन कारों की तादाद बढ़ती जा रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप के प्रेसिडेंट विक्रम पावा कहते हैं, 'किसी जमाने में 5-6 साल पुरानी प्री-ओन्ड कार खूब बिक रही थीं, लेकिन अब नई पीढ़ी 2-3 साल पुरानी ही प्री-ओन्ड कार ही पसंद कर रही है।' वे कहते हैं कि बीएमडब्ल्यू प्रीमियम सेलेक्शन के नाम से भारत में चल रहा प्री-ओन्ड प्रीमियम कार का कारोबार 2024 में साल भर पहले के मुकाबले 47% बढ़ गया है। 2019 की तुलना में बिक्री 146% बढ़ी है। मर्सिडीज बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि उनकी कंपनी की बहुत कम प्री-ओन्ड उपलब्ध हैं, इसलिए बाजार में उनकी मांग बहुत ज्यादा रहती है। इसीलिए 2024 में सर्टिफाइड कार कारोबार 25% बढ़ गया।

मझोले-छोटे शहरों में बिक्री हिस्सेदारी 50%, खरीदने वालों की उम्र 35-40 साल

- पावा के मुताबिक खरीदारों की औसत उम्र घटकर 35-40 साल रह गई है। बीएमडब्ल्यू की प्री-ओन्ड कारों की बिक्री में महानगरों और मझोले-छोटे शहरों की आधी-आधी हिस्सेदारी है। जयपुर, कोच्चि, चंडीगढ़, लखनऊ जैसे शहरों में इनकी डिमांड बढ़ रही है।
- कई डीलर 1 लाख रुपए में 3 साल या 45,000 किमी दूरी तय होने तक मेंटनेंस पैकेज दे रहे हैं। जब लोगों को मेंटनेंस का खर्च आम कार जितना लगता है लग्जरी कार लेने की हिचक दूर हो जाती है।
- प्री ओन्ड लग्जरी कार बिजनेस करने वाले हिमांशु आर्य बताते हैं कि पिछले साल प्री-ओन्ड लग्जरी कार की औसत कीमत 41-42 लाख रुपए के आसपास थी, जबकि नई लग्जरी कार के लिए औसतन 81 लाख रुपए खर्च करने पड़ रहे थे।
- अभी नई और पुरानी लग्जरी कारों की बिक्री का अनुपात 1:1.6 है। लेकिन पश्चिमी बाजारों में यह अनुपात 1:3 है। यानी हर 1 नई कार बिकने पर 3 प्री-ओन्ड कार बिकती हैं।

सेंसेक्स 156 अंक गिरा, जोमैटो सर्वाधिक 3% टूटा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार मंगलवार को लगभग फ्लैट बंद हुआ। सेंसेक्स 156 अंक गिरकर 80,641 पर और निफ्टी 81.55 अंकों की गिरावट के साथ 24,379.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल एटरनल (जोमैटो) के शेयर में सबसे ज्यादा 3% गिरावट आई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, एसबीआई, अदाणी पोर्ट्स और एनटीपीसी भी करीब 2% गिरकर बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर में 1.5% से लेकर 2% तक तेजी दर्ज की गई। सेंटीमेंट भी कमजोर रहा। चढ़ने वाले के मुकाबले गिरने वाले शेयरों की संख्या चार गुनी रही। बीएसई पर कुल 4,072 शेयरों की ट्रेडिंग हुई। इनमें से सिर्फ 742 शेयरों में तेजी रही। 3,209 शेयर गिरकर बंद हुए। 78 शेयर 52 हफ्तों के निचले स्तर आ गए, जबकि 63 शेयर 52 हफ्तों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गए। 6 शेयरों पर लोअर सर्किट भी लगा। दूसरी तरफ एक भी शेयर पर अपर सर्किट नहीं लगा।

बफे के रिटायरमेंट पर बिल गेट ने लिखा...

गेट्स ने कहा... वॉरेन बफे से मिलकर मेरी जिंदगी बदल गई

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

'ओमाहा में बिताए कुछ दिन अविस्मरणीय थे। हर बार जब मैं वॉरेन बफे के साथ होता हूं, तो अहसास होता है कि मैं कितना खुशनसीब हूं, जो उन्हें जानता हूं। न केवल इतिहास के सबसे महान निवेशक और परोपकारी के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक और मित्र के रूप में भी। जिस दिन हम मिले, उस दिन मेरी जिंदगी बदल गई। मैंने उनकी ईमानदारी, हास्य और उदारता से बहुत कुछ सीखा है। धन्यवाद, वॉरेन।' यह पोस्ट माइक्रोसॉफ्ट के कोफाउंडर बिल गेट्स ने अपने 94 साल के मित्र वॉरेन बफे के बर्कशॉयर हैथवे से रिटायरमेंट के मौके पर लिखी है। दोनों तीन दशक से मित्र हैं। बिल गेट्स वॉरेन बफे से 26 साल छोटे हैं लेकिन पहली मुलाकात दोस्ती में बदल गई। उनकी दोस्ती 1991 में गेट्स की मां के जरिये शुरू हुई थी। शुरू में बिल गेट्स वॉरेन बफे से मिलना भी नहीं चाहते थे। कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में गेट्स ने कहा था, 'मैं पहले बफे से मिलना भी नहीं चाहता था क्योंकि मुझे लगा,

हमारे पास वास्तव में बात करने के लिए कुछ भी नहीं है।' दूसरी ओर बफे भी गेट्स से मिलने के लिए उत्साहित नहीं थे। दिलचस्प बात ये है कि दुनिया की सबसे टॉप कंपनियों में निवेश करने वाले वॉरेन बफे ने बिल गेट्स की माइक्रोसॉफ्ट में कभी कोई निवेश नहीं किया है। बफे के मुताबिक गेट्स से घनिष्ठ मित्रता के कारण यह हितों का टकराव होगा। बफे ने बिल और मिलिंडा गेट्स द्वारा बनाए गए फाउंडेशन को काफी पैसा दान दिया। 2006 में बफे ने संपत्ति का 99% हिस्सा परोपकार के लिए देने का ऐलान किया था। हालांकि बाद में बफे ने कहा कि उनके मरने के बाद गेट्स फाउंडेशन को दान नहीं मिलेगा और उनके बेटे तय करेंगे कि उनकी करीब 13.5 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति का क्या करना है।

यूनियन बैंक ने 7 करोड़ में ली सुब्रमण्यन की किताबें

नई दिल्ली | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन की लिखी एक किताब की करीब 2 लाख कॉपियां खरीदने पर लगभग 7.25 करोड़ खर्च किए। हाल ही में सुब्रमण्यन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कार्यकारी निदेशक के पद से निर्धारित समय से छह महीने पहले हटा दिया गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सेंट्रल ऑफिस ने किताब की 1,89,450 पेपरबैक और 10,422 हार्डकवर कॉपियों का ऑर्डर दिया था।

पेटीएम: तिमाही घाटा कम होकर 545 करोड़, आय घटी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

ऑनलाइन पेमेंट और बैंकिंग सर्विस प्रोवाइडर पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को जनवरी-मार्च 2025में 544.6 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। ये 2024 की समान तिमाही में हुए 550.5 करोड़ के घाटे से करीब 1% कम है। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही के मुकाबले कंपनी का घाटा दोगुने से ज्यादा (164%) हो गया है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का घाटा 208.5 करोड़ था। शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में वन97 कम्युनिकेशन ने बताया है कि जनवरी-मार्च में उसकी ऑपरेशनल इनकम 1,911.5 करोड़ रुपए रही। हालांकि पेटीएम के घाटे में कमी आई, लेकिन आमदनी में गिरावट दिख रही है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी को 2,267 करोड़ की आय हुई। सालाना आधार पर कंपनी की आय 15.7% घट गई। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान आय 31% घटकर 6,900.4 करोड़ रह गई। 2023-24 में कंपनी को 9,978 करोड़ की आय हुई थी।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र

मुकदमा नं. 207 दिनांक 08.04.2025 धारा 127(6) भा.न.स थाना लाडवा

गुमशुदा की तलाश

नाम - गुरनाम सिंह
लिंग - पुरुष
आयु- 50 साल



गुरनाम वासी गांव बकाली थाना लाडवा जिला कुरुक्षेत्र का रहने वाला है। जो 06.04.2025 को अपने घर से कहीं चला गया है। जिसका रंग सांवला, लम्बा चेहरा व कद करीब 5 फुट 5 इंच है। जिसने पैंट शर्ट पहना हुआ है। जिसके बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। जिस भी व्यक्ति को गुरनाम के बारे में कोई भी सुचना मिले तो नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना लाडवा-7056700115
कन्ट्रोल रूम कुरुक्षेत्र 01744-222100,233924

अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस अधीक्षक, कुरुक्षेत्र

1084/11/3340/2026/34479/10/6

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र

NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY, KURUKSHETRA
(Under the Ministry of Education, Govt. of India)
KURUKSHETRA-136119

Advt. No. 10/2025

Admission in Ph.D. Program in Odd Semester of Academic Year 2025-26

National Institute of Technology, Kurukshetra invites online applications via Google Form from Indian and Foreign nationals for admission in the Doctor of Philosophy (Ph.D.) Degree Programmes on Full Time (Institute/ CSIR-UGC-NET-JRF, Project), Visvesvaraya Fellowship Scheme, Self-Financed Full Time and Part Time seats for Academic Year 2025-26.

Number of Seats, Online Application Form Link, and other relevant details along with Ph.D. Regulation are available on the Institute **website: www.nitkkr.ac.in** under Admission 2025- Ph.D. tab.

All interested candidates may fill the Google Form latest by June 10, 2025, 05:00 p.m. If the application is incomplete or any information is found misleading/false at any point during or after the admission process, the candidate's candidature/admission will be cancelled and the application fee will not be refunded in any case. Please visit Institute website regularly for any announcement or updates in this regard.

Registrar I/c

शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा

हरियाणा राज्य में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अंतर्गत 87 नगर पालिकाएं (11 नगर निगम, 23 नगर परिषद और 53 नगर समितियां) हैं। इन नगर पालिकाओं को शहरी आबादी को नागरिक सुविधाएं प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है। नगर पालिकाओं द्वारा किए जाने वाले कार्य और प्रदान की जाने वाली सेवाएं अधिकतर भौगोलिक-स्थित होती हैं और इसलिए व्यापक जीआईएस डेटाबेस बनाने की आवश्यकता है।

इसलिए, शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा राज्य भर में नगर पालिकाओं या शहरी स्थानीय निकाय विभाग के किसी अन्य कार्यालय में अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले 22 भू-स्थानिक इंजीनियरों और 33 तकनीकी सहायकों को अनुबंध के आधार पर शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करना चाहता है, जिसे तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है।

विस्तृत नियम एवं शर्तें, चयन मानदंड, पारिश्रमिक और निर्धारित आवेदन पत्र आदि विभाग की वेबसाइट **https://ulbharyana.gov.in/Home/RecruitmentDetails** पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार 27 मई, 2025 से पहले केवल **https://ulbharyana.gov.in/recruitment** लिंक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नियुक्ति के लिए कोई भी भौतिक आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता./-
महा निदेशक,
शहरी स्थानीय निकाय विभाग,
हरियाणा, पंचकूला

1143/11/34/2026/34485/10/6

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/कॉर्पो/ऑथ. का नाम	कार्य का नाम निविदा सूचना	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (अनु.) रु. में	बोर्ड /कॉर्पो/ ऑथ. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल
1.	नगर पालिका समिति जाखलमंडी	प्रत्येक प्रतिष्ठान से नगर निगम के ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) का डोर-टू-डोर संग्रहण और पृथक्करण तथा एमआरएफ केंद्रों, स्थानांतरण स्टेशनों, प्रसंस्करण स्थल एमसी जाखल मंडी तक परिवहन	29.04.2025 13.05.2025	542 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813250056 mcjakhalmandi@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in देखें। 13/2026/40/34493/I/10/6

नगर निगम चंडीगढ़

ई-निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	बोली जमा अनुसूची (आनलाइन)	तकनीकी बोली का खुलना (आनलाइन)
	कार्यकारी अभियंता - एम.सी.पी.एच. डिवीजन नं. 2		
1.	सेक्टर 26 (अनाज मंडी), 28, 47 और मनीमाजरा चंडीगढ़ के बाजार में 07 अदद सार्वजनिक शौचालयों को आकांक्षी शौचालयों में तोड़ना/पुनर्निर्माण करना। सीएच टू:- एसबीएम 2.0 (शहरी)। अनु. राशि : रु. 1,28,93,850/- ईएमडी : रु. 2,57,880/- समय सीमा : 09 माह	05.05.2025 से 16.05.2025 सुबह 10.15 बजे	16.05.2025 सुबह 10.15 बजे

नोटः- अन्य सभी नियम व शर्तें तथा सम्पूर्ण डीएनआईटी वेबसाइट https://etenders.chd.nic.in पर अपलोड कर दी गई है।

कार्यकारी अभियंता
एम.सी.पी.एच. डिवीजन नं. 2, समीप करुणा सदन, सेक्टर 11, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में	बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल
1	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में टर्नकी आधार पर सेक्टर-23 सब डिवीजन, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम के अंतर्गत सी-1 और सी-2 ब्लॉक गुरुग्राम में 11 केवी फीडरों पर विभिन्न स्थानों पर केबल मीटर पैनल और वितरण पैनल जैसे बुनियादी ढांचे (एसेंशिया और वसोलिया परियोजना) को मजबूत करने के लिए आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (प्रस्तावित कार्य की लागत रु. 3,80,15,852/- है)	01.05.2025 21.05.2025	380.15 LACS	www.dhbvn.org.in	01128313780 ceopdelhi@dhbvn.org.in
2	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में टर्नकी आधार पर एसडीओ सेक्टर 31 सब डिवीजन, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम के अंतर्गत सब-अर्बन डिवीजन (ओपी सर्कल-II, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम) के तहत एलडी सिस्टम गुरुग्राम के एमटीसी के तहत साउथ सिटी-1 में बिल्डर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर एसीएसआर और वितरण एलटी पैनल के प्रतिस्थापन के लिए आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (प्रस्तावित कार्य की लागत रु.95,94,075/- है)	01.05.2025 21.05.2025	95.94 LACS	www.dhbvn.org.in	01128313780 ceopdelhi@dhbvn.org.in
3	डीएचबीवीएन	सोहना रोड सब डिवीजन, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम के अंतर्गत सोहना डिवीजन (ओपी सर्कल-II, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम) के अंतर्गत डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में टर्नकी आधार पर नए टी/एफएस प्रदान करके और क्षतिग्रस्त एलटी पैनल आदि को बदलकर बिल्डर एरिया साउथ सिटी-2 में एलडी सिस्टम के सुधार के लिए आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (प्रस्तावित कार्य की लागत रु. 1,75,03,527/- है)	01.05.2025 21.05.2025	175.03 LACS	www.dhbvn.org.in	01128313780 ceopdelhi@dhbvn.org.in
4	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में टर्नकी आधार पर सब-अर्बन डिवीजन (ओपी. सर्कल-II, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम) के तहत सेक्टर-56 सब डिवीजन के तहत एलडी सिस्टम के सुधार के लिए सुशांतलोक-II, सुशांतलोक-III और सनसिटी टाउनशिप के बिल्डर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अतिरि1त वितरण ट्रांसफार्मर प्रदान करने और 100एमएम2 एसीएसआर के साथ खराब हो चुके 50/30एमएम2 के विस्तार के लिए आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (प्रस्तावित कार्य की लागत रु. 2,27,88,220/- है)	01.05.2025 21.05.2025	227.88 LACS	www.dhbvn.org.in	01128313780 ceopdelhi@dhbvn.org.in
5	डीएचबीवीएन	मेसर्स अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर 67 और 67 ए गुरुग्राम द्वारा विकसित प्लॉटेड कॉलोनी के शेष आंतरिक विद्युतीकरण के लिए आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, (ओपी) एस/डिवीजन डीएचबीवीएन बादशाहपुर के तहत ओपी डिवीजन, सोहना (ओपी सर्कल- II, डीएचबीवीएन, गुरुग्राम) डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में टर्नकी आधार पर। (प्रस्तावित कार्य की लागत रु. 3,79,19,492/- है)	01.05.2025 21.05.2025	379.19 LACS	www.dhbvn.org.in	01128313780 ceopdelhi@dhbvn.org.in
6	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में टर्नकी आधार पर एसडीओ सुशांतलोक सब डिवीजन डीएचबीवीएन गुरुग्राम के तहत एलडी प्रणाली के सुधार के लिए सुशांतलोक 1 के बिल्डर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न क्षमता के एचटी/एलटी लाइनों एचटी एक्सएलपीई केबल अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर सहित अतिरि1त बुनियादी ढांचे की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (प्रस्तावित कार्य की लागत रु. 3,74,56,853/- है)	01.05.2025 21.05.2025	374.57 LACS	www.dhbvn.org.in	01128313780 ceopdelhi@dhbvn.org.in
7.	डीएचबीवीएन	टर्नकी आधार पर डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में, परिचालन सर्कल डीएचबीवीएन हिसार के अंतर्गत सेक्टर-16-17, हिसार में 1 33 केवी सबस्टेशन के लिए सामग्री की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (सिविल कार्यों सहित)	01.05.2025 13.05.2025	4.56 CRORES	www.dhbvn.org.in	01662223216 cepdc@dhbvn.org.in

PRDH-13/2026/140/34504/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

IPL 2025

मैच-55 तक
बाउंड्री मीटर

चौके	छक्के
1667	933

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी (टीम)	रन
कोहली (बेंगलुरु)	505
साई सुदर्शन (गुजरात)	504
सूर्यकुमार (मुंबई)	475

पर्पल कैप

खिलाड़ी (टीम)	विकेट
प्रसिद्ध (गुजरात)	19
हेजलवुड (बेंगलुरु)	18
अर्शदीप (पंजाब)	16

आरसीबी के पॉडकास्ट में विराट के खुलासे

खुद को खुश रखने के लिए छोड़ी थी कप्तानीः कोहली

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरु

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने स्वीकार किया है कि टीम इंडिया और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी करते हुए वे लगातार दबाव में थे। उन्होंने खुद को खुश रखने के लिए 2021 टी20 वर्ल्ड कप के बाद दोनों टीमों की कप्तानी छोड़ दी थी। आरसीबी के नए पॉडकास्ट 'बोल्ड एंड बियॉन्ड' में कोहली ने कहा, 'मैं 7-8 साल भारत और 9 साल आरसीबी का कप्तान रहा। हर मैच में मुझसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहती थी। हर समय मैं चर्चा में रहता था। यह सब कुछ बहुत भारी पड़ने लगा था। इसलिए खुद को संतुलन में रखने के लिए मैंने जिम्मेदारी छोड़ी।'

'2024 टी20 फाइनल में बिना आत्मविश्वास के उतरा'

कोहली ने खुलासा किया कि 2024 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में वे आत्मविश्वास के बिना बल्लेबाजी करने उतरे थे। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 9 पारियों में केवल 75 रन बनाए थे, लेकिन फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 59 गेंद में 76 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोहली ने कहा, 'पहले ओवर में ही तीन चौके लग गए। मुझे समझ नहीं आया कि ये कैसे हुआ। यही क्रिकेट है, आपको हमेशा तैयार रहना होता है।'

'पाक से हार के बाद रात भर सो नहीं सका था': कोहली ने 2009 चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान से 54 रन से मिली हार को भी याद किया, जब वे 16 रन पर आउट होने के बाद पूरी रात सो नहीं सके। उन्होंने कहा, 'मैं सुबह 5 बजे तक छत को ताकता रहा। लगा कि मैंने बड़ा मौका खराब कर दिया।'

बाउचर की सलाह ने बदल दी दिशाः कोहली ने बताया कि 2008 में आरसीबी में साउथ अफ्रीका के मार्क बाउचर ने उनकी शॉर्ट बॉल कमजोरी पर काम कराया। एक दिन बाउचर मुझसे बोले- अगर 4 साल में इंडिया के लिए नहीं खेले तो खुद से नाइंसाफी होगी। तभी तय किया कि हर दिन खुद को बेहतर करूंगा।

2016 से 2019 तक टीम बदलने के ऑफर मिले थे

आईपीएल 2016 में रिकॉर्ड 973 रन बनाने के बाद कोहली बेहद डिमांड में थे। कोहली ने बताया कि उन्हें कई दूसरी टीमों से ऑफर मिले थे और लोगों ने टीम बदलने की सलाह दी लेकिन वे आरसीबी से जुड़े रहे। कोहली ने कहा, 'कोई ट्रॉफी यहां के फैंस से मिलने वाले प्यार की बराबरी नहीं कर सकती। यह प्यार मेरे साथ ताउम्र रहेगा।'

दुनिया की सबसे रोमांचक टी20 लीग • नेट रन रेट बेहद अहम, आखिरी क्वालिफाइंग टीम का फैसला तो लीग स्टेज के अंतिम दो दिनों में हो रहा

10 टीमों वाले आईपीएल में बदला ट्रेंड; चार सीजन में पहली बार कोई टीम 50 मैच से पहले बाहर हुई; औसतन 70% मैच बाद होता है पहला एलिमिनेशन

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

आईपीएल का 18वां सीजन अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, अभी तक टॉप-4 में एक भी टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी है। सीजन शुरू होने के लगभग डेढ़ महीने बाद 30 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स मौजूदा सीजन से एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बनी और यह हुआ 49वें मुकाबले में। यह 10 टीमों वाले आईपीएल में हालिया 4 सीजन में सबसे जल्दी एलिमिनेशन रहा। हालिया 4 वर्षों में देखा गया है कि लीग स्टेज के लगभग 70 प्रतिशत मैचों के बाद पहली टीम बाहर होती है। हालांकि, लीग का रोमांच यही खत्म नहीं होता क्योंकि औसतन 60 मैच (करीब 86% मैच) होने के बाद भी किसी टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय नहीं होता है। चौथी टीम का फैसला तो लीग स्टेज के अंतिम दो मुकाबलों के शेष रहते या फिर आखिरी मुकाबले के बाद होता रहा है।

साल 2023 सबसे रोमांचक, 59वें मैच में एलिमिनेट हुई थी पहली टीम

आईपीएल-18 में चेन्नई, राजस्थान और हैदराबाद को छोड़कर सभी सात टीमें प्लेऑफ की रेस में बनी हुई हैं। हालांकि, 10 टीमों वाले संस्करण में चार सीजन में ऐसा पहली बार हुआ है जब एलिमिनेट होने वाली पहली टीम 50वें मैच से पहले ही मिल गई। साल 2022 सीजन में मुंबई 7 मई को सीजन के 52वें मुकाबले के नतीजे के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बनी थी। इसी तरह 2023 में 13 मई को सीजन के 59वें मैच के बाद दिल्ली बाहर हुई थी। वहीं, पिछले सीजन 8 मई को लीग स्टेज का 57वां मैच खेला गया था, जहां मुंबई बाहर होने वाली पहली टीम बनी थी।

पहली टीम क्वालिफाई होने में लग रहे हैं कम से कम 55 मैच

एलिमिनेट होने वाली पहली टीम की तरह, प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली पहली टीम का फैसला भी 70% से ज्यादा लीग मैच होने के बाद ही होता है। पिछले तीन सीजन में, 55 लीग मैचों के बाद ही टॉप-4 की पहली टीम तय हुई। पिछले साल केकेआर 60वां मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंची। 2022 में गुजरात ने 57वें और 2023 में 62वें मैच में जीत दर्ज कर क्वालिफाई किया। इन तीनों सीजन में प्लेऑफ में पहली टीम का फैसला उसकी 9वीं जीत के बाद हुआ। इस सीजन में अभी तक कोई टीम 9 मुकाबले नहीं जीत सकी है।

2023 में अंतिम लीग मैच के बाद क्वालिफाई हुई थी आखिरी टीम

पिछले तीन सीजन से प्लेऑफ में पहुंचने वाली आखिरी टीम का फैसला लीग स्टेज के औसतन अंतिम दो दिनों में ही हुआ है। 2023 में तो अंतिम लीग मैच के बाद चौथी टीम तय हुई, जब आरसीबी की हार से मुंबई इंडियंस क्वालिफाई कर गई। 2022 में दिल्ली की हार (69वां मैच) ने आरसीबी को 16 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचाया। 2024 में सीएसके को हराकर आरसीबी ने 68वें मैच में 14 अंकों और बेहतर रन रेट के साथ क्वालिफाई किया था। इस बार भी देखना दिलचस्प होगा कि अंतिम टीम प्लेऑफ में कब क्वालिफाई होगी।

मैच प्रीव्यू • कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला शाम 7:30 बजे से

आज स्पिनर्स की जंग से फैसला

केकेआर के स्पिनर्स इस सीजन सबसे ज्यादा 31 विकेट ले चुके

भास्कर न्यूज़ | कोलकाता

आईपीएल के 18वें सीजन का 57वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच बुधवार को खेला जाएगा। केकेआर के घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। केकेआर के पास अभी 11 अंक हैं और उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी तीनों मुकाबले जीतने होंगे। केकेआर ने अपने पिछले दोनों मुकाबले जीते हैं। ऐसे में घरेलू मैदान पर वे जीत की लय कायम रखना चाहेंगे। दूसरी ओर, सीएसके युवा खिलाड़ियों को मौका देने की रणनीति पर चल रही है। 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का उभरना टीम के लिए सबसे सकारात्मक बात रही है। उन्होंने मुंबई के खिलाफ 32 रन और बेंगलुरु के खिलाफ 94 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा। हालांकि, चेन्नई अपने पिछले चार मुकाबले हारा है। ऐसे में टीम के खिलाड़ी खासे दबाव में होंगे।

इस मुकाबले को स्पिनर्स की जंग भी कहा जा सकता है क्योंकि दोनों ही टीमों में कुछ बेहतरीन स्पिनर्स हैं। केकेआर में वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, मोइन अली हैं, जिन्होंने चेन्नई को इस सीजन में चेपक पर उनके सबसे न्यूनतम घरेलू स्कोर 103/9 पर रोक दिया था। सीएसके के पास भी नूर अहमद, जडेजा और अश्विन जैसे स्पिनर्स हैं। नूर अब तक 16 विकेट के साथ टॉप-5 में हैं। वहीं, चेन्नई के भी स्पिनर्स 28 विकेट के साथ उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। हालांकि चेन्नई के बल्लेबाजों ने स्पिनर्स के खिलाफ इस साल सबसे अधिक 32 विकेट गंवाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी स्पिनरों के खिलाफ सिर्फ 124 का रहा है।

धोनी के लिए यादगार हो सकता है ईडन गार्डन्स

- चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी की संभावित 'ईडन विदाई' इस मैच की सबसे बड़ी कहानी होगी। सीएसके पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन 43 वर्षीय धोनी की मौजूदगी ही मैदान को 'यलो' रंग देने के लिए काफी है, भले ही यह मैच केकेआर के होम ग्राउंड पर हो।
- धोनी का कोलकाता से गहरा नाता रहा है। यहीं उन्होंने जूनियर क्रिकेट खेला, उनके ससुराल वाले यहीं रहते हैं और यहीं उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपना पहला शतक भी जमाया था।
- ईडन पर कई यादगार लम्हों के बाद, यह संभवतः धोनी का इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी मैच हो सकता है।
- धोनी ने पिछले मैच में बेंगलुरु के खिलाफ आउट होने से पहले 8 गेंदों पर 12 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके और हार की जिम्मेदारी भी खुद ली। बावजूद इसके, फैंस के लिए धोनी सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक भावना हैं।

धोनी के ईडन पर 12 पारी में 280 रन।



हेड टू हेड
मैच 30
चेन्नई जीता 19
केकेआर जीता 11

ईडन पर चेन्नई भारी है, जहां हुए 10 मैच में से उसने 6 जीते हैं। हालांकि मौजूदा सीजन के दोनों टीमों के मैच में केकेआर ने बाजी मारी थी।

प्लेयर्स बैटल

धोनी vs नरेनः नरेन ने आईपीएल में धोनी को 16 में से सिर्फ दो पारियों में ही आउट किया है, लेकिन धोनी उनके खिलाफ महज 52 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

रहाणे vs जडेजाः जडेजा ने रहाणे को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन रहाणे उनके खिलाफ महज 96 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

आईपीएल-2025 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	NR	अंक	रनरेट
बेंगलुरु	11	8	3	0	16	+0.482
पंजाब	11	7	3	1	15	+0.376
मुंबई	11	7	4	0	14	+1.274
गुजरात	10	7	3	0	14	+0.867
दिल्ली	11	6	4	1	13	+0.362
कोलकाता	11	5	5	1	11	+0.249
लखनऊ	11	5	6	0	10	-0.469
हैदराबाद	11	3	7	1	7	-1.192
राजस्थान	12	3	9	0	6	-0.718
चेन्नई	11	2	9	0	4	-1.117

वर्ल्ड एथलेटिक्स डे आज

दुनिया की सबसे बड़ी रिले रेस, 5 लाख बच्चे शामिल

भास्कर न्यूज़ | मोनाको

वर्ल्ड एथलेटिक्स डे बुधवार को है। इसके जश्न में एथलेटिक्स की वर्ल्ड बॉडी (वर्ल्ड एथलेटिक्स) ने एक नई पहल की शुरुआत की। इसमें दुनिया भर से पांच लाख बच्चे एक साथ रिले रेस में हिस्सा लेंगे। इसे 'रिले अराउंड द वर्ल्ड चैलेंज' नाम दिया गया है। रिले रेस के इस सबसे बड़े चैलेंज का आगाज छह अप्रैल को मोनाको में हुआ था, जहां प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय ने बैटन पास कर रिले की शुरुआत की थी। इसकी आखिरी कड़ी यानी अंतिम रिले चीन के ग्वांगझू में होगी।

- चीन में रिले के दौरान बच्चे 'डिजाइन योर बैटन' प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता भी दिखा सकते हैं। विजेता डिजाइन को असली प्रतिस्पर्धात्मक बैटन के रूप में तैयार किया जाएगा। यह अभियान बच्चों को एथलेटिक्स खेल से जोड़ने के लिए है।

- **एथलेटिक्स डे की शुरुआत 29 साल पहले हुई थीः** वर्ल्ड एथलेटिक्स डे बच्चों और युवाओं को एथलेटिक्स की ओर प्रोत्साहित करने और खेलों से जोड़ने के लिए मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत 1996 में वर्ल्ड एथलेटिक्स (पहले आईएएएफ) के अध्यक्ष प्राइम नेबीओलो ने की थी।

4 मेडल अपने नाम किए हैं भारत ने एथलेटिक्स में ओलिंपिक में। इसमें एक गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल हैं।

3 मेडल जीते हैं भारत ने एथलेटिक्स की वर्ल्ड चैम्पियनशिप में, जिसमें 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज।

माइंड गेम # 78

4					9			
1				5	6			7
	9	8					5	
	1						6	5
		6	8			4	3	2
	4							
				1				
						8		6
	5	4	6		8			9

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

माइंड गेम 77 का जवाब

4	6	5	7	8	9	3	2	1
1	3	2	4	5	6	9	8	7
7	9	8	1	2	3	6	5	4
5	7	6	8	9	1	4	3	2
2	4	3	5	6	7	1	9	8
8	1	9	2	3	4	7	6	5
3	5	4	6	7	8	2	1	9
6	8	7	9	1	2	5	4	3
9	2	1	3	4	5	8	7	6

वर्ड-लूप # 78

मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 77 का जवाबः STEWARDS

क्रॉसवर्ड # 868

बायें से दायें:

1. भगवान कृष्ण का प्यार भरा नाम (2)। 3. अत्यंत शोभामान (4)। 6. नवाजुद्दीन सिद्दीकी, वरुण धवन, हुमा, यामी गौतम की 2015 की फिल्म (5)। 7. निर्दय, क्रूर (4)। 9. वायु (2)। 10. पहनावा, पोशाक (3)। 12. उष्णोत्स,पानी गर्म करने का हीटर (3)। 13. दोस्ती, याराना (2)। 14. मिलावट रहित, शुद्ध (4)। 15. आमीर खान, असिन, जिया खान की 2008 की फिल्म (3)। 16. बड़ी छिपकली,गोह (3)। 19. त्याग करने योग्य (4)। 21. विरामहीन (4)। 22. आद्र (2)। 23. शोभन, खूबसूरत (3)। 24. फिल्म कुली के खलनायक, महाभारत के दुर्योधन (3,3)। 25. रोटी सेंकने का पात्र (2)।

ऊपर से नीचे:

1. सपेरा नृत्य (5,2)। 2. पग, डग, पद (3)। 3. सपूत, सत्पुत्र (3)। 4. तुमुल, कोलाहल, 1972 की एक फिल्म (2)। 5. असि, शमशीर (4)। 6. तकरार, तर्क-वितर्क (3)। 8. एक घुमंतु जाति (3)। 9. मुस्लिम तीर्थ (2)। 11. गमन करने वाली (3)। 12. जयदेव की राधाकृष्ण के रास पर आधारित काव्य रचना (2,3)। 14. अजेय, अपराजित (3)। 15. सौभाग्य, संतोष की बात (4)। 17. हलका ज्वर (4)। 18. दशरथ के जेष्ठ पुत्र (2)। 20. जन्म देने वाली (3)। 21. दानव (3)।

क्रॉसवर्ड 867 का उत्तर

सु	बा	■	रा	जी	व	■	चा	क
ली	ला	क	र	■	सु	वि	चा	र
■	को	टा	■	रा	धा	■	ने	ता
मी	ट	र	गे	ज	■	प	ह	र
ना	■	■	हु	का	र	■	रू	■
का	य	दे	आ	ज	म	■	■	सु
री	■	वा	■	■	क	ट	ह	ल
■	ति	ल	मि	ला	ना	■	मा	ता
वि	न	य	■	ठी	■	अ	म	न

महिला वनडेः आज भारत का दक्षिण अफ्रीका से सामना

भास्कर न्यूज़ | कोलंबो

श्रीलंका में चल रही महिला वनडे ट्राई सीरीज में बुधवार को भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच जीतकर भारतीय टीम फाइनल में जगह पक्की करना चाहेगी। फिलहाल, भारत के तीन मैचों में दो जीत के बाद चार अंक हैं और नेट रन रेट (+0.433) के आधार पर वह टॉप पर है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है और उसने अपने दोनों मैच गंवाए हैं। पिछले मैच में भारत को भी श्रीलंका से तीन विकेट से हार मिली थी और अब टीम की कोशिश वापसी करने की रहेगी।

अंडर-19 सैफ चैम्पियनशिप 9 से 18 मई तक

फुटबॉलः 50 खिलाड़ियों में से 23 सदस्यीय भारतीय टीम चुनी

भास्कर न्यूज़ | ईटानगर

फुटबॉल की अंडर-19 सैफ चैम्पियनशिप 9 मई से अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में खेली जानी है। इसके लिए भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने 23 सदस्यीय टीम घोषित की। भारतीय टीम 30 अप्रैल को 25 संभावित खिलाड़ियों के साथ ईटानगर पहुंची थी। फर्नांडिस ने बताया, 'हमने बेंगलुरु में 50 प्लेयर के साथ कैंप शुरू किया था, जिसमें से 23 खिलाड़ी चुने। भारत रिकॉर्ड तीन बार सैफ चैम्पियनशिप जीत चुका है। उसे ग्रुप बी में नेपाल और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम 9 मई को श्रीलंका के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। चैम्पियनशिप 18 मई तक खेली जाएगी।

टीम इस प्रकार हैः **गोलकीपर-** आरुष हरी, अहेइबम सूरज सिंह, रोहित। **डिफेंडर-** अशिक अधिकारी, टाखेल्लामबम बुंगसन सिंह, जोड्रिक अब्रांचेस, मो. कैफ, सुमित शर्मा, सोहम उत्रेजा, रोशन सिंह। **मिडफील्डर-** डैनी लैशराम, गुरनाज सिंह, मो. अर्बाश, ऋषि सिंह, शमी। **फॉरवर्ड-** सैमसन, भारत लैरेंजम, रोहेन सिंह, ओमांग डोडुम, प्रशन जाजो, हेमनेइचुंग लुंकिम, योहान बेंजामिन।

आमिर जंगू और ज्वेल एंड्रयू वेस्ट इंडीज टीम में शामिल

भास्कर न्यूज़ | किंग्सटन

वेस्ट इंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड के लिमिटेड ओवर्स दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। शाई होप टीम की कप्तानी करेंगे। विकेटकीपर आमिर जंगू और टॉप ऑर्डर बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू को टीम में जगह मिली है। टीम 21 मई से आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड में 29 मई से तीन वनडे और तीन टी20 होंगे। टीम की नजर 2027 वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालिफिकेशन पर है।

टीमः शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, केसी कार्टी, चेज, फोर्डे, ग्रीव्स, आमिर जंगू, अल्जारी, शमार जोसेफ, ब्रेंडन किंग, एविन लुईस, मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

मोटर स्पोर्ट्सः रेस में 11 बाइक आपस में टकराईं, दो राइडर्स की मौत

लंदन | इंग्लैंड में ब्रिटिश सुपरस्पोर्ट चैम्पियनशिप रेस के दौरान 11 बाइक आपस में भिड़ गईं। हादसे में दो राइडर्स; 21 वर्षीय ओवेन जेनर और 29 वर्षीय शेन रिचर्डसन की मौत हो गई। 47 वर्षीय टॉम टन्स्टॉल गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। पांच अन्य राइडर्स को मामूली चोटें आईं, जिनका ट्रैक पर इलाज हुआ। तीन राइडर्स सुरक्षित बच गए। हादसे से बाद रेस को रोक दिया गया और जांच शुरू हो गई है।

भास्कर खास चीन में 20 साल पहले बढ़ी स्नूकर की लोकप्रियता, झाओ पर 20 महीने का निलंबन लगा था

चीन में स्नूकर का नया युगः वर्ल्ड टाइटल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने झाओ शिनटोंग, देश के 15 करोड़ लोगों ने लाइव देखा फाइनल

झाओ को 5.64 करोड़ की इनामी राशि मिली।

भास्कर न्यूज़ | शेफील्ड (इंग्लैंड)

ब्रिटेन की बादशाहत वाले स्नूकर खेल में वर्ल्ड चैम्पियनशिप का खिताब पहली बार चीन के खिलाड़ी झाओ शिनटोंग ने अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड के शहर शेफील्ड में हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने तीन बार के चैम्पियन वेल्स के मार्क विलियम्स को 18-12 से हराकर इतिहास रचा। 28 वर्षीय झाओ वर्ल्ड टाइटल जीतने वाले पहले एशियन खिलाड़ी बने। उनके मैच को चीन में 15 करोड़ लोगों ने लाइव देखा।

चीन में स्नूकर 20 साल पहले लोकप्रिय हुआ जब 18 साल के एक युवा खिलाड़ी डिंग जुनहुई ने अपने से 29 साल बड़े इंग्लिश खिलाड़ी स्टीव डेविस को हराकर यूके चैम्पियनशिप जीती थी। 2014 में डिंग जुनहुई वर्ल्ड रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बने। दो साल बाद वह वर्ल्ड चैम्पियनशिप के फाइनल तक भी पहुंचे, लेकिन जीत नहीं सके। इन उपलब्धियों के बाद देश में तीन लाख स्नूकर हॉल खड़े हो गए और तकरीबन पांच करोड़ लोग इसे खेलने लगे। साल 2023 में वर्ल्ड स्नूकर टूर के मुकाबलों में घोटाला करने के चलते 10 चीनी खिलाड़ियों को निलंबित कर दिया गया था। झाओ भी उस सूची में शामिल थे, जिन पर 20 महीनों का निलंबन लगा था। लेकिन जब वह वापस लौटे तो रुके नहीं। उन्होंने सोफिया में एमेच्योर टूर को जीतकर वापसी की। कमबैक पर उन्होंने 44 गेम्स में से 42 में जीत हासिल की और वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले एमेच्योर खिलाड़ी बने। शेफील्ड के क्रूसिबल थियेटर में दो दिन चले इस फाइनल में जीत के बाद जब झाओ ने मार्क विलियम्स से हाथ मिलाया तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा, 'यह चीनी स्नूकर के लिए बहुत अच्छा है। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने उनके लिए यह किया। यह अविश्वसनीय है, जैसे सपना।'

वर्ल्ड टाइटल जीतने वाले नॉन-ब्रिटिश खिलाड़ी (न्यू एरा)

साल	देश	खिलाड़ी
1980	कनाडा	क्लिफ थॉरबर्न
2010	ऑस्ट्रेलिया	नील रॉबर्टसन
2023	बेल्जियम	लुका ब्रेसेल
2025	चीन	झाओ शिनटोंग

टेनिसः सिनर की प्रैक्टिस देखने पहुंचे 5 हजार फैंस

भास्कर न्यूज़ | रोम

डोपिंग के चलते तीन महीने का प्रतिबंध झेलने के बाद वर्ल्ड नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी इटली के जैनिक सिनर इटैलियन ओपन में वापसी कर रहे हैं। उनकी वापसी को लेकर प्रशंसकों में इतना उत्साह है कि टूर्नामेंट से पहले उनके पहले अभ्यास सत्र में करीब 5,000 प्रशंसक पहुंचे। अभ्यास सत्र का इटली के स्थानीय टेलीविजन पर प्रसारण भी किया गया। सिनर 9 मई को अभियान शुरू करेंगे। 1976 के बाद से इटली के किसी स्थानीय खिलाड़ी ने यह खिताब नहीं जीता है, जिससे सिनर को 49 साल का सूखा खत्म करने का मौका मिलेगा।



त्रिशूर पूरमः केरल का 36 घंटे चलने वाला उत्सव, जिसमें हाथियों की शोभायात्रा निकाली जाती है

त्रिशूर| केरल के प्रसिद्ध वडकुनाथन मंदिर में त्रिशूर पूरम उत्सव धूमधाम से शुरू हो गया है। 36 घंटे तक चलने वाले इस भव्य पर्व की शुरुआत 5 मई की रात पारंपरिक शोभायात्रा से हुई, जिसमें मंदिर के खास द्वार को खोला गया। मंगलवार को प्रख्यात कलाकारों की पारंपरिक प्रस्तुति से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद सजे-धजे हाथियों की शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले सोमवार को 'एर्नाकुलम शिवकुमार' नामक हाथी ने मंदिर के दक्षिणी प्रवेश द्वार को खोलकर अनुष्ठान पूरा किया। त्रिशूर पूरम केरल का सबसे भव्य और रंगारंग मंदिर उत्सव है। यह हर साल अप्रैल-मई में पूरम नक्षत्र के दिन होता है। इस उत्सव की शुरुआत 1798 में कोच्चि के महाराजा शाक्तन थंपुरन (राजा राम वर्मा) ने की थी। उन्होंने वडकुनाथन मंदिर के आसपास के 10 मंदिरों को एक साथ जोड़कर यह विशाल उत्सव शुरू किया था। लाखों श्रद्धालु और पर्यटक इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए त्रिशूर पहुंचते हैं। यह पर्व केरल की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

पैंतरा उल्टा • पाकिस्तान ने यूएन सुरक्षा परिषद की बैठक की मांग की ताकि समर्थन मिले

पाक की चाल नाकाम, यूएन में सभी देशों ने लश्कर से 'रिश्तों' पर घेरा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को उस वक्त करारा झटका लगा, जब उसने कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने की नाकाम कोशिश की। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत के बाद भारत की ओर से कहा गया कि यह हमला पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकी संगठनों द्वारा अंजाम दिया गया। इस पृष्ठभूमि में सोमवार को न्यूयॉर्क में हुई बंद दरवाजे की बैठक में पाकिस्तान न सिर्फ अलग-थलग पड़ गया, बल्कि उस पर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से संबंधों और क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगे।

सूत्र बताते हैं कि करीब 90 मिनट तक चली इस अहम बैठक में अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन सहित कई सदस्य देशों ने पाकिस्तान के हालिया मिसाइल परीक्षणों और युद्धक भाषा पर चिंता जताई। ये परीक्षण उस वक्त किए गए जब क्षेत्र पहले से तनावपूर्ण स्थिति में है, जिससे पाकिस्तान की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े हुए।

बंद दरवाजे की बैठकः 5 मुद्दों पर पाकिस्तान हुआ असफल

- **पाकिस्तान की 'फॉल्स फ्लैग' थ्योरी खारिजः** यूएनएससी के सदस्यों ने पाकिस्तान द्वारा पेश की गई 'फॉल्स फ्लैग' थ्योरी को खारिज कर दिया और लश्कर-ए-तैयबा की संभावित संलिप्तता पर सवाल पूछे।
- **परमाणु बयानबाजी और मिसाइल परीक्षणों पर चिंताः** सदस्य देशों ने पाकिस्तान की परमाणु बयानबाजी और हालिया मिसाइल परीक्षणों को क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाने वाला करार देकर कड़े तेवर दिखाए।
- **बैठक में पाकिस्तान की अलग-थलग स्थितिः** बैठक के बाद कोई संयुक्त बयान या प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई, जिससे पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग स्थिति स्पष्ट हुई है।
- **भारत का अंतरराष्ट्रीय समर्थनः** भारत ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस सबूत और पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया, जिससे सदस्य देशों का आतंकवाद के विरुद्ध स्पष्ट समर्थन हासिल हुआ है।
- **पाकिस्तान की पारंपरिक सहयोगियों की चुप्पीः** पाकिस्तान के पारंपरिक सहयोगी चीन ने भी इस बार उसके दावों का समर्थन नहीं किया, जो आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा और सख्त संकेत है।

भास्कर नॉलेज — फॉल्स फ्लैग क्या है, चर्चा में क्यों?

▪ 'फॉल्स फ्लैग' का मकसद क्या होता है?
'फॉल्स फ्लैग' का उपयोग सामान्यतः उन कार्रवाइयों के लिए होता है, जो जानबूझकर की जाती हो और बाद में उसका दोष किसी और पर लगा दिया जाता है। इसे कॉवर्ट ऑपरेशन भी कहते हैं यह एक ऐसी गतिविधि है, जिसमें कोई एक व्यक्ति या समूह किसी दूसरे व्यक्ति, संगठन या देश पर दोष मढ़ने के लिए भ्रामक माहौल बनाने के लिए कोई घटना को अंजाम देता है। इस ऑपरेशन का मकसद होता है धोखे से यह विश्वास दिलाना कि कोई कार्रवाई किसी और (अक्सर दुश्मन देश या समूह) ने की है, जबकि असल में उसे किसी और ने अंजाम दिया होता है।

▪ 'फॉल्स फ्लैग' को लेकर पाक का क्या प्रापेगेंडा?
भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान के यूएनएससी का दरवाजा खटखटाने के बाद 'फॉल्स फ्लैग' चर्चा में आया। दरअसल, पाकिस्तान ने 'फॉल्स फ्लैग' के झूठ यानी हमला भारत की तरफ से ही कराया गया था, ऐसा दावा किया। हालांकि यूएनएससी ने इसे खारिज कर दिया। बल्कि पाक से यह सवाल पूछ लिया कि इस हमले के पीछे क्या लश्कर-ए-तैयबा शामिल है?

▪ कब-कब हुए 'फॉल्स फ्लैग' ऑपरेशन
अमेरिका में इस तरह के ऑपरेशन को नेशनल सिक्योरिटी एक्ट 1947 के तहत लाया गया। अमेरिका में सीआईए इस तरह के ऑपरेशंस को राष्ट्रपति के आदेश पर अंजाम देती है। वहीं कुछ विशेषज्ञों का दावा है कि 1933 का 'राइखस्टाग फायर' एक फॉल्स फ्लैग था जिससे नाजी पार्टी ने अपनी सत्ता मजबूत की। वहीं 1939 में जर्मनी ने 'ग्लिविट्ज घटना' को पोलैंड द्वारा किया गया हमला बताकर द्वितीय विश्व युद्ध शुरू किया।

बयान • अमेरिका पहुंचे कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी

कनाडा मेरे लिए खास जगहः ट्रम्प कुछ जगहें बिकाऊ नहीं होतीं: कार्नी

भास्कर न्यूज | वॉशिंगटन

कनाडा के नवनिर्वाचित पीएम मार्क कार्नी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने के लिए अमेरिका पहुंच चुके हैं। यह मार्क कार्नी की पीएम के तौर पर ट्रम्प से पहली मुलाकात है इस पर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। इस बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, 'कनाडा उनके लिए एक खास जगह हैं।' ट्रम्प का कहना है कि वह कनाडा के साथ दोस्ती चाहते हैं। उन्होंने मीडिया से कहा- हम कनाडा के साथ दोस्ती रखेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने वाले अपने बयान पर कायम हैं।

वहीं, ट्रम्प को जवाब देते हुए कनाडा के पीएम कार्नी ने कहा 'जैसा कि आप रियल एस्टेट के बारे में जानते हैं, कुछ जगह ऐसी होती हैं जो कभी बिकाऊ नहीं होती हैं। जैसे व्हाइट हाउस और बकिंघम पैलेस बिकाऊ नहीं हैं, वैसे कनाडा भी

बिकाऊ नहीं है, और न कभी होगा।' इस पर ट्रम्प ने चुटकी लेते हुए कहा 'न कभी न कहो'। इसके बाद कार्नी ने मुस्कुराते हुए कहा- कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं।

ट्रम्प ने कहा- कार्नी के कहने से कनाडा पर टैरिफ नहीं हटेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई, लेकिन अमेरिका अपनी कारें खुद बनाना चाहता है। हम कनाडा से कारें इंपोर्ट नहीं करना चाहते हैं। हम कनाडा से स्टील नहीं चाहते क्योंकि हम खुद स्टील बना रहे हैं।' जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या कार्नी उनसे कुछ ऐसा कह सकते हैं जिससे वह कनाडा पर टैरिफ हटा लें, तो राष्ट्रपति ट्रम्प ने जवाब दिया- नहीं।

सुप्रीम कोर्ट के जजों की संपत्ति

किसी जज ने पत्नी को लोन दिया, किसी का मकान गिरवी

जस्टिस बेला एम त्रिवेदीः अहमदाबाद की एक सोसायटी में मकान, जजेस सोसायटी में मकान निर्माणाधीन। म्यूचुअल फंड में 60 लाख, पीपीएफ-जीपीएफ में 26 लाख, 50 लाख रु. के जेवरात और 2015 मॉडल मारुति स्विफ्ट कार।

जस्टिस के विनोद चंद्रनः केरल के एर्नाकुलम में 4 एकड़ और पलक्कड़ में 2 एकड़ जमीन, म्यूचुअल फंड में 7.94 लाख निवेश, बैंक खाते में 82,955 रु., पत्नी के साथ ज्वाइंट खातों में 3 लाख जमा। एक होंडा कार है।

जस्टिस जेबी पारदीवालाः अहमदाबाद में एक मकान, गुजरात में पैतृक फार्म हाउस, कृषि भूमि। चार लाख के शेयर, म्यूचुअल फंड में 2.58 करोड़, जीपीएफ में 9.77 लाख निवेश। तीन कारें हैं। 90.52 लाख होम लोन। पत्नी के पास अहमदाबाद के इस्कान एम्पोरिया में एक ऑफिस, 22 लाख का निवेश शेयर और 1.72 करोड़ का म्यूचुअल फंड में।

जस्टिस राजेश बिंदलः मोहाली में 500 गज का मकान, अंबाला, चंडीगढ़ में दुकान में हिस्सा, 4.04 करोड़ का निवेश, 44 लाख की एफडी, जीपीएफ 1.39 करोड़। चार किलो चांदी, 150 ग्राम सोना, दो कारें हैं। 28 लाख रु. का लोन।

जस्टिस संजय करोलः दिल्ली की डिफेंस कालोनी में फ्लैट, 60 बीघा पुश्तैनी कृषि भूमि, शिमला में 33 बिस्वा जमीन। बैंक खाते में 13 लाख, जीपीएफ में 61 लाख हैं। पत्नी के खाते में 12 लाख रुपए और 750 ग्राम सोना है।

जस्टिस पंकज मित्तलः अहमदाबाद 2 फ्लैट, ग्रेटर नोएडा में 1.67 करोड़ का फ्लैट, म्युचुअल फंड में 3 लाख, 45 लाख की एफडी, 1.60 लाख के बॉन्ड, पीपीएफ-जीपीएफ में 1.57 करोड़ रु., 2 बैंक खातों में 5.30 लाख। सोने के 8 सिक्के, 4 अंगूठियां रत्नों की, 100 ग्राम सोना, 1 किलो चांदी, 100 चांदी के सिक्के। पत्नी व बेटी के पास 20-20 लाख रु. की ज्वेलरी है।

जस्टिस एसवीएन भट्टीः आंध्र के मदनपल्ली में 1 फ्लैट, 2 प्लॉट, तेलंगाना में 1 फ्लैट, जीपीएफ में 1.68 करोड़, एलआईसी में 19 लाख, पत्नी के खाते में 1 लाख, 2.22 करोड़ की एफडी, 1 जीप, 750 ग्राम की ज्वेलरी पत्नी के पास।

जस्टिस उज्जवल भुइयांः गुवाहाटी में पैतृक मकान, मुंबई में फ्लैट, पत्नी के पास असम में एक फ्लैट, 2500 रु. के शेयर, 23 लाख रु. की एफडी, 8 लाख रु. की बीमा पॉलिसी, 16 लाख के जेवरात। 1.96 करोड़ का होम लोन।

जस्टिस सुधांशु घूलियाः देहरादून में 1900 गज का मकान, इससे हर महीने 1.40 लाख किराया आता है। नैनीताल में 1725 वर्ग फीट जमीन, पौड़ी गढ़वाल में 457 एकड़ की पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी, तीन बैंक खातों में 3.35 लाख जमा, जीपीएफ में 20 लाख रुपए, 2-2 लाख की 2 बीमा पॉलिसी। एक 2008 मॉडल की कार है जो बंद पड़ी है। इन्होंने 30.44 लाख रुपए के दो लोन। हल्द्वानी में एक मकान गिरवी रखा है।

जस्टिस संदीप मेहताः जोधपुर में 2 प्लॉट, एक मकान, पत्नी के पास 1 व्यवसायिक और 1 रिहायशी प्लॉट। म्युचुअल फंड में 1.20 करोड़ का निवेश। पीपीएफ में 27.65 लाख, जीपीएफ में 1.83 करोड़, बैंक खाते में 8 लाख रु.। 100 ग्राम सोना है। पत्नी को 42 लाख रु. लोन दिया। पत्नी के खाते में 17 लाख रु., पीपीएफ में 35 लाख और 600 ग्राम सोना है।

वर्ल्ड विंडो

जम्मूः अनियंत्रित बस गहरी खाई में गिरी, दो सैनिक सहित 4 यात्रियों की मौत, 44 घायल

जम्मू| जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। एक निजी बस के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से दो सैनिक सहित चार यात्रियों की मौत हो गई और 44 अन्य घायल हो गए। बस घनी गांव से मेंढर जा रही थी, तभी सुबह करीब 9.20 बजे मानकोट इलाके में सांगरा के पास यह हादसा हुआ। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

बांग्लादेशः ब्रिटेन में चार महीने तक इलाज के बाद देश लौटीं पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया

ढाका| बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया चार महीने के इलाज के बाद मंगलवार को लंदन से वापस देश लौट आईं हैं। ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में जिया के समर्थक मौजूद थे। उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं ने उम्मीद जताई है कि जिया मौजूदगी से अंतरिम सरकार द्वारा शासित देश में लोकतंत्र की बहाली में मदद मिलेगी।

जर्मनीः नाटकीय अंदाज में जीते मत्स, 10वें चांसलर बने

एजेंसी | बर्लिन

बर्लिन में हुए ऐतिहासिक घटनाक्रम में कंजरवेटिव नेता फ्रेडरिक मत्स जर्मनी के नए चांसलर बन गए। हालांकि पहले दौर में उन्हें अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा था। पहले दौर में 310 वोट हासिल करने वाले मत्स को दूसरे दौर में 325 वोट मिले, जो बहुमत के लिए आवश्यक 316 से अधिक था। यह जर्मन इतिहास में पहली बार हुआ कि कोई चांसलर उम्मीदवार पहले दौर में हार गया हो। मत्स की जीत यूरोप के लिए अहम मानी जा रही है, खासकर यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों के दौर में। मत्ज के सामने अर्थव्यवस्था, रक्षा व आंतरिक स्थिरता जैसी चुनौतियां होंगी।

मौसम • राजस्थान के 14 जिलों में भी ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

गुजरात में तूफान और बारिश से 24 घंटे में 14 लोगों की मौत, 3 दिन का अलर्ट

भास्कर न्यूज |अहमदाबाद/नई दिल्ली

गुजरात में बीते 24 घंटे के दौरान आंधी, बिजली गिरने और बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। खेड़ा, गांधीनगर, मेहसाणा और वडोदरा जिलों में 40 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। तेज हवाओं से कई जिलों में पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे गिर गए वहीं कुछ घर भी ढह गए। दाहोद जिले के लिमखेड़ा में तेज हवाओं के कारण आग फैलने से दर्जनों झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 3 कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। उधर,

तेज हवा से आम की फसल को नुकसान।

मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को तेज हवाओं से बचाव के लिए सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। बिहार के सभी जिलों में भी तेज आंधी, बारिश और बिजली की चेतावनी जारी की गई है।

विक्ट्री डे परेड से पहले मॉस्को में बड़ा ड्रोन हमला

मॉस्को/कीव | रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष जारी है। 9 मई को रूस में विक्ट्री डे परेड से पहले, 5-6 मई की रात यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन हमले किए। यूक्रेन ने 100 से अधिक ड्रोन दागे, जिनमें से 19 मॉस्को तक पहुंचे। इन हमलों के कारण मॉस्को के चार बड़े एयरपोर्ट्स को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। ड्रोन हमले के कुछ ही घंटों बाद, रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इन हमलों में खारकीव के एक व्यस्त बाजार क्षेत्र को निशाना बनाया गया, जिससे चार लोग घायल हो गए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं। विक्ट्री डे परेड में चीन के शी जिनपिंग सहित लगभग दो दर्जन विदेशी नेताओं के भाग लेने वाले हैं।

भास्कर खास एक्सिओम-4 मिशन पर इस महीने के आखिर में दो हफ्तों के लिए अंतरिक्ष जाएंगे शुभांशु

अंतरिक्ष में मूंग की दाल-गाजर का हलवा खाएंगे और आम रस पीएंगे ग्रुप कैप्टन शुभांशु, नासा ने विशेष अनुमति दी

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

एक्सिओम-4 मिशन में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने वाले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष प्रवास के दौरान मूंग की दाल, गाजर का हलवा खाएंगे और आम रस पीएंगे। इसरो ने इसके लिए नासा से विशेष अनुमति हासिल की है। इंडियन लैब्स में तैयार हलवे का रेडी-टू-ईट पैकेट व आम रस का पाउच नासा भेजा जा चुका है। शुभांशु को अंतरिक्ष प्रवास के दौरान जब भी इन्हें खाने का मन होगा तो वे इसे स्पेस स्टेशन में मौजूद हीटर से गर्म करके खा सकेंगे। इसरो अधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि तीनों व्यंजन नासा के स्पेस फूड के मानकों के मुताबिक ही तैयार किए गए हैं। हालांकि अंतरिक्ष में केवल इन व्यंजनों के दम पर कोई जिंदा नहीं रह सकता, इन्हें महज स्वाद बढ़ाने के लिए भेजा जा रहा है। बाकी के स्पेस फूड नासा की ओर से ही जाएंगे। मालूम हो, कैप्टन शुक्ला मई के अंत में दो हफ्ते के लिए अंतरिक्ष जाने वाले हैं। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

इसरो अधिकारी ने बताया कि स्पेस स्टेशन में कुछ भी पकाने की व्यवस्था नहीं है। वहां सबकुछ पैकेटबंद रेडी-टू-ईट भोजन उपलब्ध होता है। हालांकि कुछ चीजों को पहले हीटर पर गर्म किया जाता है।

गगनयान मिशन के मैन्यू में भी कई चीजें

ये तीनों व्यंजन गगनयान के विस्तृत फूड मैन्यू का हिस्सा हैं। इसरो इडली, उपमा, पुलाव, बिरयानी, करी, दाल, सूजी का हलवा, फलों के रस, चपाती सहित वैजिटेरियन व नॉन-वैजिटेरियन व्यंजन बनाने में जुटा है।

गगनयानः अब 5 हिस्से में, पहला साल के अंत में

- गगनयान मिशन में अब पांच हिस्से होंगे -तीन मानव रहित मिशन और दो मानव मिशन। पहला मानव रहित मिशन इसी साल दिसंबर में लॉन्च होगा। केवल पहले मिशन में व्योममित्रा नामक ह्यूमैनॉइड (अर्धमानव रोबोट) को भेजा जाएगा। इसके बाद हर छह महीने में अगले दोनों मानव रहित मिशन जाएंगे। दोनों मिशनों में रोबोट नहीं होगा। पहला मानव युक्त मिशन 2027 की पहली तिमाही में लॉन्च होगा।
- इसरो चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने मंगलवार को बताया कि शुरुआत में गगनयान मिशन के केवल तीन हिस्से थेः दो अनक्रू मिशन और एक क्रू मिशन। मानव मिशन को फूल प्रूफ बनाने के लिए न केवल परीक्षण के लिए एक और मानव रहित मिशन बढ़ाया गया है, बल्कि दूसरा मानव युक्त मिशन भी जोड़ा गया है। मिशन के तहत भारतीय जमीन से उड़ान भरकर भारतीय अंतरिक्षयात्री पृथ्वी की कक्षा में 3 दिन से एक हफ्ते परिक्रमा कर धरती पर लौटेंगे।

यूएनडीपी रिपोर्ट • आईसलैंड, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड व डेनमार्क एचडीआई में सबसे आगे

भारत मानव विकास रैंकिंग में 3 पायदान बेहतर; एआई में टॉप, 6 वर्ष में 13.5 करोड़ गरीबी से बाहर

भास्कर न्यूज | जिनेवा

भारत ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में प्रगति करते हुए तीन पायदान की छलांग मारी है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की 2025 ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब 180 देशों की सूची में 130वें स्थान पर है। भारत का एचडीआई स्कोर बढ़कर 0.685 हो गया, जो 2022 में 0.676 था। भारत 'उच्च विकास' की सीमा (0.700) के और करीब आ गया है। आईसलैंड, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड व डेनमार्क रैंकिंग में शीर्ष पर हैं।

भारत ने 2015-16 से 2019-21 के बीच (6 वर्ष) मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी (बहुआयामी गरीबी) से 13.5 करोड़ लोगों को बाहर निकाला है। भारत की जीवन प्रत्याशा अब 72 वर्ष हो गई है, जो महामारी से उबरने के संकेत है। वहीं, औसत स्कूली शिक्षा की अवधि 13 वर्ष तक पहुंच गई है, जबकि 1990 में यह केवल 8.2 वर्ष थी। भारत अब दुनिया में सबसे अधिक एआई स्किल वाला देश बन गया है। आज 20% भारतीय एआई शोधकर्ता भारत में ही रहकर काम कर रहे हैं। 70% निम्न और मध्यम एचडीआई देशों के लोगों को लगता है कि एआई उनकी उत्पादकता बढ़ाएगा। रिपोर्ट में इन उपलब्धियों को आयुष्मान भारत, मनरेगा, शिक्षा के अधिकार कानून व अन्य योजनाओं से जोड़ा गया है।

चिंता... मानव विकास की रफ्तार 35 साल में सबसे धीमी

दुनियाभर में मानव विकास की रफ्तार 35 वर्ष में इस साल सबसे धीमी है। अमीर-गरीब देशों के बीच का फासला लगातार चौथे वर्ष बढ़ा है। जीवन प्रत्याशा व आय वृद्धि की खाई भी चौड़ी हुई है। यूएनडीपी ने चेताया है कि अगर सुस्ती बनी रही तो 2030 (विकास लक्ष्यों की समयसीमा) के लक्ष्य से दशकों पीछे हो जाएंगे। एचडीआई की धीमी रफ्तार की बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अंतरराष्ट्रीय मदद में कटौती भी है। इससे दक्षिण एशिया सबसे प्रभावित हुआ है। बता दें कि एचडीआई स्कोर- स्वास्थ्य, शिक्षा व आय तीन प्रमुख क्षेत्रों में हो रहे विकास के स्तर पर मापा जाता है।

मेट गाला 2025: भारत की 7 हस्तियों ने लिया हिस्सा; शाहरुख, कियारा और दिलजीत दोसांझ ने डेब्यू किया

न्यूयॉर्क| मेट गाला 2025 का आयोजन न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में हुआ। इस साल भारत की ओर से शाहरुख खान, कियारा आडवाणी , दिलजीत दोसांझ सहित 7 हस्तियों ने हिस्सा लिया। इस साल मेट गाला थीम सुपरफाइन टेलरिंग ब्लैक स्टाइल रखी गई। मेट गाला की शुरुआत 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी। इस फैशन शो में देश-विदेश के सितारे एक से बढ़कर एक आउटफिट पहनकर शिरकत करते हैं। आयोजन मई के पहले सोमवार को होता है।

शाहरुख यहां पहले भारतीय मेल एक्टर

शाहरुख खान ने मेट गाला 20 25 में इतिहास रच दिया। वे इस फैशन इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय पुरुष अभिनेता बन गए। सब्यसाची मुखर्जी के डिजाइन किए गए खास आउटफिट में शाहरुख सिग्नेचर पोज देते नजर आए।

दिलजीत की महाराज जैसी पोशाक

दिलजीत दोसांझ यहां पहुंचने वाले पहले पंजाबी गायक और अभिनेता बने। उन्होंने पारंपरिक पंजाबी अंदाज में एंट्री की। वे प्रबल गुरुंग की डिजाइन की हुई खास पोशाक पहनी थी, जो पटियाला के महाराज के पहनावे जैसी दिखती है।



ईशा ने 20 हजार घंटों में तैयार ड्रेस पहनी

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी इंडियन डिजाइनर अनामिका खन्ना का डिजाइन किया हुआ खास आउटफिट पहना। इस केप को तैयार करने में 20 हजार घंटे लगे। इसे डायमंड ज्वेलरी से और खास बनाया।

कमला हैरिस मेट गाला में पहली बार

अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने पहली बार मेट गाला में शिरकत की। वहीं, टेनिस सुपरस्टार और फैशन आइकन सेरेना विलियम्स ने इस बार एक्वा-ब्लू कलर की ड्रेस पहनी, जो ऑफ-शोल्डर स्ट्रैप्स के साथ थी।

तीसरी बार केरल का कालीन दिखा

मेट गाला 2025 इवेंट में मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट की सीढ़ियों पर बिछे रॉयल ब्लू रंग के खास कालीन को केरल की कंपनी वस्त्राविवके ने तैयार किया है । लगातार तीसरी बार कंपनी का कालीन इस इवेंट का हिस्सा बना है।

न्यूज ब्रीफ

ऑक्सफोर्ड: 20 साल बाद लौटाई लाइब्रेरी की किताबें

एजेंसी| ब्रिटेन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के लेडी मार्गरेट हॉल कॉलेज की लाइब्रेरी को एक पूर्व छात्र ने 20 साल पहले ली गई तीन किताबें लौटाई हैं। इन किताबों के साथ एक हाथ से लिखा माफीनामा भी भेजा गया है, जिसमें छात्र ने देरी के लिए माफी मांगी है। लाइब्रेरियन ने कहा कि 20 साल बाद सही, लेकिन लौटाईं तो सही। सब माफ है। पूर्व छात्र ने लिखा कि उन्होंने ये किताबें अंडरग्रेजुएट स्टूडेंट रहते हुए ली थीं और हाल ही में जब वे किताबों के पुराने बॉक्स छांट रहे थे, तब ये मिल गईं।

60 साल से लापता महिला जिंदा मिली, अब भी स्वस्थ

एजेंसी| वाशिंगटन अमेरिका के विस्कॉन्सिन से 60 साल पहले लापता हुई ऑड्री बैकबर्ग को पुलिस ने डीएनए तकनीक की मदद से खोज निकाला है। 1962 में 20 साल की उम्र में घर छोड़ने वाली ऑड्री अब स्वस्थ हैं। सॉक काउंटी शेरिफ ऑफिस ने पुष्टि की है कि ऑड्री ने अपनी मर्जी से घर छोड़ा था। ऑड्री की बहन के अनसेस्ट्रि.कॉम अकाउंट से मिले सुराग के आधार पर शेरिफ ऑफिस के डिटेक्टिव इसाक हैनसन ने स्थानीय पुलिस की मदद से ऑड्री को खोजा।

वीजा एआई एजेंट्स को खरीदारी के लिए पेमेंट एक्सेस देगा...

अब आपके लिए क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग भी कर देगा एआई

एजेंसी| सैन फ्रांसिस्को

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एजेंट्स सिर्फ चैटबॉट नहीं रहेंगे, बल्कि आपके लिए दिनचर्या के काम भी करेंगे। वीसा ने एक नई पहल की है, जिसमें एआई एजेंट्स को आपकी शॉपिंग करने के लिए क्रेडिट कार्ड की एक्सेस दी जाएगी। यूजर को सिर्फ बजट और पसंद बतानी होगी, बाकी काम एआई एजेंट करेगा। वह आपके लिए स्वेटर, हफ्ते भर की ग्रॉसरी या फ्लाइट टिकट तक खरीद सकता है।

वीजा ने पिछले महीने ओपनएआई जैसी प्रमुख एआई कंपनियों के साथ साझेदारी की घोषणा की। इन कंपनियों के एआई सिस्टम को वीजा के पेमेंट नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा वीसा आईबीएम, ऑनलाइन पेमेंट कंपनी स्ट्राइप और सैमसंग के साथ भी इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।

... लेकिन चुनिंदा चीजें खरीदेगा

वीसा के चीफ प्रोडक्ट और स्ट्रैटेजी ऑफिसर जैक फॉरेस्टेल का मानना है कि एआई एजेंट्स हर तरह की खरीदारी नहीं करेंगे। रोजमर्रा की बोरिंग चीजें जैसे ग्रॉसरी, होम इम्प्रूवमेंट या ट्रैवल बुकिंग जैसी जटिल चीजों के लिए ये मददगार होंगे। लेकिन लग्जरी आइटम्स की खरीदारी में लोग खुद शामिल होना पसंद करते हैं। ऐसे मामलों में एआई एजेंट्स बैकग्राउंड में रहकर मदद करेंगे।

खर्च पर रहेगा यूजर का कंट्रोल

फॉरेस्टेल ने कहा कि यूजर अपने एआई एजेंट को खर्च की सीमा और शर्तें पहले से बता सकेगा। शुरुआत में एजेंट्स हर खरीदारी से पहले यूजर से मंजूरी लेंगे, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें कुछ हद तक खुद से खर्च करने की छूट दी जा सकती है। जैसे कि 1500 डॉलर तक किसी भी एयरलाइन से टिकट बुक कर दो।

भीड़ में भी अब आपके कानों तक पहुंचेगी आवाज, बिना हेडफोन सुन सकेंगे म्यूजिक

एजेंसी। न्यूयॉर्क

अब आप बिना हेडफोन लगाए म्यूजिक सुन सकेंगे, वो भी बिना किसी और को डिस्टर्ब किए। वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे आवाज को सिर्फ एक खास जगह या व्यक्ति तक ही पहुंचाया जा सकता है। इसे 'ऑडिबल एन्क्लेव' यानी 'ध्वनि का निजी क्षेत्र' कहा जा रहा है। इस तकनीक में आवाज हवा में खुद को मोड़ सकती है और सिर्फ उस जगह पर सुनाई देती है, जहां उसे पहुंचना है। बाकी जगहों पर वह पूरी तरह शांत रहती है। इससे भीड़ में भी आप किसी से निजी बातचीत कर सकते हैं, बिना किसी और के सुनने के। वैज्ञानिकों ने अल्ट्रासाउंड बीम्स और नॉनलाइनियर ध्वनि सिद्धांत का इस्तेमाल किया है। अल्ट्रासाउंड यानी ऐसी ध्वनि तरंगें, जो 20 किलोहर्ट्ज से ऊपर होती हैं और इंसान उन्हें नहीं सुन सकता।

खिलौनों में मौजूद भारी धातुएं भी बच्चों में ऑटिज्म का कारण बन सकती हैं: स्टडी

एजेंसी| नई दिल्ली

बच्चों के खिलौनों, पेंट, बैटरियों, पानी और यहां तक कि हवा में मौजूद भारी धातुएं उनके दिमागी विकास को प्रभावित कर सकती हैं। एम्स दिल्ली की एक स्टडी में सामने आया है कि इन धातुओं के संपर्क में आने से बच्चों में एएसडी का खतरा बढ़ सकता है। यह एक न्यूरोलॉजिकल और डेवलपमेंटल समस्या है, जो बच्चों के सामाजिक व्यवहार और संवाद को प्रभावित करती है। एम्स के पीडियाट्रिक्स डिपार्टमेंट की चाइल्ड न्यूरोलॉजी डिवीजन की इंचार्ज डॉ. शेफाली गुलाटी ने यह स्टडी की है। इसमें 500 एएसडी से पीड़ित बच्चों और 100 सामान्य बच्चों के ब्लड, यूरिन, बाल और नाखूनों के सैंपल लिए गए।

TVS 5 YEAR WARRANTY

Finance Partners: L&T Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | TVS CREDIT | SHRIRAM Finance | HINDUJA LEYLAND FINANCE Lending... a helping hand

#Ex-showroom price of TVS Sport ES variant in Delhi. Prices are subject to change without any prior notice. **Finance at the sole discretion of the financier and is valid with select financiers only. *T&C apply. Accessories shown may not be part of the standard fitment.

FOR ALL BULK/INSTITUTIONAL REQUIREMENTS PLEASE MAIL: corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत डीलर: फरीदाबाद: सोहन टीवीएस, एन.आई.टी., फो: 9211551530. उत्तम टीवीएस, निकट डीपीएस स्कूल, पुराना फरीदाबाद, फो: 9560086699. शिवराम टीवीएस, नीलम बाटा रोड, फो: 8928858523. बल्लभगढ़: रॉयल टीवीएस, सेक्टर 5, फो: 9870192424, 9899242536. गुड़गाँव: चौधरी टीवीएस, ओल्ड दिल्ली रोड, फो: 8929592511. सिमरन टीवीएस, मारुती उद्योग लि. के सामने ओल्ड दिल्ली रोड, फो : 8743818888. सिमरन टीवीएस, सेक्टर 10, खांडसा रोड, फो: 8743042042. बी.डी. टीवीएस, सेक्टर-66, सोहना रोड, बादशाहपुर, फो: 9717061545, 9958059545. अहिंसा टीवीएस, मेन रेलवे रोड, फो: 9311299301. पलवल: वर्धमान टीवीएस, फो: 8929592514. नूंह (मेवात): कनपेकी टीवीएस, फो: 8929592505. अन्य केन्द्र: होडल: श्री बालाजी ऑटो सेल्स, फो: 09034914302. फरीदाबाद: परफैक्ट ऑटो मोबाइल्स, जवाहर कॉलोनी, फो: 8860718288. फरीदाबाद: मानविक मोटर्स, एन.आइ.टी. न. 5, फो: 9873025283. तिगावँ (फरीदाबाद): भाईसाहब इंटरप्राईसेस प्रा. लि., फो: 9999919467. सेहतपुर(फरीदाबाद): शगुन टीवीएस, फो: 8851807400. मोहना (फरीदाबाद): कुणाल टीवीएस, फो: 9306190004, 9466645530. ऐतमादपुर(फरीदाबाद): अजीत टीवीएस, फो: 7838330008, 9911888806. बाईपास सेक्टर-9, (फरीदाबाद): श्री गणेश टीवीएस, फो: 7042462882. बुढेना, सेक्टर-86 (फरीदाबाद): बालाजी टीवीएस, फो: 9899550220, 9899550270. बल्लभगढ़: सत्या टीवीएस, फो: 9899880505. बड़कल: रूद्र टीवीएस, फो: 8826110027. बल्लभगढ़: एस.नाथ ऑटो, फो: 0129-2242131, 9891958242. सोहना: मेट्रो ऑटोमोबाइल्स, फो: 9254077288. शिव टीवीएस, फो: 8930171414, 8930501414. पटौदी: बी.आर. ऑटोमोबाइल्स, फो: 9812212229. फारूखनगर: राव टीवीएस, फो: 9050973721. मानेसर: राव टीवीएस, फो: 9050973721. न्यू पालम विहार, गुड़गाँव: वानी टीवीएस, फो: 9999074746, 9289242555. पुन्हाना: जावेद टीवीएस,फो: 8572003358. EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर-9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI:MOISSANITE: आजादपुर - 8448386907 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी-9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किरारी 9821274603 बवाना-9821276084 कराला- 9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline tvs: जहांगीर पूरी - 9218039220बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर -9821264982 शाहीन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर -9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI:Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर -08527129911 MY TVS: दरियागंज- 6366448948 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक-Sec-7: 9870327413उत्तम नगरः-9870327453 KK TVS: नागलोई - 9821271618 विकास नगर: रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHANDTVS: नजफगढ़- 8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328 OM TVS, नीलम बाटा रोड, फरीदाबाद 8928858523 Sohan TVS: फरीदाबाद 8929592503 Uttam TVS: फरीदाबाद - 8929592504 Royal TVS: बल्लभगढ - 8929592575 Vardhman TVS: पलवल-8929592514 Simran Auto: गुरुग्राम 8928258523 Choudhary TVS: ओल्ड दिल्ली रोड- 8929592511 Barkat TVS: नूंह (मेवात) - 8929592505 BD TVS: बादशाह पुर - 8956257928.

प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादक: अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001